

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025 । वर्ष – 66 । अंक – 351 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



लालू यादव ने गरीबों को बसाया था, आज की सरकार हटाने का काम कर रही : तेजस्वी पृष्ठ 2
■ खतरनाक शिगूफा है 'एक राष्ट्र-एक संस्कृति'
■ कम्युनिस्ट आंदोलन के पुनर्जीवन की ओर पृष्ठ 6
■ ट्रंप व नेतन्याहू ने की गाजा बंधकों व टैरिफ पर चर्चा
■ बांग्लादेश में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड पृष्ठ 7
काश्वी गौतम, श्रीरणी और शुचि के रूप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम में तीन नए चेहरे पृष्ठ 8

### अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोले मल्लिकार्जुन खरगे

# गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर हो रहा कब्जा

■ अधिवेशन के पहले दिन सरदार पटेल से जुड़ा विशेष प्रस्ताव पारित

**अहमदाबाद**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के गढ़ गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन चल रहा है। अधिवेशन के पहले दिन मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल से जुड़ा हुआ एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। अहमदाबाद में सावरमती के किनारे कांग्रेस कार्य समिति की पहले दिन की बैठक संपन्न हुई। समें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सीडब्ल्यूसी ने भविष्य की रूपरेखा, जिला कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाने समेत संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने और



आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खरगे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खरगे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खरगे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

> हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है, मुद्दे उठाते रहना है : राहुल गांधी

**मोदी सरकार ने गांधी-अंबेडकर का अपमान किया**

खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने संसद परिसर से उनकी भव्य मूर्तियों को हटाकर और उन्हें एक कोने में रखकर गांधी और बाबा साहेब का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बाबा साहेब का मजाक उड़ाते हुए कहा कि आप लोग अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहते रहते हैं।

**कांग्रेस संविधान और इसके निर्माताओं की रक्षा करेगी**

खरगे ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और संविधान निर्माताओं दोनों का सम्मान करती है और इसकी रक्षा करना जानती है। सरदार पटेल साहेब हमारे दिलों में, हमारे विचारों में रहते हैं। हम उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। हमने इसी सोच को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद में सरदार पटेल संग्रहालय में सीडब्ल्यूसी की यह बैठक आयोजित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सुशासन तिहार

# समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आज से शुरू हुए राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक राज्य के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं।

राजधानी रायपुर में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राजधानी के विभिन्न वार्डों में पहुंच कर लोगों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन देने की अपील की। उन्होंने नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के कार्यालय और विभिन्न वार्डों में आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बिना किसी हिचक के आवेदन करने कहा।

महासमुंद जिले में कलेक्टोरेट, जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए कलेक्टर द्वारा 51 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### गांव-गांव, शहर-शहर में लगी समाधान पेटियां



सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे है। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो।सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### पंजाब में पूर्व मंत्री के घर ग्रेनेड फेंकने वाले पकड़े

**जालंधर**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया के घर पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने मामला सुलझा लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटना में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है। पंजाब पुलिस के सीनियर अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में बड़े खुलासे किए हैं।

### जयपुर में बेकाबू कार ने नौ को कुचला, तीन की मौत

**जयपुर**। जयपुर में सोमवार को तेज रफ्तार बेकाबू कार ने 9 लोगों को कुचल दिया। हादसे का शिकार हुए तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद अब मामले में बड़ी जानकारियां सामने आई है। जयपुर हिट एंड रन मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 9 लोगों को कुचलने वाले शख्स का कांग्रेस से कनेक्शन निकलकर आया है।

### राष्ट्रीय पार्टियों में भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2243 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला है। यह देश के राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सर्वाधिक है। चुनाव से संबंधित एक संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। यह रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर आधारित है। इन आंकड़ों में 20 हजार रुपए से अधिक के राजनीतिक चंदे के बारे में जानकारी दी गई है।

### मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस राशिद का किया स्वागत

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था।

# मुर्मु को पुर्तगाल में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान

**नई दिल्ली**, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पुर्तगाल की यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुर्मु को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-



साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा द्वारा पलासियो दा अजुडा में उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया।

# आज से लागू हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम

■ अधिसूचना जारी

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम 1995 के प्रावधानों को 8 अप्रैल 2025 से लागू करने की घोषणा कर दी है। इस संबंध में केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि अधिनियम के प्रावधान इसी तिथि से प्रभावी होंगे।

वक्फ अधिनियम देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। इसके तहत वक्फ बोर्डों का गठन, संपत्तियों की देखरेख, आय-व्यय का लेखा-जोखा और विवाद निवारण की प्रक्रिया तय की जाती है।

केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई यह तिथि वक्फ प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्या है वक्फ अधिनियम ?**

वक्फ अधिनियम 1995 मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक, परोपकारी या सामाजिक कार्यों हेतु दी गई संपत्तियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया कानून है। इस अधिनियम के तहत वक्फ बोर्डों को कानूनी अधिकार प्राप्त होते हैं, ताकि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। सरकार की यह पहल वक्फ संपत्तियों में चल रहे विवादों को सुलझाने और उनके बेहतर उपयोग की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा



**मुर्शिदाबाद**, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। दरअसल, 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल को पास किया गया था। 12 अप्रैल की देर रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को मंजूरी दे दी थी, जिससे अब ये कानून बना। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

**जम्मू-कश्मीर विस में भिड़े नेकां व भाजपा विधायक**

**जम्मू**। लगातार दूसरे दिन भी कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को वक्फ बिल को लेकर नेशनल कांफ्रेंस और कश्मीर आधारित विपक्षी दलों के बीच झड़प के साथ हंगामा हुआ। जबकि नेकां के विधायक वक्फ बिल पर उनके द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

# नगरनार स्टील प्लांट में भीषण आग नहीं हुई कोई जनहानि, करोड़ों का नुकसान

**जगदलपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक के बाद भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि 10 किलोमीटर दूर से लपटें और धुआं साफ नजर आ रहे थे, प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं।



फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे से प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, मेंटनेंस और उत्पादन में देरी से भी बड़ा घाटा होगा। इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई। आग लगते ही पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई, कर्मचारी जान बचाने में जुटे रहे, वहीं अधिकारी हालात को रूटीन बताकर कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने का दबाव बनाते रहे। चिंता की बात यह है कि पूर्व में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कैबिनेट विस्तार कभी भी : साय



**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों की उत्सुकता अब और ज्यादा बढ़ गई है कि छत्तीसगढ़ कैबिनेट का विस्तार आखिर कब हो रहा है। सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट विस्तार पर मंगलवार को कहा कि इंतजार कीजिए, कभी भी हो सकता है। श्री साय ने दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा में ये बातें कही। सीएम के बयान के बाद कैबिनेट विस्तार होने के आसार हैं। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और पार्टी के राष्ट्रीय सहमहामंत्री शिवप्रकाश रायपुर पहुंच रहे हैं। ऐसे में अगले दो-तीन दिनों के भीतर कैबिनेट विस्तार की अटकलें लगाई जा रही है। वैसे देखा जाए तो अभी कैबिनेट में दो पद खाली हैं, लेकिन चर्चा है कि तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं। इस सिलसिले में हरियाणा विधानसभा का उदाहरण दिया जा रहा है। पार्टी हल्कों में कई नाम चर्चा में हैं। इनमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, दुर्ग के विधायक गजेन्द्र यादव, पुरन्दर मिश्रा, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का नाम चर्चा में है।

### नवा रायपुर में स्थापित होगी राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी

■ 10 एकड़ जमीन का चिन्हांकन

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग 10.03 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। यह भूमि सेक्टर-33 के ग्राम उपरवारा क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 40,614.216 वर्गमीटर है। मिली जानकारी के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### छग हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार

### चीफ जस्टिस सिन्हा ने वर्चुअली की मामलों की सुनवाई

**बिलासपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में पहली बार हुआ, जब किसी जस्टिस ने वर्चुअली किसी मामले की सुनवाई की है। कोरोना काल में वर्चुअल सुनवाई का दौर शुरू हुआ था। लेकिन तब याचिकाकर्ता और प्रमुख पक्षकारों के अधिवक्ताओं को वर्चुअल जुड़ने की छूट थी। वे वर्चुअल जुड़कर अपने मामलों की पैरवी किया करते थे। वहीं जज हाई कोर्ट में बैठकर सुनवाई करते थे।

दरअसल, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता की तबीयत खराब है, इसलिए वे बीते कुछ दिनों से इलाज के लिए उन्हें लखनऊ लेकर गए हैं। मां की बीमारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी शिद्दत के साथ निभाई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मामलों मुकदमों की बढ़ती संख्या और याचिकाकर्ताओं की परेशानी को देखते हुए डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में लगे मामलों की सुनवाई करने का फैसला किया, और लखनऊ से सीधे वर्चुअल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मासूम से दुष्कर्म और हत्या मामला

# हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग में मासूम से दुष्कर्म और हत्या मामले में वैदेही सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने सोसाइटी की संचालिका पायल नगरानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई करने और पीड़ित परिवार को वित्तीय सहायता देने की मांग की गई है।

दायर याचिका में पुलिस अधिकारियों की जांच पर भी सवाल उठाए गए हैं। वैदेही फाउंडेशन की संचालिका पायल नचरानी ने याचिका को लेकर कहा कि मामले में कई सबूत बाहर आने से बचाया जा रहा है। आरोपी के पीछे राजनैतिक कनेक्शन है, जिसके चलते उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। याचिका दायर कर हमने न्यायालय से मांग की है कि पुलिस को जांच के दायरे में लाया जाए और मामले में जल्द से जल्द सुनवाई कर आरोपी को फांसी की सजा दी जाए।

**कोई भी वकील नहीं लड़ेगा आरोपी का केस**

वहीं इस मामले में आरोपी का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेंगे। यह निर्णय दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ की बैठक में लिया गया। अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने कहा, जिले के इतिहास के लिए कल काला दिन था। हमारी संघ ने फैसला लिया है कि कोई भी वकील आरोपी का केस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## मौसम

### मध्य प्रदेश के 23 जिलों में पारा 40 पार, 13 राज्यों में बारिश के आसार

# देश के नौ राज्यों में लू की चेतावनी

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है। नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है।**

*भारतीय मौसम विभाग ने मंगलवार को राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार है। इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। सोमवार को बाड़मेर शहर का तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। मध्यप्रदेश में गत दिनों को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल में आज लू चलने की चेतावनी है। इनके अलावा, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। देश के ज्यादातर हिस्सों में अगले दो दिन लू और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात और दिल्ली-एनसीआर में तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री ऊपर बना रहेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी में कई जगहों पर लू जारी रहेगी। वहीं बिहार, झारखंड, पूर्वोत्तर राज्यों और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी बिजली गिरने और तेज़ हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में 9, 10 अप्रैल को बारिश और ओले गिर सकते हैं।*

### भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आएंगे रायपुर

■ कल महामंत्रियों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लेंगे बैठक

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश कल यानी 9 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैक टू बैक बैठकें करेंगे। वे आज रात रायपुर पहुंचेंगे। निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में हुई नियुक्ति के बाद यह उनका पहला दौरा है। साय मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच उनका दौरा काफी अहम माना जा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच** — कांग्रेस ने भारत के महान नेताओं, जैसे सरदार पटेल और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और उसके बाद कुछ ऐसे महापुरुष थे, जिनका कद जवाहरलाल नेहरू के समकक्ष था, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उन्हें नकारा और उनका अपमान किया : **अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 22.4 |
| मुंबई | 34.6 | 23.6 |
| कोलकाता | 35.3 | 26.2 |
| चेन्नई | 35.3 | 26.4 |

# लालू यादव ने गरीबों को बसाया था, आज की सरकार हटाने का काम कर रही : तेजस्वी

■ **तेजस्वी यादव ने मुसहर भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम में लोगों को किया संबोधित**



**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार 20 साल से बिहार में है, लेकिन इस दौरान गरीब और गरीब हुआ तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि अगर राजद के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन सरकार बन जाती है तो मुसहर समाज को बसाने का काम किया जाएगा : तेजस्वी यादव, नेता राजद**

**पटना,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों को बसाने का काम किया था, जबकि आज की सरकार उन्हें हटाने और उजाड़ने का काम कर रही है।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मुसहर भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजद की विचारधारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने की लड़ाई लड़ना है। उन्होंने दावा किया कि लालू यादव ने बतौर मुख्यमंत्री इस समाज के लिए जो काम किया, वैसा काम किसी अन्य मुख्यमंत्री ने नहीं किया। लोकतंत्र में जनता ही मालिक होती है और जनता के दुख-दर्द को सरकार को दूर करना चाहिए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार 20 साल से बिहार में है, लेकिन इस दौरान गरीब और गरीब हुआ तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। तेजस्वी यादव ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि अगर राजद के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन सरकार बन जाती है तो मुसहर समाज को बसाने का काम किया जाएगा। गरीबों को जमीन दी जाएगी और रहने के लिए घर बनाया जाएगा।

### शराबबंदी के नाम पर गरीबों को जेल भेजा जा रहा

उन्होंने शराबबंदी कानून की चर्चा करते हुए कहा कि शराबबंदी के नाम पर गरीबों को जेल भेजा जा रहा है और चुनाव के समय हिंदू, मुस्लिम नाम लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा जनता को मंदिर और मस्जिद के नाम पर लड़ा कर वोट लेती है।

### भाजपा 'आरक्षण चोर' और 'आरक्षण खोर' पार्टी: तेजस्वी

भाजपा को 'आरक्षण चोर' और 'आरक्षण खोर' पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि आरक्षण से इस समाज के लोग आगे बढ़ सकें। बिहार को गरीबी, पलायन और बेरोजगारी के मामले में देश में नंबर वन बना दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब पुरानी सरकार को हटाकर नई सरकार बनाएं जो तेज रफ्तार से बिहार का विकास कर सके। तेजस्वी यादव ने कहा, 'मुझे पांच साल मौका दीजिए। उम्र कच्ची है, मगर जुबान पक्की है।'

## राजद ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगायी है। बिहार राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि नेता प्रतिपक्ष तजस्वी यादव ने वक्फ संशोधन विधयेक का सदन से लेकर सड़क और कानूनी प्रक्रिया में जाने का जो संकल्प लिया था उसे अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ राजद की ओर से राज्यसभा सांसद प्रो. मनोज कुमार झा, मो. फैयाज अहमद और विधायक मो. नेहालुद्दीन की ओर से न्याय के लिए तीन याचिका सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से दी गई है, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह का दावा, कहा

# तीन और समूहों ने हुर्रियत से खुद को अलग किया

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह कश्मीर के भीतर भारत के संविधान में लोगों के भरोसे का एक प्रमुख प्रदर्शन है : अमित शाह**

■ **केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक स्थिति बदली**

**जम्मू,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि जम्मू कश्मीर में तीन और अलगाववादी-गठबंधन संगठनों ने हुर्रियत कांफ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है, इसे कश्मीर के भीतर भारतीय संविधान में बढ़ते भरोसे का एक मजबूत संकेत बताया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह कश्मीर के भीतर भारत के संविधान में लोगों के भरोसे का एक प्रमुख प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के विजन को और भी बल मिला है क्योंकि 11 ऐसे संगठन अब अलगाववाद से दूर हो गए हैं और भारतीय संघ को समर्थन दिया है। नवीनतम घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक सामान्य स्थिति और लोकतांत्रिक ढांचे में बढ़ी हुई भागीदारी का वादा कर रही है।

तीन वरिष्ठ अलगाववादी नेता मोहम्मद यूसुफ नकाश, हकीम अब्दुल रशीद और बशीर अहमद अंद्राबी ने सार्वजनिक रूप से अलगाववाद को त्याग दिया और हुर्रियत कांफ्रेंस के विभिन्न धड़ों से खुद को अलग कर लिया। ये तीनों नेता मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले हुर्रियत धड़े से संबंधित थे। मोहम्मद यूसुफ नकाश जम्मू कश्मीर इस्लामिक पालिटिकल पार्टी के प्रमुख थे, हकीम अब्दुल रशीद जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग के अध्यक्ष थे, जबकि बशीर अहमद अंद्राबी कश्मीर फ्रीडम फ्रंट का नेतृत्व करते थे। इन नेताओं ने अलग-अलग लेकिन लगभग एकसमान बयानों में भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताई और अलगाववादी एजेंडे से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया।

जानकारी के लिए आल पार्टीज हुर्रियत कांफ्रेंस (एपीएचसी) का गठन 1993 में कश्मीर में उग्र आतंकवाद के दौर में हुआ था। यह संगठन संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के आधार पर कश्मीर मुद्दे के समाधान की वकालत करता थां अपने शुरुआती दिनों में एपीएचसी 20 से अधिक राजनीतिक, धार्मिक, व्यापारिक और नागरिक समाज संगठनों का एक समूह था। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और प्रभाव में कमी आई है, और अब इसके कई सहयोगी संगठन और नेता इससे किनारा कर रहे हैं।

## अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों के परिजनों को सौंपे अनुकंपा नियुक्ति पत्र

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस की सराहनीय भूमिका को सराहा। शाह ने सोमवार को जम्मू राजभवन में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'जम्मू-कश्मीर की शांति और सुरक्षा में जम्मू-कश्मीर पुलिस सराहनीय भूमिका निभा रही है। आज जम्मू राजभवन में जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों के परिजनों से संवाद कर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित, शांत और स्थिर बनाने में अपना बलिदान देने वाले अमर जवानों को नमन करता हूं। वीर सुरक्षाकर्मियों के त्याग और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।'

## सार संक्षेप

### बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों के वेतन-भत्ते में वृद्धि का निर्णय

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक पदों के सृजन की मंजूरी मिल गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय के अंतर्गत राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के 3,300 से अधिक पदों के सृजन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे इस चुनावी वर्ष में बड़ी संख्या में नौकरियां देने का मार्ग खुल गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग एवं अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन के लिए आवश्यक विभिन्न स्तर के कुल 20,016 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

### सिंगापुर के स्कूल में आग लगने से पवन कल्याण का 7 वर्षीय बेटा शंकर झुलसा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री-अभिनेता पवन कल्याण के छोटे बेटे मार्क शंकर के सिंगापुर स्थित स्कूल में आग लग गई, जिसमें वह झुलस गया। पवन कल्याण की पार्टी जन सेना के अनुसार, इस घटना में सात वर्षीय शंकर के हाथ और पैर झुलस गए हैं। उसे धुएं के कारण भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अल्लूरी सीतारामराजू जिले के दौरे पर गए अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण को यह खबर मिली। वे जिले के अपने दौरे को बीच में छोड़कर सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। जन सेना के अनुसार, पार्टी नेताओं ने उन्हें सिंगापुर रवाना होने का सुझाव दिया। हालांकि, पवन कल्याण ने नेताओं से कहा कि उन्होंने सोमवार को आदिवासियों से वादा किया था कि वे अराकू के पास कुरीडी गांव का दौरा करेंगे और उनकी समस्याओं के बारे में जानेंगे।

### बिहार में ट्रक और कार की टक्कर, दुल्हन सहित चार की मौत

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कार पर सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी के लिए कुछ लोग नवगछिया गए थे। नवगछिया में मंदिर में शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे

## अल्लाह ने मुझे किसी वजह से जीवित रखा है : शेख हसीना

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल, (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि अल्लाह ने उन्हें किसी वजह से जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि वह दिन भी आएगा जब अवामी लीग के सदस्यों को निशाना बनाने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत कर रही थीं। पिछले अगस्त में शेख हसीना को बांग्लादेश की सत्ता छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। वह अपना देश छोड़ भारत आ गई थीं।



हसीना ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस पर निशाना साधा और उन्हें 'ऐसा व्यक्ति बताया जिसने कभी लोगों से प्यार नहीं किया।' बांग्लादेश की पूर्व पीएम ने कहा, 'उन्होंने ऊंची ब्याज दरों पर छोटी रकम उधार दी और उस पैसे का इस्तेमाल विदेश में शान-शौकत से रहने में किया। हम तब उसे समझ नहीं पाए, इसलिए हमने उसकी खूब मदद की। लेकिन लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ। उसने खुद के लिए अच्छा किया। फिर उसने सत्ता की ऐसी लालसा पैदा की जो आज बांग्लादेश को जला रही है।'

## दलाई लामा 300 लोगों के 'स्वतंत्रता पथ' पर जाने से हुए अभिभूत

**धर्मशाला,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा हाल ही में संपन्न 'स्वतंत्रता पथ' से बहुत प्रभावित हुए, जिस पर 300 ट्रेकर्स ने यात्रा की थी, जिन्होंने 1959 में तिब्बत और भारत के बीच सीमा पर खेन-दजा-मनी से तवांग में पुंगतेंग-त्से तक की अपनी छह दिवसीय यात्रा की थी। यह यात्रा शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में तवांग मठ में समाप्त हुई, जिसमें 66 वर्ष पहले आध्यात्मिक नेता के तिब्बत से पलायन की याद में यह यात्रा निकाली गई। श्री दलाई लामा ने लिखा, 'मैं यह जानकर बहुत प्रभावित हुआ हूं कि 300 लोग स्वतंत्रता पथ पर चल पड़े हैं, जो 1959 में मेरे द्वारा की गई छह दिवसीय यात्रा की याद दिलाता है।' उन्होंने कहा, मुझे वे दिन अच्छी तरह याद हैं और भारत पहुंचते ही मुझे जो राहत और आजादी का अहसास हुआ, वह मुझे बहुत आश्वस्त करने वाला था कि हम जहां भी गए, हमरा इतनी गर्मजोशी से स्वागत हुआ।' तवांग जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त कानकी दरंग के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में विविध समूहों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें भिक्षु, स्थानीय नेता, सुरक्षा बल, पर्यटक और स्वयंसेवक भी शामिल थे। केनजामनी में इस यात्रा की शुरुआत भिक्षुओं और ग्रामीणों द्वारा दलाई लामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करने के साथ हुई, जिसके साथ पारंपरिक मोनपा प्रदर्शन भी किया गया।



**यह यात्रा 66 वर्ष पहले आध्यात्मिक नेता के तिब्बत से पलायन की याद में निकाली**

## राजनाथ सिंह व यूएई के क्राउन प्रिंस के बीच मुलाकात, रक्षा संबंधों पर हुई बात

■ **दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग व व्यापार पर सहमति जताई**



**'आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-निर्माण, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने को तत्पर हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं': राजनाथ सिंह**

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की, जो रक्षा मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रहे हैं। बैठक साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में हुई। मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि रक्षा सहयोग को व्यापार और अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति के अनुरूप बढ़ाने की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-निर्माण, सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने को तत्पर हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।' रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस दौरान दोनों नेताओं ने संस्थागत तंत्र, सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान-प्रदान आदि के माध्यम से वर्तमान रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण आदान-प्रदान को रक्षा सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र माना और इसे दोनों देशों के रक्षा ढांचों को समझने और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने का माध्यम बताया।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
O/o Chief Engineer (HR), CSPTCL, Danganiya, Raipur (C.G.)-492013
Phone-0771-2574700, website: cspc.co.in, e-mail-hr.csptcl@cspc.co.in

No. 01-01/M(P&S)/TS-204/1738 Raipur, Dated: 01.04.2025

**NOTICE INVITING TENDER (E-Bidding)**

Rfx No. - 8100042445

| Tender Specification No. | Description | Tender Fee | EMD | Due Date & Time for submission of Tender |
|---|---|---|---|---|
| TS-204 | Deployment of 03 Nos Computer Operator & 03 Nos Peon through outsourcing for office of the MD (Trans.) & DGM (HR -III), CSPTCL, Raipur | Rs. 5,000/- (Inclusive of GST @18%) | Rs. 42,400/- | 22.04.2025 up to 15:00 Hrs. |

*please see company website cspc.co.in for any further details **Any amendment/corrigendum/extension of due date, if required, will be displayed on our website only.**

SAVE ELECTRICITY

CHIEF ENGINEER (HR)
CSPTCL, RAIPUR


## बंगाल शिक्षक भर्ती मामला

# हम कोर्ट के फैसले से दुखी हैं: सौगत रॉय



**'हम हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से दुखी हैं, जिसके कारण 26,000 नौकरियां रद्द कर दी गईं, जब कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा सृजित अतिरिक्त पद वैध हैं और उन्हें रद्द नहीं किया जाना चाहिए : सौगत रॉय**

कोलकाता, 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने पश्चिम बंगाल में 26 हजार शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हम दुखी हैं और इसी वजह से मुख्यमंत्री ने नौकरी गंवाने वाले लोगों से भी मुलाकात की।

पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती घोटाले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, 'हम हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से दुखी हैं, जिसके कारण 26,000 नौकरियां रद्द कर दी गईं। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से नौकरी गंवाने वाले लोगों से मुलाकात की और समीक्षा याचिका सहित आगे के कुछ संभावित तरीकों पर चर्चा की। आज सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा सृजित अतिरिक्त पद वैध हैं और उन्हें रद्द नहीं किया जाना चाहिए।'भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट कर दावा किया कि टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद और कल्याण बनर्जी के बीच बहस हुई। अमित मालवीय के दावे पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, 'हम दुखी हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए था। मुझे नहीं पता कि यह विवाद वास्तव में हुआ है या नहीं, लेकिन अगर हुआ है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी पार्टी के 29 सांसद लोकसभा में हैं और सबको मिलकर काम करना चाहिए।

### स्कूली नौकरियों को रद्द करने के खिलाफ टीएमसी आज करेगी प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में 25,753 स्कूली नौकरियों को रद्द करने के कोर्ट के हालिया आदेश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रदर्शन करेगी। तृणमूल ने आरोप लगाया है कि माकपा और भाजपा ने विभिन्न सरकारी स्कूलों में 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण नौकरियों को समाप्त करने की साजिश रची है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में मौत की सजा बरकरार रखी



■ **बम धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी**
■ **एनआईए ने सिलसिलेवार विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी**
■ **45 दिनों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने आज अपना फैसला सुनाया**

**हैदराबाद,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सिलसिलेवार बम विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी और 13 दिसंबर 2016 को विशेष एनआईए अदालत ने पांचों दोषियों असदुल्लाह अख्तर, जिया उर रहमान, मोहम्मद तहसीन अख्तर हसन, मोहम्मद यासीन भटकल और एजाज शेख समर अरमान को मौत की सजा दी थी।


**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ( छ.ग. )**

**धारा-30 ( ख ) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती श्यामा बाई ध्रुव, पति श्री लेखराम ध्रुव, पता-80 बाजार चौक, तुलसी-1, तुलसी, तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-सेजबहार स्थित भूमि संविलियन खसरा नं. 15007/1 कुल रकबा 18.564 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 11591/नग्रानि/ धारा-30'क'/ पी.एल.15/20/2021 रायपुर, दिनांक 16.09.2021 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखंड क्रमांक D-86, D-87 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए.बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

**संचालक,**
**नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, ( छ.ग. )**

जी-252600178

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFFICER NAGAR PANCHAYAT PITHORA, DISTRICT- MAHASAMUND(C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice (1st call)**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

SYSTEM TENDER NO.- 166795
NIT NO: 28 /PWD/PITHORA /2025-26 Dated 08.04.2025

Online bids are invited for the following works of Items up to 29-04-2025 at 17.30 PM hours.

Name of Work/Description of Item: PLACEMENT AGENCY
Probable Amount of Contract Rs.: Rs. 20.00 Lacs
Earnest Money Deposit: Rs. 15000.00/- (EMD in Favor of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, PITHORA)
Tender Document Fee: Rs.750/- Only at DD

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in on from 08-04-2025 at 17.30 Pm. hours. (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**MUNICIPAL OFFICER,**
**NAGAR PHANCHAYAT PITHORA**
**DISCT-MAHASAMUND (C.G.)**

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग**
नवा रायपुर, अटल नगर

( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( रुपये लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 166434 प्रथम आमंत्रण 28.03.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत बंधवा पुल से गोडखाम्ही मार्ग लंबाई 8.50 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 8.25 कि.मी.) का निर्माण कार्य। | 975.54 |
| 2 | 166482 प्रथम आमंत्रण 02.04.2025 | ग्राम उत्तरदा (उत्तरदा मण्डी से बुडगनियापारा) से रेकी पहुंच मार्ग लंबाई 5.76 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 633.64 |
| 3 | 166535 प्रथम आमंत्रण 02.04.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत ग्राम परसवारा से गुनापुर से लपटी तक लंबाई 7.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 1102.87 |
| 4 | 166544 प्रथम आमंत्रण 02.04.2025 | माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के माननीय न्यायमूर्तिगण के लिए विश्राम गृह का निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। संभाग क्रमांक 1 रायपुर। | 988.23 |
| 5 | 166559 प्रथम आमंत्रण 03.04.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत देवरघटा से कठार्रा, पाली, निमोही, सिंघीतराई, बेनीपाली, ओडेकेरा मुख्य मार्ग लंबाई 8.00 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 9.00 कि.मी.) पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 1110.40 |
| 6 | 166564 प्रथम आमंत्रण 03.04.2025 | जिला बलौदाबाजार के शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में छात्रावास भवन का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। बलौदाबाजार संभाग। | 254.17 7 |
| 7 | 166586 प्रथम आमंत्रण 03.04.2025 | शासकीय पॉलिटेक्निक चिरमिरी भवन का निर्माण कार्य। | 903.86 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 01 से सं.क. 02 दिनांक 23.04.2025, सं.क्र. 05 से सं.क. 07 दिनांक 25.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 24.04.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,**
**नवा रायपुर अटल नगर**

जी-252600171

## जापान में रिलीज होगी सिलंबरासन की 'मानाडु'

**चेन्नई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद अभिनेता सिलंबरासन की सुपरहिट फिल्म 'मानाडु' अब जापान में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के निर्माता सुरेश कमाची ने सोमवार को यह घोषणा की। अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए सुरेश कमाची ने लिखा कि एक अच्छी फिल्म एक खूबसूरत पक्षी की तरह होती है। इसे सभी महाद्वीपों में पसंद किया जाता है। 'मानाडु' मई में जापान में रिलीज होने वाली है। उम्मीद है कि यह जापानियों के दिलों को लुभाएगी। निर्देशक वेंकट प्रभु की फिल्म 'मानाडु' के निर्माताओं ने अभिनेता सिलंबरासन की मुख्य भूमिका वाली इस सुपरहिट फिल्म को इस साल की शुरुआत में अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर फिर से रिलीज किया था।

# देश में अशिक्षा है सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा : संजना सांघी



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की यूथ चैंपियन अभिनेत्री संजना सांघी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। अभिनेत्री का मानना है कि अशिक्षा ही हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय काम के अनुभव पर भी बात की। संजना ने बताया कि उन्हें किस बात ने प्रेरित किया। सांघी ने कहा कि मुझे याद है कि मैंने एम्मा वाटसन को यूएन में बोलते हुए देखा था और मेरे पर वहीं से प्रभाव पड़ा। बच्चों को पढ़ाने से मुझे उनसे जुड़ाव का एहसास हुआ। आखिरकार, मैंने वॉलंटियर्स को सलाह देना शुरू कर दिया और उस पहल को आगे बढ़ाया। मेरा सपना एक ऐसे संगठन के निर्माण करने का है, जहां हमारे देश में कोई भी अशिक्षित न हो, मुझे लगता है कि शिक्षा की कमी हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है। सांघी का मानना है कि शिक्षा से जेंडर और वेतन असमानता तथा स्वास्थ्य जागरूकता की कमी जैसे कई मुद्दों का समाधान हो सकता है। संजना ने आगे कहा कि शिक्षा की कमी हमारे सामने आने वाले बड़े मुद्दों की जड़ है। इसे हल करें और आप लिंग और वेतन असमानता, मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता, महिला अधिकार जैसे विषयों पर खुलकर बात कर सकेंगे। दुर्भाग्य से लॉकडाउन में अध्ययनों से पता चलता है कि 10 मिलियन लड़कियों को स्कूल छोड़ने और घर में रहने के लिए मजबूर किया गया। वहीं, लड़कों की संख्या एक मिलियन से कम थी। शुरुआती सफलता और चुनौतियों से निपटने के बारे में उन्होंने बताया कि ओम का बॉक्स ऑफिस पर सकारात्मक प्रदर्शन न करने से मुझे एहसास हुआ कि 'प्रक्रिया ही पुरस्कार है।'

# औषधीय गुणों से भरपूर है चक्रफूल

- स्वाद बढ़ाने के साथ रोगों को करता है परास्त
- चक्रफूल में मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट व विटामिन के गुण



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुर्वेद में ऐसी कई औषधियां हैं, जिनके सेवन से शारीरिक समस्याएं चुटकी में दूर हो सकती हैं। आज बात करेंगे अनोखी खुशबू और औषधीय गुणों से भरपूर सितारे के आकार वाले चक्र फूल के बारे में जो तारे की तरह भले ही चमकता तो नहीं, मगर सेहत के लिहाज से बहुत फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में इसे लाभकारी बताया गया है।

चक्र फूल सामान्य तौर पर हर भारतीय रसोई का अहम हिस्सा है। यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि सेहत के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि चक्रफूल में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं।

पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी (एमडी) ने बताया कि चक्रफूल में मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन पाए जाते हैं। रोजाना की डाइट में इसे शामिल करके कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है, जो सेहत को फायदा पहुंचाता है। इसका सेवन काढ़े, चाय या मसालों के रूप में भी किया जा सकता है।

आयुर्वेदाचार्य ने यह भी बताया कि चक्रफूल का सेवन कैसे करना चाहिए। उन्होंने विस्तार से इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप इसे चाय की तरह पी सकते हैं। इसके लिए खौलते पानी में अदरक, इलायची के साथ चक्रफूल डालें और उसे खूब पका लें। इसे पीने से शरीर में ताजगी आती है और यह संक्रामक बीमारियों से लड़ने में भी मदद करता है।

उन्होंने बताया कि चाय के साथ ही चक्रफूल का काढ़ा भी मौसमी तकलीफों से लड़ने में सहायक होता है और इम्यूनिटी को भी बूस्ट करता है। डॉक्टर प्रमोद ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी, खांसी और बुखार की समस्या आम सी बात है। ऐसे में इससे राहत पाने के लिए चक्रफूल का इस्तेमाल किया जा सकता है। चक्रफूल में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम के साथ और भी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह इम्यूनिटी को मजबूत करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि शरीर में कहीं भी सूजन या दर्द की समस्या हो तो चक्रफूल या उसके पाउडर को सरसों के तेल में मिलाकर लगाने से सूजन और दर्द से राहत मिलती है। प्रतिदिन इसका सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत फायदेमंद होता है। यह पाचन संबंधी समस्याओं जैसे पेट में दर्द, अपच और कब्ज की समस्या दूर करता है।

आयुर्वेदाचार्य ने चक्रफूल के बारे में आगे बताया कि आज के समय में काम के बोझ और गैजेट्स पर बढ़ती निर्भरता की वजह से अनिद्रा आम सी बात बन गई है। हालांकि, चक्रफूल अनिद्रा की समस्या को दूर करने में सक्षम है। इसमें मौजूद पोषक तत्व अनिद्रा की समस्या को दूर करते हैं, जिससे बेहतर नींद आती है।

# कोविड के कारण बनी 'इम्युनिटी डेब्ट' की स्थिति से फ्लू के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी



**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह पाया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान लंबे समय तक लगे प्रतिबंधों की वजह से लोगों की 'इम्युनिटी डेब्ट' की स्थिति बनी, जिससे अब दुनिया भर में फ्लू फैलने के तरीके में बदलाव देखने को मिल रहा है। जब लोग लंबे समय तक बीमारियों के संपर्क में नहीं आते, तो उनके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (रोगों से लड़ने की ताकत) कमजोर हो जाती है। इसी को 'इम्युनिटी डेब्ट' कहा जाता है। इसका मतलब है कि अब लोग सामान्य संक्रमणों के लिए भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं।

कोविड महामारी के समय दुनियाभर के देशों ने लॉकडाउन, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना और यात्रा पर रोक जैसी सख्त सावधानियां अपनाई थी। इन उपायों ने कोविड को रोकने में मदद की, लेकिन साथ ही फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियों के मामलों में बहुत तेज गिरावट भी देखी गई।

लेकिन अब कोविड के बाद, दुनिया भर में फ्लू के मामलों में अचानक तेज बढ़ोत्तरी हुई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि 'इम्युनिटी डेब्ट' के कारण आने वाले वर्षों में फ्लू के बड़े प्रकोप हो सकते हैं, क्योंकि अब लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई है और वे अन्य वायरस से संक्रमित होने के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डैनियल प्रिएटो-अल्हाम्ब्रा ने कहा कि हमारे अध्ययन से यह साफ हुआ है कि पिछले कुछ वर्षों में फ्लू के संपर्क में न आने से लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो गई है, और अब संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। राहत की बात यह है कि इसके प्रभाव को कम करने के लिए रणनीतियां मौजूद हैं और फ्लू के टीकाकरण को बढ़ावा देना जरूरी है। यह अध्ययन एडवांस्ड साइंस नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसमें 2012 से 2024 तक 116 देशों के फ्लू से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। पता चला कि कोविड के प्रतिबंधों के दौरान फ्लू के मामलों में औसतन 46 प्रतिशत की गिरावट आई थी। लेकिन जैसे ही 2022 में प्रतिबंध हटे, उसी सर्दी के मौसम में फ्लू के मामलों में औसतन 132त्न की बढ़ोत्तरी हुई।

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि जिन देशों में कोविड के दौरान सख्त प्रतिबंध लगे थे, वहां बाद में फ्लू के मामलों में ज़्यादा उछाल देखा गया। इसलिए वैज्ञानिकों ने स्वास्थ्य विभागों से आग्रह किया है कि भविष्य में जब भी कोई महामारी हो, तो इम्युनिटी डेब्ट के खतरे को ध्यान में रखकर योजना बनाई जाए।

# 'कन्नप्पा' की टीम ने की धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात, लिया आशीर्वाद

**चेन्नई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलुगू स्टार विष्णु मांचू ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कन्नप्पा' की टीम के साथ मंगलवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। इस दौरान बागेश्वर धाम सरकार ने 'कन्नप्पा' की टीम को अपकमिंग फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। धीरेंद्र शास्त्री के साथ मुलाकात को पहुंची टीम में अभिनेता विष्णु मांचू के साथ निर्देशक मुकेश कुमार सिंह और फिल्म के खलनायक अर्पित रांका भी शामिल थे।

फिल्म की टीम ने धीरेंद्र शास्त्री के साथ भक्त कन्नप्पा की महानता के बारे में विस्तार से बात की और फिल्म की झलकियां भी दिखाई। वहीं, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने टीम के विजन की सराहना की और उन्हें सिनेमा के माध्यम से भारतीय संस्कृति और प्राचीन कहानियों को सामने लाने के प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसी फिल्में जरूर बनाई जानी चाहिए और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना भी चाहिए।

बागेश्वर बाबा ने इस बात पर जोर दिया कि जब भारतीय पौराणिक कथाओं में इतनी गहराई और सुंदरता है, तो पश्चिमी कथाओं की नकल करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने परंपराओं को लेकर चलने वाली दक्षिण भारतीय सिनेमा की प्रशंसा की और फिल्म 'कन्नप्पा' के पूरा होने पर इसे देखने के लिए उत्साहित होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी। फिल्म के प्रमोशन में जुटे विष्णु द्वादश ज्योतिर्लिंग में से छह के दर्शन कर चुके हैं, जिनमें उत्तराखंड में केदारनाथ, मध्य प्रदेश में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, गुजरात में सोमनाथ और नागेश्वर, महाराष्ट्र में त्र्यंबकेश्वर शामिल हैं।



'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू, मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'कन्नप्पा' अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है। 'कन्नप्पा' की शूटिंग देश के कई हिस्सों के साथ ही न्यूजीलैंड में भी की गई है।

# कैंसर के इलाज के लिए नए चुंबकीय नैनोकण विकसित

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने नए चुंबकीय नैनोकणों का विकास किया है, जो कैंसर के उपचार को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। नैनोकणों का उपयोग करके विकसित चुंबकीय प्रणाली ट्यूमर कोशिकाओं के तापमान को बढ़ाकर कैंसर का इलाज करती है। यह प्रणाली कैंसर के इलाज के लिए चुंबकीय हाइपरथर्मिया नामक प्रक्रिया के माध्यम से काम करती है।

कैंसर को सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक माना जाता है। कई उपलब्ध उपचार विधियों में से कैंसर कोशिकाओं के लिए सबसे प्रभावी उपचार विकिरण चिकित्सा, कीमोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा और स्टेम सेल प्रत्यारोपण है।

सभी कैंसर उपचार विधियों ने कई दुष्प्रभावों का प्रदर्शन किया है। महंगा होने के अलावा, उपचार कई लोगों के लिए दुर्गम भी हैं। आईएएसएसटी की टीम ने नैनोमैग्नेट पर ध्यान केंद्रित किया, जिसने कैंसर कोशिकाओं के इलाज के लिए एक लक्षित ताप उत्पादन प्रक्रिया (हाइपरथर्मिया) खोली। यह थेरेपी तुलनात्मक रूप से कम दुष्प्रभावों के साथ आती है और इसे बाहर से चुंबकीय क्षेत्र

■ **भारतीय वैज्ञानिकों का कमाल**

द्वारा नियंत्रित किया जाता है। नैनोमैग्नेट के विभिन्न भौतिक मापदंडों के स्व-हीटिंग प्रभावकारिता पर सीधे प्रभाव के कारण, प्रभावी ताप उत्पादन दक्षता के साथ जैव-अनुकूल लेपित चुंबकीय नैनोकणों को बनाना और नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण है।

इस प्रकार, टीम ने पारंपरिक रासायनिक सह-अवक्षेपण मार्ग का उपयोग करके अलग-अलग दुर्लभ-पृथ्वी जीडी डोपेंट सामग्री के साथ नैनोक्रिस्टलाइन कोबाल्ट क्रोमाइट चुंबकीय नैनोकणों को संश्लेषित किया। द्रव रूप में इन चुंबकीय नैनोकणों के विषमांगी का उपयोग लागू वैकल्पिक चुंबकीय क्षेत्र के तहत गर्मी उत्पन्न करने के लिए किया गया था।

शोधकर्ताओं ने कहा कि चुंबकीय नैनोकणों की गर्मी उत्पादन विधि का उपयोग कैंसर कोशिकाओं के उपचार में किया जा सकता है, जिसमें एक विशिष्ट अवधि के लिए कोशिका के तापमान को 46 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ाया जाता है, जिससे विशेष कैंसर स्थानों पर लागू होने पर घायल कोशिकाओं में नेक्रोसिस होता है,। ये निष्कर्ष हाल ही में नैनोस्केल एडवांसेज में प्रकाशित हुए हैं, जो कि रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, यूके की समकक्ष समीक्षा वाली पत्रिका है।

# इतिहास से जुड़ी कहानियां दर्शकों को पसंद आती हैं : गुरप्रीत घुग्गी

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता गुरप्रीत घुग्गी की पीरियड ड्रामा 'अकाल द अनकॉन्क्वेर्ड' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इसी बीच अभिनेता ने बताया कि इतिहास पर बनी फिल्में बेहतरीन होती हैं और ये कहानियां दर्शकों को पसंद आती हैं। अभिनेता का मानना है कि इतिहास दिलचस्प होता है और हमारी नजर सबसे पुरानी चीजों पर ही सबसे पहले और ज्यादा देर तक ठहरती है। उन्होंने बताया कि गुजरे कल में लोगों की दिलचस्पी होती है। घटना कैसे हुई? क्यों हुई? कहां हुई? इसे लेकर लोगों में जिज्ञासा और उत्सुकता बनी रहती है। मुझे लगता है कि आपको अपने घर की फोटो एलबम को खोलना चाहिए, जिसमें ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें होंगी। उनमें ऐसी तस्वीरें भी होंगी, जो ब्लैक एंड व्हाइट से ज्यादा येलो पड़ चुकी होंगी। मतलब पुरानी पड़ चुकी होंगी। ऐसे में आप वहीं रुकेंगे और उसी तस्वीर पर आपकी नजर थम जाएगी। ये चीजें दिखाती हैं कि अतीत में लोगों की दिलचस्पी होती है।



अभिनेता ने बताया कि इतिहास दिलचस्प है क्योंकि यह पहले ही घटित हो चुका है। आप इसके बारे में जो कुछ भी जानते हैं, वह तथ्यात्मक होता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में शानदार होती हैं और यही वजह है कि हर कोई उस दौर में वापस लौटना चाहता है।

# मॉडल और एक्टर प्रीति शर्मा ने स्लम बस्ती के बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन



हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच एक में जस्टिस अरविंद वर्मा और याचिकाकर्ता व प्रमुख पक्षकारों के वकील थे। इधर चीफ जस्टिस ने समय पर वर्चुअल जुड़कर सुनवाई शुरू की। जस्टिस वर्मा मामलों के बारे में बता रहे थे और उनसे सीधे चर्चा कर रहे थे। निर्धारित समय तक डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। लंच के बाद चीफ जस्टिस ने सिंगल बेंच में सुनवाई की।

**मासूम से दुष्कर्म ...**

नहीं लड़ेगा। संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वकील संघ एकजुट है। कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश आएंगे रायपुर

**भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन...**

रहा है।भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवप्रकाश 9 अप्रैल को सुबह 9ः30 से 10ः30 बजे तक पार्टी के महामंत्रियों की बैठक लेंगे। इसके बाद सुबह 10ः30 से दोपहर 12ः30 बजे तक निगम-मंडल और आयोगों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। दोपहर 12ः30 से 1ः30 बजे तक भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक रखी गई है। वहीं दोपहर 3 बजे से 4ः30 बजे तक नगरीय-निकायों के महापौर, सभापति, अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ-साथ जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

## सुडोकू 6877

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6877

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6876

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न | २ मा | न | ३ स | ■ | ४ प | द | ५ चि | न्ह |
| ड़ | ■ | त | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | ना | ■ |
| ७ म | द्धि | म | ■ | य | ■ | र्प | ■ | ८ ब | ९ हु |
| ति | ■ | ■ | ■ | १० पा | षा | ण | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ बु | ल | १२ बु | ल | ■ | ■ | १३ इं | का | र |
| ■ | ला | ■ | लं | ■ | १४ हा | द | सा | ■ | मं |
| १५ क | वा | १६ य | द | ■ | ज | ■ | १७ न | १८ क | द |
| र्ज | ■ | म | ■ | १९ व | त | २० न | ■ | च्छ | ■ |
| २१ दा | न | व | ■ | णि | ■ | २२ व | नो | प | २३ ज |
| र | ■ | २४ रा | म | ज | न | नी | ■ | ■ | ल्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### खराब जीन से 3,000 में से 1 व्यक्ति को फेफड़ों में छेद का खतरा : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने पाया है कि हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में एक खराब जीन होता है, जिससे उनके फेफड़े फटने (पंक्चर होने) का खतरा बहुत बढ़ जाता है।

फेफड़ा फटना, जिसे मेडिकल भाषा में न्यूमोथोरैक्स कहा जाता है, तब होता है जब फेफड़े में हवा लीक हो जाती है। इससे फेफड़ा पिचक जाता है, जिसमें दर्द होता है और सांस लेने में तकलीफ होती है।

कैम्ब्रिज विवि के वैज्ञानिकों ने 5.5 लाख से ज़्यादा लोगों पर अध्ययन किया। इसमें उन्होंने पाया कि हर 2,710 से 4,190 में से एक व्यक्ति के शरीर में एफएलसीएन नामक जीन का एक विशेष प्रकार होता है, जिससे बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नाम की बीमारी होने का खतरा होता है। बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है। इसमें त्वचा पर छोटे-छोटे गांठ जैसे ट्यूमर बनते हैं, फेफड़ों में सिस्ट (गांठें) बनती हैं और किडनी (गुर्दे) के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर फेफड़े के फटने का कारण यही जीन हो। यह अध्ययन, जो थोरेक्स नामक पत्रिका में छपा था, उसमें पाया गया कि जिन मरीजों को बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नामक बीमारी थी, उनमें जीवनभर फेफड़ों में छेद होने का खतरा 37 प्रतिशत था।

# खेल जगत

## आईपीएल 2025 : धीमी ओवर गति के लिए रजत पाटीदार पर लगा जुर्माना



**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से मात दी। आधिकारिक बयान में कहा गया है, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 20 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, इसलिए पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# राजस्थान के गेंदबाजों के सामने गुजरात के बल्लेबाजों की परीक्षा



**अहमदाबाद,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में बुधवार को शुभमन गिल की गुजरात टाइटंस (जीटी) अपने घर में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। जीटी इस समय बहुत ही अच्छी लय से गुजर रही है। उनके सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत हासिल करके जीत का रास्ता पकड़ लिया है। गिल और सैमसन की टीमों के बीच धमाकेदार मुकाबला देखने को मिलेगा। इस मैच से जुड़ी टीम न्यूज और संभावित XII पर नजर डालते हैं।

### टीम न्यूज और संभावित XII

गुजरात के खेमे को कैगिसो रबाडा की कमी खलेगी जो निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात ने पिछले मैच में वॉशिंगटन सुंदर को चौथे नंबर पर भेजकर एक बहुत बड़ा तरुप का इक्का चला था। इस मैच में भी वॉशिंगटन को मौका मिल सकता है

**गुजरात टाइटंस संभावित XII :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जॉस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया/शेरफेन रदरफोर्ड, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा राजस्थान के लिए अच्छी बात यह है कि उनके ओपनर यशस्वी जायसवाल फॉर्म में लौट आए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 67 रनों की अहम पारी खेली थी, जिसकी वजह से टीम 200 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल कर पाई थी। राजस्थान के लिए समस्या उनका मध्य क्रम है, नीतीश राणा और रियान पराग अभी तक एकाध मैच को छोड़कर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन उनके गेंदबाज अपनी भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं। **राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), 2. यशस्वी जायसवाल, 3. रियान पराग, 4. नितीश राणा, 5. ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), 6. शिमरोन हेटमायर, 7. शुभम दुबे, 8. वानिंदु हसरंगा, 9. जोफ्रा आर्चर, 10. महीश थीक्षाना, 11. संदीप शर्मा, 12. कुमार कार्तिकेय/तुषार देशपांडे।

### कैसी रहेगी पिच

अहमदाबाद की पिच पूरी तरह से बल्लेबाजी के मुफीद होती है। दूसरी पारी में यहां पर ओस भी देखने को मिलती है। यहां पर 200 से अधिक रन बनते हुए भी देखे गए हैं। पिछला मैच जब यहां पर जीटी खेली थी तो यहां पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 8 विकेट पर 196 रन बनाए थे और जीत हासिल की थी।

### राजस्थान रॉयल्स को गिल, सुदर्शन और बटलर की तिकड़ी से सावधान रहना होगा

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 में जब गुजरात जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी, तो यह मुकाबला सिर्फ दो पॉइंट्स के लिए नहीं बल्कि दबदबे की जंग भी होगी। अब तक इस आमने-सामने की टक्कर में मुकाबला एकतरफा रहा है, जहां जीटी ने आरआर को 6 में से 5 बार हराया है। हालांकि, आरआर की इकलौती जीत भी अहमदाबाद के इसी मैदान पर 2023 में आई थी। आइए इस मैच से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नज़र डालते हैं। जीटी की सबसे बड़ी ताकत उनके टॉप 3 बल्लेबाज ही रहे हैं। जीटी के टॉप ऑर्डर ने इस सीजन में अब तक लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हर मुकाबले में उनके टॉप 3 में से कोई न कोई बल्लेबाज अर्धशतक लगाकर अंत तक टिकता रहा है, जिससे टीम को स्थिरता और गहराई मिली है। जीटी के टॉप 3 बल्लेबाजों का औसत (50.3) पूरे टूर्नामेंट में सबसे ऊंचा है, और खास बात ये है कि उनके सभी टॉप 3 बल्लेबाजों ने 140 से ज्यादा रन बना लिए हैं। इसके अलावा किसी टीम के बल्लेबाज ने ऐसा नहीं किया है।अब तक जीटी के टॉप 3 ने कुल 503 रन बनाए हैं, जो लीग में सबसे ज्यादा है। साई सुदर्शन तो 191 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर्स में तीसरे नंबर पर हैं।

# काश्वी गौतम, श्रीरणी और शुचि के रूप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम में तीन नए चेहरे

- शैफाली को फिर नहीं मिली टीम में जगह, कप्तान हरमनप्रीत टीम में लौटी
- वन डे विश्व कप के मद्देनजर बेहद अहम है श्रीलंका में बेहद अहम त्रिकोणीय वन डे सीरीज



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत ने काश्वी गौतम, एन श्री चारणी और शुचि उपाध्याय के रूप में तीन नए चेहरों को श्रीलंका में खेली जाने आगामी वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की त्रिकोणीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। श्रीलंका में खेली जाने वाली इस त्रिकोणीय वन डे क्रिकेट सीरीज में मेजबान श्रीलंका के साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शिरकत करेंगे। 21 बरस की काश्वी गौतम ने इस साल डब्ल्यूपीएल में रफ्तार के साथ धार दिखा कर नौ मैचों में सबसे ज्यादा 11 विकेट चटकाए थे। वहीं 22 बरस की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चारणी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के दो मैच खेल कर चार विकेट चटकाए हैं। बाएं हाथ की स्पिनर शुचि उपाध्याय सीनियर महिला वन डे ट्रॉफी में बीते बरस दिसंबर मे कुल 18 विकट चटका कर विकेट चटकाने में तीसरे नंबर पर रही थी और उन्होंने मध्य प्रदेश को खिताब जिताया था। भारत अपने अभियान का आगाज आर प्रेमदासा इंटरनैशल क्रिकेट स्टेडियम मे अपने अभियान का आगाज 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ करने के बाद 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। भारत अपने अगले दो मैचो में चार मई को श्रीलंका अैर सात मई को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। तीनों टीमें चार चार मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी।

भारत में इस साल सितंबर-अक्टूबर में खेले जाने वाले आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व के मद्देनजर यह त्रिकोणीय सीरीज बेहद अहम है। शैफाली वर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दमदार प्रदर्शन कर दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुल304 रन बना कर लीग में रन बनाने में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर रखा जाना समझ परे है।

श्रीलंका में खेली जाने वाली त्रिकोणीय वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम है : हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल , जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष(विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काश्वी गौतम , स्नेह राणा,अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिज, श्री चारणी, शुचि उपाध्याय।

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की आयरलैंड के खिलाफ जनवरी में पिछली सीरीज से बाहर बैठने के बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है।

हरमनप्रीत कौर के साथ स्नेह राणा, यस्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर ने भी भारतीय महिला क्रिकेट में वापसी की है। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और टाइटस साधू जैसी तेज गेंदबाज के चोटिल होने के कारण उनके नाम पर भारतीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया गया। भारत ने जब आयरलैंड का तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ किया था तब टीम की कप्तानी स्मृति मंधाना ने की थी। भारत की आयरलैंड को 3-0 से हराने वाली टीम में शामिल उमा छेत्री, राघवी बिष्ट, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, मीनू मणि , प्रिया मिश्रा, साइमा ठाकोरको भी टीम से बाहर कर दिया गया है।

### श्रीलंका में खेली जाने वाली त्रिकोणीय वन डे क्रिकेट सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है

27 अप्रैल: **श्रीलंका वि भारत। 29 अप्रैल : भारत वि द.अफ्रीका। 2 मई :** श्रीलंका वि द.अफ्रीका। 4 मई : श्रीलंका वि भारत। 7 मई : भारत वि द अफ्रीका। 9 मई : श्रीलंका वि द अफ्रीका। 11 मई : फाइनल। (सभी मैच आर प्रेमदासा इंटरनैशल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# रायुडू ने आरसीबी के खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए पाटीदार का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का जोरदार समर्थन किया है, उन्होंने 10 साल बाद मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराने के बाद उन्हें आईपीएल 2025 खिताब का गंभीर दावेदार बताया है। रायुडू को लगता है कि यह आखिरकार वह साल हो सकता है जब यह फ्रेंचाइजी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेगी और 18 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी टीम को देखें, तो उनके पास एक बहुत ही बढ़िया संयोजन है। अगर आप उन टीमों को देखें जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, तो वे अभी भी अपने संयोजन आजमा रही हैं। लेकिन आरसीबी एक ऐसी टीम है, जिसके साथ-साथ दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) भी कुछ हद तक इस सीजन के लिए अपने संयोजनों को अच्छी तरह से सेट कर चुकी हैं। मैंने हमेशा उनके (आरसीबी के) क्रिकेट का लुत्फ उठाया है। हम उनके खर्च पर मौज-मस्ती करते हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि कोई भी डीसी या पंजाब के बारे में बात नहीं करता। सिर्फ इसलिए क्योंकि आरसीबी के पास हमेशा एक ऐसी टीम होती है जो आईपीएल जीत सकती है। लेकिन किसी तरह, वे अपनी कमियों के कारण पीछे रह जाते हैं। कोई और उन्हें नहीं हरा सकता, बल्कि वे खुद उन्हें हरा सकते हैं। लेकिन इस साल रजत पाटीदार (कप्तान के रूप में) के साथ, ई साला कप आरसीबी दे (इस साल कप आरसीबी का है)। आरसीबी वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, केवल नेट रन-रेट पर दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स से पीछे, चार मैचों में तीन जीत के साथ - सभी घर से बाहर। रायुडू मुंबई इंडियंस पर अपनी उच्च दबाव वाली जीत के दौरान पाटीदार के निर्णय लेने से विशेष रूप से प्रभावित थे।

# मार्श और पूरन की आतिशी पारियों से लखनऊ की कोलकाता पर रोमांचक जीत

■ लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला



**कोलकाता,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। मिशेल मार्श (81) और निकोलस पूरन (नाबाद 87) की आतिशी पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को उसके ही घरेलू मैदान में मंगलवार को रोमांचक आईपीएल मुकाबले में मात्र चार रन से हरा दिया। लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर जबरदस्त संघर्ष में केकेआर को सात विकेट पर 234 रन पर रोक दिया। लखनऊ की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। केकेआर के सामने एक बड़ा लक्ष्य था लेकिन रहाणे और नारायण द्वारा एक बढ़िया शुरुआत दिलाने के बाद केकेआर मुकाबले में आ गई थी और फिर वेंकटेश अय्यर ने भी रहाणे का पूरा साथ दिया, हालांकि रहाणे के आउट होने के बाद तस्वीर आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी और मैच अंत में लखनऊ के पाले में आ गया। रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन ठोके, सुनील नारायण ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन और वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाये। अंत में रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन ठोके लेकिन टीम को जीत की मंजिल पर नहीं ले जा पाए। हर्षित राणा 10 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के गेंदबाजों ने 20 वाइड सहित 22 अतिरिक्त रन भी दिए लेकिन टीम अंततः जीत हासिल करने में सफल रही। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में तीन चौके और एक छक्का ठोका लेकिन जीत कोलकाता से चंद कदम दूर रह गई। इससे पहले कोलकता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसका फायदा उठाते हुए लखनऊ ने ओपनिंग साझेदारी में 10.2 ओवर में 99 रन जोड़े। लखनऊ के दोनों ओपनरों मार्श और एडन मारक्रम ने आतिशी अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई की। मारक्रम 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद मार्श और पूरन ने गेंदबाजों को पीटने का सिलसिला जारी रखा।

## सार संक्षेप

### पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया हैं। विल पुकोवस्की ने मंगलवार को मेलबर्न में एसईएन रेडियो पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत निराश हूं, यह बहुत कठिन साल रहा है। उन्होंने कहा कि काश मैं बेहतर परिस्थितियों में होता। उन्होंने कहा कि सरल संदेश यह है कि मैं फिर से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेलूंगा। 27 वर्षीय पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। वह पिछले वर्ष शेफील्ड शील्ड में मैच के दौरान तस्मानिया के खिलाफ रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद वे चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए थे। पिछले वर्ष ही चोट लगने के बाद एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोवस्की को क्रिकेट से संन्यास लेने का सुझाव दिया था। उन्हें किशोरावस्था में फुटबॉल खेलते समय पहली बार सिर में चोट लगी थी। वह कंस्यूशन से पीड़ित थे। पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45.19 की औसत से 2350 रन बनाए, जिसमें सात शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक शामिल है।

### राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की नवा रायपुर में होगी स्थापना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग 10.03 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। यह भूमि सेक्टर-33 के ग्राम उपरवारा क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 40,614.216 वर्गमीटर है। मिली जानकारी के अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 90 वर्षों की लीज पर भूमि प्रदान की जाएगी। तीरंदाजी अकादमी के निर्माण में एनटीपीसी लिमिटेड (एनटीपीसी) अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा।

# तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मणिपुर ने 5वें दिन अपने मैच जीते

सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी

**झांसी,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, मध्य प्रदेश और मणिपुर की टीमों ने मंगलवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के 5वें दिन अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। मंगलवार को पहले मैच में, तेलंगाना हॉकी ने डिवीजन 'बी' में गोवा हॉकी को 5-1 से हराया। सूर्य प्रकाश पोटलुरी (18%), अयप्पा पीआर (21%), पेद्दिन्ति नीरज कुमार (23%), रोहित सिंह (28%) और राजू तल्ला (29%) ने हॉकी तेलंगाना के लिए एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, त्रिशूल गणपति एच (19%) ने गोवा हॉकी के लिए सांत्वना गोल किया। इस जीत के साथ, हॉकी तेलंगाना पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिसने टीम द्वारा खेले गए तीन मैचों में से दो में जीत हासिल की है। दूसरे मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी ने डिविजन 'बी' में हॉकी मिजोरम को 6-0 से हराया। दीपक यादव (4%), एस. मोहम्मद यासीन (6%), कोमल सिंह (15%), विजय यादव (36%), कप्तान अरविंद यादव (39%) और सजल सक्सेना (44%) ने अच्छा प्रदर्शन किया और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी के लिए एक-एक गोल करके मध्य प्रदेश के इस शहर में खेले जा रहे इस आयोजन में पूल 'बी' में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

# स्टोक्स पर अधिक बोझ डालना सही नहीं : आथर्टन

■ हैमस्ट्रिंग की चोटों ने उन्हें लंबे समय तक बाहर रखा है



**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। माइकल आथर्टन ने हैरी ब्रूक को नया सफेद -बॉल कप्तान नियुक्त करने के इंग्लैंड के फैसले का समर्थन किया है, इसे एक 'समझदारी भरा' कदम बताया है जो दीर्घकालिक नेतृत्व स्थिरता और महत्वपूर्ण टेस्ट कैलेंडर से पहले बेन स्टोक्स की फिटनेस की सुरक्षा दोनों को प्राथमिकता देता है।

इंग्लैंड के चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-स्टेज से निराशाजनक रूप से बाहर होने और जोस बटलर के इस्तीफे के बाद ब्रूक ने वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में कमान संभाली है। 26 वर्षीय ब्रूक इंग्लिश क्रिकेट नेतृत्व की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पहले ही उप-कप्तान के रूप में काम कर चुके हैं और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान कार्यभार संभाल चुके हैं। आथर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मुझे लगता है कि स्टोक्स पर ज्यादा बोझ न डालना सही फैसला है। टेस्ट टीम के साथ उनका एक स्पष्ट प्रोजेक्ट है और 33 साल की उम्र में उनका शरीर थोड़ा कमजोर हो रहा है। हैमस्ट्रिंग की चोटों ने उन्हें हाल ही में लंबे समय तक बाहर रखा है, इसलिए उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी देना समझदारी नहीं होगी। ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड की रेड-बॉल टीम में वापसी के लिए स्टोक्स का महत्व स्पष्ट है और भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और एशेज के साथ, ईसीबी अपने करिश्माई कप्तान को फिट और केंद्रित रखने पर आमादा है। आथर्टन ने कहा कि वह टेस्ट प्रोजेक्ट काफी हद तक सफल रहा है। यह अंततः ऑस्ट्रेलिया में एशेज और इस गर्मी में घर पर भारत की सीरीज से परिभाषित होगा। स्टोक्स को उस पर ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण है।

ब्रूक, हालांकि कप्तान के रूप में अपेक्षाकृत कम अनुभव वाले हैं, इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 26 वनडे में 34.00 की औसत से 816 रन बनाए हैं और 44 टी20 मैच खेले हैं। पिछले सितंबर में ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने शतक और दो अर्धशतक टीम की अगुआई करते हुए लगाए थे, जिससे पता चलता है कि वे दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

## खिलाड़ियों के हटने के बावजूद भारत बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के लिए तैयार

**निंगबो (चीन),** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के निंगबो में मंगलवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत के अनुभवी और उभरते हुए सितारे शामिल हैं। वे अपने महाद्वीपीय अभियान की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के साथ करेंगे। हालांकि, भारतीय टीम में कुछ बड़े नाम नहीं होंगे, जिनमें महिला युगल में विश्व की 9वें नंबर की जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के अलावा मौजूदा पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जैसे नाम शामिल हैं। इस झटके के बावजूद, भारतीय चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु की तिकड़ी करेगी - जो हाल के महीनों में लगातार खराब प्रदर्शन से उबरने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। भारत के शीर्ष दो पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य (विश्व नंबर 18) और प्रणय (विश्व नंबर 17) एकल ड्रॉ में शीर्ष पर हैं।

# मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है : गावस्कर

■ कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरुआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई।कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की, जो इस सीजन का उनका दूसरा अर्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उनकी सनसनीखेज पारी का अंत तब हुआ जब वे 15वें ओवर में हार्दिक पांड्या का शिकार हो गए। गावस्कर ने कहा कि पिछले डेढ़ सत्र में सबसे बड़ा अंतर यह रहा है कि वे बहुत पहले ही लॉफ्टेड शॉट खेलने लगे हैं। पहले, लॉफ्टेड शॉट पारी के आखिर में आते थे, लेकिन अब वे पहली गेंद से ही जोखिम उठाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे बहुत फर्क पड़ रहा है। गेंदबाज जो उनके ड्राइव और फ्लिक के लिए तैयार थे, अब गेंद को इनफील्ड से बाहर जाकर बाउंड्री के लिए जाते हुए देख रहे हैं। मानसिकता में आए इस बदलाव ने गेंदबाजों को चौंका दिया है और यह उनके लिए बहुत बढ़िया काम कर रहा है। जवाब में,एमआई के कप्तान पांड्या (15 गेंदों पर 42 रन) और तिलक वर्मा (29 गेंदों पर 56 रन) ने शीर्ष क्रम के ढहने के बाद एक सनसनीखेज जवाबी हमला किया, जिससे एक लक्ष्य हासिल करने की संभावना बन गई। लेकिन क्रुणाल पांड्या (4-45), यश दयाल (2-46) और जोश हेजलवुड (2-37) ने अच्छी गेंदबाजी की और मुंबई इंडियंस को 209/9 पर रोक दिया।

## रजत पाटीदार ने गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत के लिए ओस से ग्रस्त विकेट पर अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। क्रुणाल पांड्या ने अंतिम ओवर में तीन विकेट सहित 4-45 विकेट लिए, जिससे आरसीबी ने एमआई की शानदार वापसी पर ब्रेक लगाया, जिसमें तिलक वर्मा (56) का शानदार अर्धशतक और हार्दिक पांड्या की 15 गेंदों में 42 रन की पारी शामिल थी, जिन्होंने मुंबई को 56 गेंदों में 132 रनों की जरूरत से 18 गेंदों में 41 रनों पर पहुंचा दिया। हालांकि वर्मा और हार्दिक दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, मुंबई इंडियंस को 12 गेंदों में 28 रनों की जरूरत थी, लेकिन वे 12 रनों से चूक गए। मुंबई इंडियंस ने विराट कोहली (67) और कप्तान पाटीदार (64) के तेज अर्धशतकों की बदौलत आरसीबी के 221/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 209/9 रन बनाए। हालांकि पाटीदार को तनावपूर्ण स्थिति में गेंदबाजी को संभालने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया, लेकिन उन्होंने कहा कि गेंदबाज हीरो थे और उनमें से किसी एक को यह पुरस्कार मिलना चाहिए था। मैच के बाद पाटीदार ने कहा कि यह वास्तव में एक अद्भुत मैच था। यह बहुत कठिन था। जिस तरह से गेंदबाजों ने अपना साहस दिखाया, वह देखने लायक था। यह पुरस्कार गेंदबाजी इकाई को जाता है। किसी भी टीम को रोकना आसान नहीं है, खासकर इस मैदान पर, और जिस तरह से उन्होंने यह किया वह अविश्वसनीय था। जिस तरह से तेज गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को अंजाम दिया वह अद्भुत था।

### सुडोकू 6877 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

## सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 3.29 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.00 प्रतिशत |
| एलटी | 2.94 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.75 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईजीएल | 3.75 प्रतिशत |
| मैनकाइंड फार्मा | 1.45 प्रतिशत |
| एस्ट्रल लिमिटेड | 1.21 प्रतिशत |
| मैक्स हेल्थकेयर | 0.32 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड कॉर्प | 0.14 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 89,730 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.26 | 90.42 |
| पौड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5550-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## पीएमएमवाई महिलाओं को बना रही सक्षम : सीतारमण

■ पीएमएमवाई के तहत कुल ऋण खातों में से 68 प्रतिशत महिलाओं को स्वीकृत किए गए

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कुल ऋण खातों में से लगभग 68 प्रतिशत महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह योजना सशक्तीकरण का एक साधन बन गई है और महिलाओं को राष्ट्रीय आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनाती है। इसके साथ ही पीएमएमवाई महिला उद्यमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित भी करता है। योजना के प्रभाव की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप, पिछले साल 20 लाख रुपए की बढ़ी हुई लोन लिमिट के साथ तरुण-प्लस कैटेगरी की शुरुआत से संपन्न उद्यमियों को विस्तार और अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई पीएमएमवाई, पूरे भारत में छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को



52 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन अकाउंट के लिए 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है : सीतारमण

सशक्त बनाने के 10 शानदार वर्षों का जश्न मना रही है। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीएमएमवाई गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपए तक का आसान, कोलेटरल-फ्री लोन प्रदान करता है।

महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए समर्थन को मजबूत करने के लिए, वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 के दौरान लोन लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की। इसके अलावा, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए लोन के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा, जो देश में एक मजबूत उद्यमशीलता इकोसिस्टम को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 52 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन अकाउंट के लिए 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना करोड़ों उद्यमियों, विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों से जुड़े लोगों की आकांक्षाओं को पंख देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि 2015 से, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी से जुड़े विभिन्न वंचित समुदायों को 11.58 लाख करोड़ रुपए के मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए हैं, जो प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करते हैं।

### टैरिफ शॉक से 25 बीपीएस रेट कट का संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल सेंटीमेंट में तेजी से बदलाव, बाजार में उच्च अस्थिरता और अमेरिकी टैरिफ शॉक के बीच मंदी के डर से संकेत मिलता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 9 अप्रैल को 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। साथ ही बैंक दिशा में सहजता के लिए रुख में बदलाव कर अकोमोडेटिव हो सकता है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को अपनी तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक शुरू की। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने नोट में कहा कि यह वैश्विक व्यापार युद्ध किस हद तक फैल सकता है, यह स्पष्ट नहीं है। इस साल भारत में मौद्रिक नीति को वित्त वर्ष की तुलना में ज्यादा काउंटर-साइक्लिकल होने के कारण भारी काम करना पड़ सकता है। भारत के लिए ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट से जुड़े व्यवधानों और रियल सेक्टर की मार दोनों से प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं। हालांकि बातचीत और तनाव कम करने की गुंजाइश है। नोट के अनुसार हमें लगता है कि यह आने वाले महीनों में उभरते बाजारों (ईएम) की परिसंपत्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है।



## टग बोट की मैन्युफैक्चरिंग से भारत की मैरिटाइम क्षमता में हो रहा इजाफा : सोनोवाल

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का घरेलू स्तर पर विकास न केवल एक तकनीकी उन्नति है, बल्कि यह ग्लोबल ग्रीन मैरिटाइम मूवमेंट का नेतृत्व करने की भारत की बढ़ती क्षमता का प्रतीक भी है। देश की जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए कोचीन शिपयार्ड में एडवांस मशीनरी का अनावरण करने के बाद, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री ने 'प्रोआर्क सीएनसी प्लाज्मा कम ऑक्सी फ्यूल प्लेट कटिंग मशीन' का उद्घाटन किया। यह एक एडवांस्ड फैसिलिटी है जो कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की जहाज निर्माण क्षमताओं को बढ़ाएगी। यह सिस्टम की मदद से रियल टाइम पर निगरानी, पूर्वानुमानित रखरखाव और उत्पादन दक्षता में वृद्धि की जा सकती है, जो सीधे जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति (एसबीएफएपी) 2.0 के उद्देश्यों के साथ अनुरूप है। केंद्रीय मंत्री ने ग्रीन



■ जलमार्ग मंत्री ने 'प्रोआर्क सीएनसी प्लाज्मा कम ऑक्सी फ्यूल प्लेट कटिंग मशीन' का किया उद्घाटन

टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) के तहत विकसित किए जा रहे दो ग्रीन टग के लिए स्टील कटिंग समारोह की भी अध्यक्षता की, जो मंत्रालय का एक प्रमुख सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव है। कोचीन शिपयार्ड इन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी है।

आईएनएस विक्रांत के निर्माण से लेकर 175 से अधिक जहाजों की डिलीवरी और 2,500 से अधिक जहाज मरम्मत प्रोजेक्ट्स को पूरा करने तक, कोचीन शिपयार्ड पीएम मोदी की आत्मनिर्भरता की दिशा में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं : पुरी

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इस समय विश्वभर में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 39 देश हो गए हैं। कुछ महीने पहले हमें अर्जेंटीना से एक खेप मिली, जिससे अब कुल 40 देशों से कच्चे तेल की खरीद हो गई है। इस समय वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि वेस्टर्न हेमिस्फीयर से भी और तेल आ रहा है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने ब्राजील का उदाहरण दिया। इसके अलावा, यूएस जहां पहले 13



मिलियन बैरल कच्चा तेल एक दिन में उत्पादित हो रहा था, अब 1.6 मिलियन बैरल अतिरिक्त तेल उत्पादित किया जाएगा। हमें केवल अभी धैर्य रखने की जरूरत है। तेल की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि पहले भी बताया गया था कि कच्चे तेल का दाम कम हुआ है। हाल ही में जब मैं पत्रकारों से मिला था तो यह दर 61.80 के आसपास आ गई थी।

## टैरिफ से भारत के टेक हार्डवेयर सेक्टर को चीन व वियतनाम पर मिलेगी बढ़त

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन पर 34 प्रतिशत और वियतनाम पर 46 प्रतिशत की तुलना में भारत पर 27 प्रतिशत यूएस रेसिप्रोकल टैरिफ, देश के घरेलू टेक हार्डवेयर सेक्टर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। सीएलएसए की रिपोर्ट में कहा गया कि इससे भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, विशेष रूप से स्मार्टफोन, को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के इस कदम से ग्लोबल सप्लाई चेन भारत के पक्ष में काम करेगी और इससे देश की स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिल सकता है। वैश्विक ब्रोकिंग फर्म के अनुसार, अमेरिका का



■ अमेरिका के टैरिफ से ग्लोबल सप्लाई चेन भारत के पक्ष में करेगी काम

स्मार्टफोन आयात 51 अरब डॉलर का है, जिसमें चीन, वियतनाम और भारत प्रमुख निर्यातक हैं। भारत में एप्पल और सैमसंग के पास बड़ी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं हैं।

भारत पर कम टैरिफ, बड़ा घरेलू बाजार और प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के समर्थन से बढ़ता बैकवर्ड इंटीग्रेशन मिलकर देश की प्रतिस्पर्धात्मकता क्षमता को बढ़ाते हैं। ग्लोबल सप्लाई चेन डायनामिक्स में इस बदलाव का बड़ा लाभ डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियों को हो सकता है। सीएलएसए ने कहा कि हालांकि, एप्पल और सैमसंग का असेंबली ऑपरेशन या तो इन-हाउस है या फिर भारत में गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के साथ है, लेकिन सप्लाई चेन में डिक्सन की भूमिका बढ़ने की उम्मीद है। भारत में विभिन्न सेक्टरों के लिए अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव अलग-अलग होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, कृषि उत्पाद, केमिकल, ऑटोमोबाइल और कंपोनेंट के लिए इसका प्रभाव काफी हद तक न्यूट्रल रहने की उम्मीद है।

## बाजार ने बदली करवट, लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक

■ सेंसेक्स 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक पर

■ निफ्टी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद

सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक




का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई वहीं 67 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय शेयर बाजारों में हालिया उछाल उस समय देखने को मिला जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह संकेत दिया कि जापान बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन भेजेगा। इस बयान ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई कि अमेरिका अपने टैरिफ नीति पर नरमी दिखा सकता है। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद भारतीय बाजारों को एक सकारात्मक पुश मिला।

इस दौरान सेंसेक्स में पावरग्रिड की 0.14 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। टाइटन 3.29, बजाज फाइनेंस 3.21, एसबीआई 3.00, एलटी 2.94, बजाज फिनसर्व 2.75, एक्सिस बैंक 2.72, जोमैटो 2.62, एशियन पेंट 2.36, इंफोसिस 2.25, एचसीएल टेक 2.03, टेक महिंद्रा 2.02, भारती एयरटेल 1.90, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74 और अडानी पोर्ट्स के शेयर 1.72 प्रतिशत चढ़ गए।

साथ ही आईटीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.56, नेस्ले इंडिया 1.42, रिलायंस 1.39, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.38, सन फार्मा 1.22, मारुति 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.90, एनटीपीसी 0.84, कोटक बैंक 0.75, अल्ट्रासिम्को 0.70, एचडीएफसी 0.62, टीसीएस 0.52, टाटा स्टील 0.46 और इंडसइंड बैंक ने 0.45 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## भारत का फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम फंडिंग जुटाने में तीसरे स्थान पर रहा

**बेंगलुरु,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम फंडिंग जुटाने में 2025 की पहली तिमाही में अमेरिका और यूके के बाद तीसरे नंबर पर रहा है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सेक्टर में ज्यादातर फंडिंग लेट-स्टेज राउंड में देखी गई है। जनवरी से मार्च की अवधि में लेट-स्टेज राउंड में फंडिंग 47 प्रतिशत बढ़कर 227 मिलियन डॉलर हो गई है, जो कि 2024 की चौथी तिमाही में 154 मिलियन डॉलर थी। 2025 की पहली तिमाही में फिनटेक स्टार्टअप्स को कुल 366 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है।




■ लेट-स्टेज राउंड में देखी गई ज्यादातर फंडिंग

मार्च में कंपनियों ने सबसे अधिक 187 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, जो कुल फंडिंग का 51 प्रतिशत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास दर में नरमी, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, वैश्विक व्यापार तनाव और बढ़ती मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ा है, जिससे वेंचर कैपिटल प्रवाह हतोत्साहित हुआ। इन चुनौतियों के बावजूद, भारत की जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 25 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगापुर, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में यूपीआई की बढ़ती स्वीकृति भारतीय फिनटेक कंपनियों के लिए विदेशों में ऑपरेशंस का विस्तार करने और इस सेक्टर में अधिक कैपिटल आकर्षित करने का एक अच्छा अवसर देती है। इस सेक्टर में कुछ विशेष सेगमेंट में मजबूत वृद्धि देखी गई।

## सार संक्षेप

### जनवरी-मार्च में टाटा मोटर्स की बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के लिए अपनी वैश्विक थोक बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी, जबकि कंपनी की लग्जरी कार यूनिट जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के दौरान जेएलआर सहित समूह की कुल थोक बिक्री 3,66,177 यूनिट रही। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही में बेची गई 3,77,432 यूनिट से कम है। टाटा देवू रेंज सहित कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत घटकर 1,07,765 यूनिट रह गई। कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री भी पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत घटकर 1,46,999 यूनिट रही। हालांकि, जेएलआर ने वैश्विक बिक्री में 1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समग्र रुझान को उलट दिया। मार्च तिमाही में जेएलआर ने 1,11,413 वाहन बेचे। इसमें से लैंड रोवर ने 1,04,343 यूनिट्स का योगदान दिया, जबकि जगुआर ने 7,070 यूनिट्स बेचीं।

### बिल्डिंग मटेरियल में 2 साल में 30 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत में बिल्डिंग मटेरियल सेक्टर में पिछले दो सालों में 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ हायरिंग में तीव्र उछाल आया है, जो तेजी से बढ़ते शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और औद्योगिक विस्तार के कारण दर्ज किया गया। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। सीआईईएल एचआर की रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में पाइप और स्टील सबसे आगे हैं, जो घरेलू खपत और वैश्विक निर्यात में वृद्धि के कारण हायरिंग डिमांड में सबसे आगे हैं। 3डी प्रिंटिंग, एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी उभरती टेक्नोलॉजी ने मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं को नया आकार दिया है। वहीं, मटेरियल साइंस, सस्टेनेबिलिटी और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में विशेष भूमिकाओं की मांग में वृद्धि जारी है। कंपनियां सक्रिय रूप से ग्रीन सर्टिफिकेशन और लाइफसाइकल एनालिसिस में कुशल प्रतिभाओं की तलाश कर रही हैं, जो सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन ऑपरेशन्स की ओर बदलाव दिखाती हैं।

### जनवरी-मार्च में रिटेल सेक्टर में लीजिंग गतिविधियां बढ़ीं

**नई दिल्ली।** भारत में रिटेल सेक्टर की लीजिंग गतिविधियों में मार्च तिमाही में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 2.4 मिलियन स्क्वायर फीट पर पहुंच गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते स्थानों में नई आपूर्ति शुरू होने के कारण मॉल और मेनस्ट्रीट दोनों ने इस वृद्धि में योगदान दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि लीजिंग वॉल्यूम के मामले में हैदराबाद सबसे आगे रहा, जिसने कुल लीजिंग गतिविधि में 34 प्रतिशत (0.8 एमएसएफ) का योगदान दिया और इसमें सालाना आधार पर 106 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 27 रिंगिट फिसलकर 4535 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 45.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## स्मार्टफोन निर्यात पहली बार दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक के स्मार्टफोन का निर्यात किया है। यह पहला मौका है, जब देश ने यह आंकड़ा पार किया है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी।

वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपडेट शेयर करते हुए कहा कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है क्योंकि ग्लोबल वैल्यू चेन (जीवीसी) भारतीय अर्थव्यवस्था में एकीकृत हो रही हैं। वैष्णव ने एक्स पर लिखा कि निर्यात में वृद्धि से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं, भारतीय एमएसएमई ग्लोबल सप्लाई नेटवर्क का हिस्सा बन रहे हैं और स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है। इससे पहले आए इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 के सिर्फ 11 महीनों में भारत का स्मार्टफोन निर्यात 1.75 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया था। देश की इलेक्ट्रॉनिक्स



■ पिछले वित्त वर्ष की तुलना में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि

इंडस्ट्री को बढ़ाने में पीएलआई स्कीम का अहम योगदान है। मौजूदा समय में देश का न केवल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ रहा है, बल्कि देश में उपयोग होने वाले 99 प्रतिशत फोन मेड इन इंडिया हैं।

भारत के निर्यात बढ़ोतरी में सबसे बड़ा योगदान एप्पल का है और आईफोन की कुल निर्यात में हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत की है। अकेले तमिलनाडु में फॉक्सकॉन प्लांट ने शिपमेंट में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान दिया है।

एप्पल भारत से अमेरिका को अधिक आईफोन निर्यात करने की योजना बना रही है। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को माना जा रहा है। अमेरिकी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनी चीन से उत्पादों के आयात की बढ़ती लागत को कम करने के लिए एक अस्थायी समाधान के रूप में इस कदम पर विचार कर रही है।

### भारत से अधिक आईफोन निर्यात कर सकता है एप्पल

**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल भारत से अमेरिका को अधिक आईफोन निर्यात करने की योजना बना रही है। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को माना जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनी चीन से उत्पादों के आयात की बढ़ती लागत को कम करने के लिए एक अस्थायी समाधान के रूप में इस कदम पर विचार कर रही है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी सरकार ने हाल ही में चीनी आयात पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जो पहले घोषित 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है।

# मासूम के साथ दुष्कर्म हत्या पर बिफरी कांग्रेस



- गृहमंत्री का पुतला फूंक कर मांगा इस्तीफा
- प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप
- खुल गई सुशासन की असलियत

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल (देशबन्धु)।** जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रहे अपराध के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के गृहमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेसियों ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग भी की। इस दौरान प्रदेश संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी ने कहा कि सरकार हमेशा से महिला सुरक्षा का बात करती है, लेकिन पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। प्रदेश मे कोई भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ मे कानून व्यवस्था बेहाल है। आये दिन होने वाली घटनाएं, खास कर दुर्ग में एक मासूम बच्ची के साथ हुआ जघन्य दुर्व्यवहार और उसकी हत्या इस बात का स्पष्ट सबूत है कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम हो रही है। क्या यही है सुशासन का वादा। महिलाओं, बच्चों और नागरिकों के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है, यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। जिला कांग्रेस कमेटी इस असफल सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करती है और मांग करती है कि तत्काल प्रभाव से कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए। दोषियों को सख्त सजा दी जाए। जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए। अब चुप रहने का समय नहीं है, कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता जनता की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार का लड़ाई लड़ने तैयार हैं। आज पुतला दहन के दौरान प्रदेश सचिव राजकुमार तामो, जिला महामंत्री विमल सलाम, महामंत्री अनिल कर्मा, गीदम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलोचन सेठिया, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, पार्षद मनोज मालवीय, पार्षद इंद्रा ठाकुर, मनीष ठाकुर, गायत्री ठाकुर, सरपंच अनिल गावड़े, सरपंच लच्छू मंडावी, सरपंच सहदेव नाग, वरुण तामो, उमेश सिलावट, पंकज भारद्वाज, अंकुर वासुदेवाय, नीलेश कुजूर, उमेश राणा, वसीम खान, अरुण सोनवानी, सचिन पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी: राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00014 दरबा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544020400015

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम दरबा के वर्तमान भूमिस्वामी सचिन कुमार बंका पिता/पति सजन कुमार बंका [illegible] के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 634/23 1.0000 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] के नाम पर पंजीयत/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं: अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### सक्षम श्रीमान न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय रायपुर (छ.ग.)
**कूल नाम बदलने विलेख**

[illegible]

9. यह कि मेरे माता का सही नाम हुसैना फैज हसैना फैज (HUSAINA FAIZ) है। (HUSENA FAIZ) दर्ज है जो कि गलत है सही नाम
10. यह कि मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंक सूची में मेरा नाम अली अकबर (ALI AKBER) दर्ज है जबकि मेरा नाम अली अकबर (ALI AKBER) दर्ज है। अतः उपरोक्तानुसार संशोधन के संबंध दो गवाहों की उपस्थिति में हस्ताक्षर करवाया, मुद्रा अंकित किया गया तथा परिदत्त किया गया है।

आवेदक
अली अकबर फैज
(ALI AKBER FAIZ)

### आम सूचना
[illegible] संतान यदि कभी हुई श्री सुरेंद्र कुमार केहरी की किसी संपत्ति पर कोई अधिकार जताते हैं, तो शपथ पत्र के माध्यम से यह आम सुचना उनके निर्णय की पुष्टि करेगा और उनकी किसी भी प्रकार की कानूनी मांग को अमान्य करने हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। यह सूचना मेरे मुवक्किल के निर्देशानुसार जारी की जा रही है।

दिनांक ..........
स्थान-रायपुर छ.ग.

प्रमांशु शर्मा (अधिवक्ता)
मो.नं. 7477220090

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

ई. क्र0/ /अ-6/वर्ष 2025 रायपुर,
ग्राम-पंडरीतराई, प0ह0नं0 47, दिनांक 07.04.2025
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण **1. सुरेश कुमार अग्रवाल 2. दिनेश कुमार अग्रवाल दोनो पिता स्व. श्री कजोड़मल अग्रवाल दोनो निवासी-40/294, सत्यनारायण मंदिर कंकालीपारा** वार्ड, **अवधियापारा, रायपुर छ.ग.** द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि **ग्राम-पंडरीतराई, प0ह0नं0 47,** तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि **खाता क्रमांक-1752, शीट नंबर-33, प्लाट नंबर-28/1, 28/2, खसरा नंबर-205/2 रकबा 49005 वर्गफुट** भूमि आवेदक के पिता कजोड़मल पिता स्व. श्री जगन प्रसाद अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। तथा आवेदकगण के पिता स्व. कजोड़मल की मृत्यु दिनांक 14.07.2022 को हो चुकी है। आवेदकगण के पिता कजोड़मल पिता स्व. जगन प्रसाद अग्रवाल ने अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 21.02.2018 को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदकगण **1. सुरेश कुमार अग्रवाल 2. दिनेश कुमार अगवाल दोनो पिता स्व. कजोड़मल अग्रवाल** को वसीयत प्रदान किया है। उक्त वसीयतनामा में आवेदित संपत्ति को अपने दोनो पुत्र अर्थात सुरेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. कजोड़मल अग्रवाल को **खाता क्रमांक-1752, शीट नंबर-33, प्लाट नंबर-28/1, 28/2, खसरा नंबर-205/2 रकबा 49005** वर्गफुट में से **रकबा 24502.5 वर्गफुट** एवं **दिनेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. कजोड़मल अग्रवाल** को खाता **क्रमांक-1752,** शीट नंबर-33, प्लाट **नंबर-28/1, 28/2, खसरा नंबर-205/2 रकबा 49005** वर्गफुट में से रकबा 24502.5 वर्गफुट भूमि वसीयत में बराबर-बराबर प्रदान किया है। आवेदकगण द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए मामले की श्रेणी: राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00056 सरोना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440721900035

आज दिनांक 17/03/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर से जारी किया गया।

सील अतिरिक्त तहसीलदार
निपनिया

**न्यायालय श्रीमती अंकिता अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, भाटापारा (छ.ग.)**
**आम सूचना**

प्रोसेस क्रमांक -268/2025
प्रकरण क्रमांक-13 ए/2025
पेशी दिनांक-21.04.2025
पक्षकार:-मोहनी जायसवाल वगैरह विरूद्ध आम जनता वगैरह ( जिसका इससे संबंध हो )
प्रति.
आम जनता वगैरह ( जिसका इससे संबंध हो )

वादिनी मोहनी जायसवाल पिता जीवन लाल जायसवाल उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम धनेली, तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आम जनता (जिसका इससे संबंध हो) बेलियाबाई, पीता बाई, मनमोहन, ईश्वर, पुष्पा बाई, इन्दरा बाई के विरूद्ध वाद वास्ते सिविल डेथ (मृत्यु) की घोषणा हेतु, दावा संस्थित किया है। जीवन उर्फ जीवनलाल जायसवाल जाति कलार की दो पुत्री दीपा सिन्हा व मोहनी जायसवाल व एक पुत्र अभिषेक जायसवाल तथा पत्नी हरीबाई उर्फ कृष्णाबाई है। जीवन उर्फ जीवनलाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनका ईलाज प्रकाश नारायण शुक्ला रायपुर में हो रहा था। जीवनलाल ग्राम धनेली से वर्ष 2005 दिसंबर माह से घर में बिना कुछ बताये घर छोड़कर कही चले गये है, वादीगण द्वारा काफी खोजबीन के पश्चात जीवनलाल का पता नहीं चलने के कारण उसकी सूचना दिनांक 20.09.2017 में थाना भाटापारा ग्रामीण में करायी गयी। परंतु वादीगण को जीवन उर्फ जीवनलाल के जीवित एवं मृत्यु होने के बारे में किसी प्रकार से कोई भी जानकारी नहीं है।

वादीगण को प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद कारण जीवन उर्फ जीवनलाल के लगभग 18-19 वर्षों से लापता होने के कारण राजस्व अभिलेखों से जीवन का नाम विलोपित किये जाने हेतु जुलाई 2024 में नायब तहसीलदार के पास आवेदन पेश करने पर नायब तहसीलदार निपनिया द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया जा रहा है एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा वादीगण राजस्व अभिलेखों से जीवन का लापता होने के कारण नाम विलोपित कराने हेतु जीवन जायसवाल जाति कलार का सिविल डेथ (मृत्यु) घोषित किया जाना आवश्यक है जिस कारण वादीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष जीवन की सिविल मृत्यु घोषित किये जाने हेतु वाद प्रस्तुत किये जाने की आवश्यकता हुई हैं।

वादिनी मोहनी जायसवाल के पिता जीवन लाल जायसवाल के सिविल डेथ (मृत्यु) प्रमाण पत्र जारी किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21.04.25 तक स्वयं या किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर कर सकता है। समयावधि पश्चात् दावा आक्षेप प्राप्त होने पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी।

अत: इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 29.03.25 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

टीप: यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो अगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

दिनांक - 29 03-2025
स्थान: भाटापारा

( अंकिता अग्रवाल )
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी,
सील बलौदाबाजार के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश,
भाटापारा ( छ.ग. )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**ग्राम छुईहा रै. प.ह.नं. 08**
**तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीयूष पदमवार पिता अनिल कुमार पदमवार निवासी सिविल लाईन बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम छुईहा रै प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 150/11, 152/9 रकबा 0.0350, 0.0090 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 17.04.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
बलौदाबाजार

**न्यायालय:-श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार छ.ग.**
**उपस्थिति हेतु समंस**

धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
प्रो.क्रं. 37 प्र.क्रं. 01/2025
पेशी तारीख 28.04.2025
प्रति, आप आम जनता जो इससे संबंध रखते हैं,
श्रद्धा साहू बनाम आम जनता ( इससे संबंधित )
आवेदक

श्रद्धा साहू पति स्व. रोशन वर्मा उम्र 34 वर्ष, नाबा श्रेयांस वर्मा पिता स्व. रोशन वर्मा उम्र 07 वर्ष श्रेयांस वर्मा की वाली उसकी मां श्रद्धा, अश्वनी वर्मा पिता लतेल प्रसाद वर्मा उम्र 56 वर्ष, शारदा वर्मा पति अश्वनी वर्मा उम्र 51 वर्ष, सुमित वर्मा पिता अश्वनी वर्मा उम्र 33 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोकडी थाना व तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार छ.ग.। आप अनावेदक के विरूद्ध प्र.क्रं. 01/25 धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु वाद संस्थित किया है। आप आम जनता जो इससे संबंध रखते है इस न्यायालय में नियत तारीख 28.04.2025 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित आम जनता न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिये जा रहे है कि आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीप:-यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 28.04.2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 05.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

( राधेश्याम ध्रुव )
सील प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बलौदाबाजार छ.ग.

**कार्यालय-उप आयुक्त एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**संयुक्त कार्यालय भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 115, दूरभाष 07727223575**
**E-mail id-drcsbalodabajarx@gmail.com**

क्रमांक/उपंरा/साख/पुनर्गठन-2025/ 669 बलौदाबाजार, दिनांक 07/04/2025

## अभ्यावेदन/दावा/आपत्ति की सूचना

छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का अधिसूचना पत्र क्रमांक/एफ 15-11/15-02/2025/3/1054 दिनांक 02.04.2025 के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छत्तीसगढ़ की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों की पुनर्गठन योजना 2025 जारी की गई है। जिसकी अधिसूचना छ.ग. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 284 नवा रायपुर, गुरूवार, दिनांक 03 अप्रैल 2025 में प्रकाशित किया गया है। पुनर्गठन योजना 2025 के तहत अनुसूची-एक, दो, तीन जारी किया गया है। जिसका अवलोकन समस्त समिति कार्यालयों, समस्त सहकारी बैंक शाखा कार्यालयों, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सकारी केन्द्रीय बैंक बलौदाबाजार-भाटापारा तथा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में किया जा सकता है। तत्संबंध में सोसाइटी के सदस्यों, हितबद्ध पक्षकार, सोसाइटियों, बैंक शाखाओ एवं अन्य द्वारा सोसाइटी के पुनर्गठन से संबंधित अपना अभ्यावेदन/दावा/आपत्ति लिखित में कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार-भाटापारा में तीन प्रतियों में दिनांक 23.04.2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

( एस. के. पाण्डे )
उप पंजीयक
सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार-भाटापारा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..... अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम धनेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भानु प्रताप ध्रुव पिता श्री सरहाराम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम सिलवा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम धनेली प0ह0नं0 26 रा0नि0मं0 निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 13/4 एवं 773/1 शामिल 773/2 रकबा क्रमश: 0.1370 एवं 0.1010 हे0 कुल खसरा नम्बर 02 योग रकबा 0.2380 हे0 लगान 0.37 रूपये को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16.12.2015 के अनुसार वसीयतनामा निष्पादक डेरहाराम पिता परउ जाति गोंड के स्थान पर वसीयत ग्रहिता भानु प्रताप ध्रुव पिता श्री सरहाराम ध्रुव जाति गोंड का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक. 11/04/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो, अपना आपत्ति नियत पेशी तारीख... 11/04/25 .. तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर सहित न्यायालय से जारी किया गया।

सील अतिरिक्त तहसीलदार
निपनिया

**न्यायालय नायब तहसीलदार, भाटापारा**
**ईश्तहार**

मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ: जिला बलौदाबाजार-भाटापारा तहसील-भाटापारा प.ह.न.-00002 कैंथी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202425500200100001

तहसील भाटापारा के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम कैथी के वर्तमान भूमिस्वामी दशरथ पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह, जीवराखन पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह गंगाबाई पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह, जलसाबाई पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 17/2(0.2030), 156/1(0.2430), 164(0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जलसाबाई पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह दशरथ पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह जीवराखन पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह गंगाबाई पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा0देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार, भाटापारा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील ABHISHEK AGRAWAL
नायब तहसीलदार

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राप्रक्र.... अ/6-अ वर्ष 2024-25
ग्राम पाटन प.ह.न. 31 तह. भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदिका दुर्गा मानिकपुरी पति हरमोहनदास जाति पनिका निवासी ग्राम पाटन तहसील भाटापारा के व्दारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 537, 645, 1016, 1022, 1124/2 रकबा कमश: 0.5020, 0.9710, 0.1460, 0.0970, 2.3310 हे कुल खसरा नंबर 05 योग रकबा 4.070 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में ग्राम नौकर (कोटवार) सेवा भूमि पूर्व ग्राम कोटवार पुरनदास वल्द गुहनदास के नाम पर दर्ज है, पुरनदास वल्द गुहनदास ग्राम नौकर के सेवानिवृत्त होने के बाद आवेदिका के पति हरमोहनदास वल्द पुरनदास जो ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ थे जिसकी आकस्मिक मृत्यु के बाद आवेदिका माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 06/08/2021 को ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ है, जिसमें आवेदिका के व्दारा ग्राम कोटवार के नियुक्ति हो जाने से उक्त आदेश के तहत राजस्व अभिलेख में पूर्व ग्राम कोटवार पुरनदास वल्द गुहनदास ग्राम नौकर के नाम के स्थान पर वर्तमान कोटवार के बतौर आवेदिका दुर्गा मानिकपुरी पिता हरमोहनदास जाति पनिका ग्राम कोटवार (ग्राम नौकर) दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र मय ग्राम कोटवार के आदेश की प्रति के साथ आवेदन पेश किया है जो इस न्यायालय के नामांतरण हेतु प्रकरण विचाराधीन है। उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 17/04/2025 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सील अतिरिक्त तहसीलदार

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/ 38 / लो.नि.वि./न.पा./ 2024-25 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 07.04.2025

## द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समयावधि | ऑनलाईन निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 166693 | वार्ड क्रमांक 6 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य राशन दुकान के पास। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | अंतिम तिथि 23.04.2025 फिजिकल जमा तिथि 28.04.2025 बिड खोले जाने की तिथि 02.05.2025 |
| 02 | 166694 | वार्ड क्रमांक 11 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मुखर्जी चौक के सामने। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 03 | 166695 | वार्ड क्रमांक 14 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मिनी गार्डन के पास। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 04 | 166746 | वार्ड क्रमांक 15 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य डबरा पारा। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 05 | 166697 | वार्ड क्रमांक 16 दावत होटल से दुर्गा फोटो स्टुडीयो तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 10.14 | 7650.00 | 04 माह | |
| 06 | 166698 | वार्ड क्रमांक 17 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य श्याम नगर। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 07 | 166699 | वार्ड क्रमांक 18 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य न्यू शिक्षक कॉलोनी। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 08 | 166700 | वार्ड क्रमांक 19 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जोता रोड। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 09 | 166701 | वार्ड क्रमांक 22 खेल मैदान का जीर्णोद्धार मुक्तिधाम के पीछे। | 10.04 | 7550.00 | 04 माह | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.....ब/ 121 वर्ष 2024-25
ग्राम- शहीदवीरनारायण वार्ड, भाटापारा तह. भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदिका यशोमति बंजारे पति मनीष कुमार बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम छतौद तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने माता पूनम बाई गहरे पति सुन्दर साय गहरे (माता दुलमबाई) की मृत्यु दिनांक 10/06/2010 को (स्थान) शहीद वीरनारायण वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में हुआ है, जिसके पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वार्ड पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 15/04/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/4/15 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/04/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सील भाटापारा ( छत्तीसगढ )

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.....ब/ 121 वर्ष 2024-25
ग्राम- शहीदवीरनारायण वार्ड, भाटापारा तह. भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदिका यशोमति बंजारे पति मनीष कुमार बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम छतौद तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता सुन्दर साय गहरे पिता आनंदी गहरे (माता लैनी बाई) की मृत्यु दिनांक 05/09/20212 को (स्थान) शहीद वीरनारायण वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में हुआ है, जिसके पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वार्ड पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांका 15/04/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/04/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/04/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सील भाटापारा ( छत्तीसगढ )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा). भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

आनलाईन नं. 202504211100020
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण पिता मुरारीलाल केशरवानी निवासी ग्राम-भाटापारा तहसील-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा श्री (छ.ग.) द्वारा ग्राम- अवरेठी प.ह.न. 10 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 189/16 रकबा 0.2840 हेक्टेयर, लगान 336.00 रुपये भूमि को आवेदक नारायण पिता मुरारीलाल केशरवानी के एकल खाते में ब्यपवर्तित भूमि के रूप में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि को व्यपवर्तित भूमि से कृषि प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण करने के लिये खसरा, बी-1, चालान की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त ब्यपवर्तित भूमि को कृषि प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 17/04/2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी ( रा ).
भाटापारा

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम सिल्वा प.ह.नं. 25

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक संजय कुमार ध्रुव पिता सरहा ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम सिल्वा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के व्दारा ग्राम सिल्वा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 34/5 रकबा 0.8090 हे. लगान 1.50 रूप्ये कृषि भूमि राजस्व अभिलेखों में जेठियाबाई पति डेरहाराम जाति गोंड के नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 03/01/2025 को नि: संतान हो चुकी है। जो अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16/12/2015 के आधार पर राजस्व अभिलेखों में संजय कुमार ध्रुव एवं भानु पिता सरहा के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ दस्तावेज पेश किया है। तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11/04/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 11/04/25 को स्वयं या अपने वैघ अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 28/03/25 को मेरे हस्ताक्षर से वो हसीलदार न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
सील निपनिया

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..... अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम सिलवा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भानु प्रताप ध्रुव पिता श्री सरहाराम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम सिलवा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम सिलवा प0ह0नं0 25 रा0नि0सं0 निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 208/3, 311/1, 311/6, 311/7, 472/1, 585/2 रकबा क्रमश: 0.1330, 0.0650, 0.0530, 0.0690, 0.0790, 0.1420 हे0 कुल खसरा नम्बर 06 योग रकबा 0.5410 हे0 लगान 1.42 रूपये को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16.12.2015 के अनुसार वसीयतनामा निष्पादक डेरहाराम पिता परउ जाति गोंड के स्थान पर वसीयत ग्रहिता भानु प्रताप ध्रुव पिता श्री सरहाराम ध्रुव जाति गोंड का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11/04/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो, अपना आपत्ति नियत पेशी तारीख. 11/04/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर सहित न्यायालय में जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
सील निपनिया

# बंजारा समाज का समृद्धशाली इतिहास: विष्णुदेव साय

■ मुख्यमंत्री विश्व बंजारा दिवस पर विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समाज का इतिहास बहुत समृद्धशाली रहा है। बहुत पहले से यह समाज व्यापार से जुड़ा रहा है। देश की स्वतंत्रता में भी बंजारा समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री का बंजारा समाज द्वारा पारम्परिक बंजारा पोशाक पहना कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री को बंजारा समाज द्वारा प्रकाशित पुस्तिका भी भेंट की गयी। बंजारा समाज की महिलाओं ने पारम्परिक लड़ी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री साय ने विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम की शुरुआत बंजारा समाज के आराध्य गुरुनानक देव व सन्त सेवालाल महाराज व के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर के किया। उन्होंने बंजारा समाज को विश्व बंजारा दिवस 08 अप्रैल की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समुदाय बरसों से व्यापार करता रहा है। पहले बैल के माध्यम से बंजारा समाज व्यापार के सामान दूर-दूर तक ले जाता था। मुझे बंजारा समाज के आदरणीय लखी शाह जी के योगदान का स्मरण हो रहा है। बताते हैं कि उनके पास दो लाख बैल थे और उनके हर कारवां में सैकड़ों बैल होते थे, वे रावलपिंडी से काबुल-कंधार तक यात्रा करते थे। उस जमाने में दिल्ली के चांदनी चौक में बड़ी जमीन उनके पास थी धन-दौलत के भंडार होने के बावजूद वे हमेशा विनम्र रहे और परोपकार में अपना धन खर्च किया। उन्होंने 95 साल की उम्र में औरंगजेब की सेना का प्रतिरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा बंजारा समाज से घनिष्ठ संबंध रहा है। मेरे गांव बगिया के आसपास मदनपुर, पत्थलगांव, हथगड़ा आदि अनेक गांव हैं, जहां बंजारा समाज के भाई-बंधु रहते हैं, वे सब मेरे आत्मीय हैं। ग्राम हथगड़ा में तो पूरा बंजारा समाज के लोग ही निवासरत है। जहां पूरा गांव कैटरिंग का काम करते है। आसपास के गांव में कोई भी कार्यक्रम होता है तो इसी गांव के लोगों को ही बुलाते है। छत्तीसगढ़ के बसना में भी बंजारा समाज के लोगों की बड़ी जनसंख्या है। बहुत खुशी की बात है कि आज यह महाकुंभ का आयोजन बंजारा समाज कर रहा है। ऐसे आयोजन से समाज को आपस मिलने-जुलने और एकजुट होने का अवसर मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद हमने पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में 70 लाख माताओं- बहनों को महतारी वंदन की राशि दी जा रही है। हमारा राज्य धान का कटोरा है। हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहे हैं। हमारे वनवासी भाई-बहनों को तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा 5500 रुपये दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ वासियों को भगवान रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। अभी तक 22000 से ज्यादा श्रद्धालु भगवान रामलला का दर्शन कर चुके हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी शुरुआत शुरूआत की गई है। हम हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। यह बहुत गर्व की बात है कि राज्य बनने के बाद 25 वर्ष की यात्रा में छत्तीसगढ़ में हमने आईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, ट्रिपल आईटी जैसे शीर्ष संस्थाएं स्थापित हैं।

विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम को महाराष्ट्र के मृदा व जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़ ने कहा कि केरल से लेकर कश्मीर तक बंजारा समाज की एक बोली है। पूरे देश में बंजारा समाज के तीज-त्योहार, परंपरा, संस्कृति, खान-पान एक है। बंजारा समाज नैसर्गिक रूप से एक प्रकृति पूजक समाज है। हमारा समाज पूरे देश में फैला हुआ है। हर जगह यह अलग-अलग नामों से पहचाना जाता है।

विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में श्रीश्री मंडल महंत स्वामी उमेशानन्द गिरी महाराज, महाराष्ट्र के राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, कर्नाटक के पूर्व सांसद उमेश जाधव, अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष शंकर पवार, प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव रामजी नायक, पिसी राठौड़, श्रीमती शीतल संजय राठौड़, श्रीमती मोहिनी ताई नायक सहित बड़ी संख्या में बंजारा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से रुपए ऐंठने वाले एक ठग को पंतोरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कई लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की थी।

मामला सामने आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में पंतोरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अभिनाश उर्फ अविनाश कुमार साहू (उम्र 25 वर्ष), निवासी सिचाई कॉलोनी पंतोरा, थाना बलौदा, ने आवेदक शनिलाल यादव निवासी अंगारखार सहित अन्य लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर 50,000 रुपये की ठगी की। शिकायत प्राप्त होने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में ठगी जैसे अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में एक सशक्त संदेश गया है। पंतोरा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति नौकरी दिलाने का झांसा दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# एफसीआई में तेजी से चांवल जमा कराएं: खाद्य मंत्री बघेल

## उपार्जन केंद्रों में शेष धान को शीघ्र उठाव कराने के निर्देश



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल आज दूसरे दिन मार्कफेड के अधिकारियों के बैठक लेकर राज्य में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का तेजी से उठाव और कस्टम मिलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्कफेड के अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केंद्रों में शेष बचे धान के उठाव और कस्टम मिलिंग पश्चात् राईस मिलरों के साथ समन्वय बनाकर एफसीआई में चावल जमा कराई जाए। बघेल ने आज नया रायपुर स्थित आईपी. क्लब स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विपणन सहकारी संघ के सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। किसानों को सहूलियत पहुंचाना हमारी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ की जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में को संग्रहण केंद्रों की स्थिति का जायजा लेने नए संग्रहण केंद्रों के निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन की स्थिति को देखते हुए संग्रहण केंद्र का निर्माण होना चाहिए ताकि उपार्जन केंद्रों से संग्रहण केंद्र ले जाने जो परिवहन लागत होती है उसको कमी लाई जा सके। आगामी खरीफ विपणन वर्ष की तैयारी के हिसाब से फेंसिंग कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपूर्ण व नए अधोसंरचना निर्माण के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, जिला विपणन अधिकारी तथा एनआईसी के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# सुखी समृद्ध ग्राम कार्यशाला में गांवों के विकास का संकल्प

■ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद विजय बघेल ने किया मार्गदर्शन, बेमेतरा से 25 सरपंच-पंच शामिल

■ डॉ अवधेश पटेल ने गांवों की स्थिति के आंकलन हेतु ग्रामीण सर्वेक्षण रिपोर्ट का प्रशिक्षण दिए




**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। अभ्युदय संस्थान, अछोटी में "सुखी समृद्ध ग्राम परिवार से सुखी समृद्ध विश्व परिवार" विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से सरपंच, पंच, जनपद सदस्य और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पहले दिन सांसद विजय बघेल ने शिरकत की। बेमेतरा जिले से 25 सरपंच और पंचों की भागीदारी रही, जिन्होंने ग्राम विकास के लिए नए संकल्प लिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "अभ्युदय संस्थान से प्राप्त प्रशिक्षण को अपने गांवों में लागू करें। सामाजिक समानता और आपसी तालमेल से गांवों को समृद्ध बनाएं। पंचायत के नियमों का अध्ययन कर विकास की संभावनाएं तलाशें।" उन्होंने संस्थान में गौशाला, सोलर सिस्टम और हरे चारे की खेती का अवलोकन भी किया। वहीं, सांसद विजय बघेल ने जोर दिया कि गांवों में गौशाला, जैविक खेती और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा, "चनवचर के लिए 6 एकड़ जमीन चिह्नित करें और गांव को अच्छे कार्यों से पहचान दिलाएं।"

सरपंचों के संकल्प- नशामुक्ति से लेकर जल संरक्षण तक कार्यशाला में सरपंचों ने प्रशिक्षण के आधार पर कई संकल्प लिए। रायपुर के लखना सोमनाथ की सरपंच श्यामा देवी साहू ने नशा न करने वालों को पुरस्कार देने की घोषणा की। बेमेतरा के ताला के सरपंच विवेक दीवान ने नशामुक्ति, गौ संरक्षण, हरे चारे की खेती और जल संरक्षण के लिए तालाब व नाला बंधान का संकल्प लिया। मुरमुंदा के सरपंच परमानंद साहू ने तालाब गहरीकरण और सोखता गड्ढा बनाने की प्रतिबद्धता जताई। धौर हिंगनाडीह (दुर्ग) के सरपंच देवानंद कुर्रे और अछोटी के सरपंच हीरालाल मारकंडे सहित कई प्रतिनिधियों ने अपने गांवों में जीवन विद्या शिविर आयोजित करने की इच्छा जाहिर की।

ग्राम स्वराज्य और जैविक खेती पर जोर कार्यशाला में प्रतिनिधियों को जैविक कृषि, गौपालन और सोलर ऊर्जा से संचालित उपकरणों का अवलोकन कराया गया। डॉ. अवधेश पटेल ने ग्राम स्वराज्य योजना के लिए ग्रामीण सर्वेक्षण की जानकारी साझा की। बोडरा के टोमन साहू, किरीतपुर के राममिलन यादव और पेंड्रा की शिक्षिका निष्ठा सोनी ने अपने अनुभव साझा किए। शिक्षा संस्कार योजना पर डॉ. मीनाक्षी राठौड़ ने प्रस्तुति दी, जबकि अभिभावक विद्यालय अछोटी की सुचित्रा श्रीवास्तव और मानव तीर्थ के अंकित पोंगुला ने विचार व्यक्त किए।

बेमेतरा से सक्रिय भागीदारी बेमेतरा जिले से ग्राम फरी के सरपंच लक्ष्मण डेहरे, तेंदुआ खमरिया के रोहित वर्मा, देवरबीजा के हेमलाल देवांगन और कुरूद खमरिया के सरपंच सहित कई प्रतिनिधि शामिल हुए। समाधान कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल के नेतृत्व में यह समूह कार्यशाला में सक्रिय रहा।

निष्कर्ष- गांवों में नवाचार की पहलयह कार्यशाला गांवों के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई। उपमुख्यमंत्री और सांसद के मार्गदर्शन में सरपंचों ने नशाबंदी, गौ संरक्षण, जल संवर्धन और जीवन विद्या जैसे संकल्पों के साथ अपने गांवों को समृद्ध बनाने का बीड़ा उठाया। अभ्युदय संस्थान का यह प्रयास ग्राम स्वराज्य की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की समीक्षा की



■ देरी व लापरवाही पर जताई नाराजगी, अधिकारियों और एजेंसियों को लगाई फटकार

■ अधूरे कार्यों को बारिश से पहले पूर्ण करने के दिए निर्देश, काम में लापरवाही एवं उदासीनता पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने आज मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मिशन के कार्यों में देरी और लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों और एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधूरे कार्यों को बारिश से पहले पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मिशन अमृत 2.0 के नोडल अधिकारी, अभियंता, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट कन्सल्टेंट्स एवं उनके डिप्टी टीम लीडर्स, असिस्टेंट कन्स्ट्रक्शन मैनेजर्स तथा चयनित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद थे।

नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के अधिकारियों को मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा फील्ड में जाकर प्रगति व गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने अगली समीक्षा बैठक में कार्यों की भौतिक प्रगति और समयबद्ध योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। उल्लेखनीय है कि मिशन अमृत 2.0 के तहत प्रदेश के 36 नगरीय निकायों में पेयजल परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से 29 में कार्यादेश जारी हो चुके हैं।

डॉ. बसवराजु ने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मिशन के कार्य समय पर पूरे नहीं होने पर केंद्र सरकार से राशि नहीं मिलेगी, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। मिशन अमृत 2.0 को मार्च-2026 तक पूरा करना है। यह केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। भारत सरकार और उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को मिशन के कार्यों में कुशल मानव संसाधन लगाने के साथ ही ड्राइंग-डिजाइन, सर्वे डीटेल और अन्य कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु ने नगरीय निकायों को प्रत्येक स्वीकृत कार्य के लिए एक्शन प्लान तैयार करने और उसकी प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा। उन्होंने लगातार पत्राचार के बाद भी कार्यों में उदासीनता बरतने वाले नगरीय निकायों को चेतावनी दी।

# एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय को ओवरऑल द्वितीय चैम्पियन का खिताब मिला

■ 18 विधाओं में 29 छात्र-छात्राओं ने किया प्रदर्शन

■ देशभर के सभी विश्वविद्यालयों के बीच प्रतियोगिता में मिली सफलता




**खैरागढ़,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में 3 मार्च से 7 मार्च तक राष्ट्रीय युवा उत्सव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया जहां इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के 29 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुये अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन कर 18 विधाओं में पुरस्कार प्राप्त कर ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही दृश्यकला कैटेगरी में ओवरऑल रैंक प्रथम तथा डांस कैटेगरी में ओवरऑल रैंक द्वितीय हासिल किया है। छात्र कलाकारों ने कुल चार विधाओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें शास्त्रीय नृत्य (कथक) में हिमाश्री दास, सुगम संगीत गायन एकल में प्रथा रामटेके, क्ले मॉडलिंग में राहुल रूंजे व रंगोली में गुलशन साहू शामिल है। इसी तरह कुल पांच विधाओं में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें शास्त्रीय गायन में ऋष कुमार, पाश्चात्य वाद्य वादन में मानस कमल, इंस्टालेशन में राहुल रूंजे, प्रियांशु निरंजक, आनंद खंडेलवाल, गिरीश दास, फोटोग्राफी में रितेश डड़सेना व कार्टूनिंग में प्रियांशु निरंजक शामिल हैं। कुल पांच विधाओं में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें शास्त्रीय वाद्य वादन में मानस व मयंक, कोलाज में गुलशन साहू, लोकनृत्य में खेमलाल श्रीवास, खुशी वर्मा, जीतू राम वर्मा, देव्स, नम्रता कंवर, वंदना, सुमन बीरवंशी, खगेश, खिलेश, निषा जंघेल, करन कुमार, ऑन स्पॉट पेंटिंग में कनक खंडेलवाल तथा रैली प्रतियोगिता शामिल है। एक विधा में चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें समूह गायन शामिल है जिसकी प्रस्तुति प्रथा रामटेके, किशन प्रकाश, ऋष प्रकाश, प्रिया कुमारी, मोनिका निराला, डेविड किसपोट्टा व मानस कमल चौधरी ने दी। प्रतियोगिता में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुये इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विजय हासिल करते हुये ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त कर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का नाम भी गौरान्वित किया है। राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ टीम मैनेजर के रूप में जगदेव नेताम सहायक प्राध्यापक व गुंजन तिवारी अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस तरह संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुल 18 पुरस्कार प्राप्त कर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को पूरे भारतवर्ष में रेखांकित किया है। ऑक्टेव-2025 कार्यक्रम के अवसर पर विजयी छात्रों ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। राज्यपाल ने इस बड़ी उपलब्धि पर सभी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इसी तरह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुलपति सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल एवं समस्त अधिष्ठाता व अधिकारी तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुये पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पति ने की पत्नी की हत्या, फिर फांसी लगाकर दे दी जान

**बिलासपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। बेलगहना चौकी क्षेत्र के उमरिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां घरेलू विवाद के चलते एक पति ने पहले अपनी पत्नी की डंडे से वार कर हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, जहां एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। घटनास्थल से दो शव बरामद हुए, एक महिला का शव कमरे के अंदर और पुरुष का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। दोनों का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया सामने आया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद पति ने गुस्से में आकर पत्नी की जान ले ली और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



# पुल के फेस वाल से टकराकर ट्रेलर में लगी आग, चालक की जलकर मौत

■ जेसीबी ले जा रहा था रायपुर

**महासमुंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। महासमुंद जिले में नेशनल हाईवे-53 पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। शहीद वीरनारायण सिंह बांध कोडार के पास एक ट्रेलर पुल के फेस वाल से टकरा गया। हादसे में ट्रेलर में आग लग गई और चालक की जलकर मौत हो गई।

घटना शाम 5:30 बजे की है। ट्रेलर ओडिशा से रायपुर की ओर दो जेसीबी मशीनें लेकर जा रहा था। टक्कर के बाद बैटरी टर्मिनल से निकली चिंगारी डीजल टैंक तक पहुंच गई। आग इतनी भीषण थी कि चालक केबिन से बाहर नहीं निकल पाया।



फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। तब तक ट्रेलर पूरी तरह जल चुका था। ट्रेलर पर लदी दो जेसीबी में से एक का टायर भी जल गया। आग पर आधे घंटे में काबू पाया गया। हादसे के कारण हाईवे पर एक तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

एडिशनल एसपी प्रतिभा पाण्डेय के अनुसार, ट्रेलर मालिक से संपर्क किया जा रहा है। मालिक से संपर्क होने के बाद ही मृतक चालक की पूरी जानकारी मिल पाएगी। घटना तुमगांव थाना क्षेत्र की है, जो महासमुंद जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर है।

**NECC**

| 09.04.2025 | अंडा | मुर्गी | कड़कनाथ |
|---|---|---|---|
| फार्म | 410 | 75 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 97 | 200 |

डिलीवरी 425 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

लड़की- मैं अपने पापा की परी हूं.
लड़का- मैं भी अपने पापा का पारा हूं.
लड़की - पारा..? ये क्या है?
लड़का- मुझे देखते ही उनका पारा चढ़ जाता है।

## संपादकीय

# प्रेम सम्बन्धों में हिंसा क्यों?

लगभग हर रोज इस तरह की खबरें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं जिनमें प्रेम सम्बन्धों के चलते हिंसा का इस्तेमाल होता है- कभी ऐसा रिश्तों की तो कभी एकतरफा प्यार के कारण। इनमें कोई एक पक्ष किसी न किसी कारण से अपने साथी की प्रताड़ना करता है या हिंसक तरीके अपनाता है। इसे टाला जाना चाहिये क्योंकि ऐसी हिंसा करने वाला हो या उसे झेलने वाला, दोनों का जीवन उसके बाद सहज नहीं रहता। देखा जाता है कि ऐसी हिंसा के बाद दोनों ही पक्ष शरीर व मन पर गम्भीर चोटें झेलते हैं। इससे लोगों के उनके जीवन और कैरियर तक बर्बाद होते पाये गये हैं। हत्याएं तक होती हैं।

ऐसा ज्यादातर युवावस्था के दौर से गुजरने वाले विवाहित और प्रेमी जोड़ों के साथ होता है इसलिये पालकों एवं अभिभावकों को अपने बेट-बेटियों को बढ़ती उम्र में ही सम्बन्धों की बारीकियां बतलाई जानी चाहिये। जो लोग ऐसी स्थिति की चपेट में आ ही जाते हैं, उन्हें उससे उबरने में भी मदद की जानी चाहिये। नयी जीवन शैली में जहां एक ओर युवा वर्ग मनोरंजन की दुनिया को देखकर अपने प्रेम सम्बन्धों को गढ़ना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ परम्परागत परिवार तथा समाज से उसे अवरोध मिलते हैं। किसी एक पक्ष के इन रिश्तों से पीछे हटने पर ऐसी हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इस तरह की वारदातों के कई आयाम व पहलू होते हैं। यह भी नहीं कि ऐसा केवल किसी एक इलाके में होता हो। ग्रामीण क्षेत्र हों अथवा शहरी या फिर आदिवासी- सभी जगहों पर वैवाहिक जीवन से लेकर प्यार के रिश्तों में हिंसा अपनाई जाती है।

मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केसरा गांव में मनोज मांझी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी फूलकुंवर तथा लक्ष्मण मांझी को अलग-अलग कमरों में टांगी से काट डाला क्योंकि उसने लक्ष्मण को अपने घर में उस समय देख लिया था जब वह कुछ काम करके लौटा था। सरगुजा के लखनपुर के चुकनडांड गांव के एक युवक का कोरबा की एक नाबालिग से सम्बन्ध था। इस सिलसिले में पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। रायपुर के ब्राह्मणपारा की एक युवती अपने काम पर भाठागांव जा रही थी कि वहीं के एक युवक ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया क्योंकि वह उससे बात करना चाहता था पर युवती इंकार करती थी। रायपुर के ही खम्हारडीह की एक फैशन डिजाइनर के घर में घुसकर 6 लड़कियों ने कोई कपड़ा लौटाने के नाम पर मार-पीट की। असली कारण इनमें से एक लड़की का किसी युवक से इश्क बतलाया जाता है जो वारदात की असली वजह है। ऐसे सभी तरह के रिश्तों में कोई भी अप्रत्याशित मोड़ आने पर बेहद समझदारी भरे कदम उठाने चाहिये। हिंसा का सहारा लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं।

## सुशासन तिहार 2025

# जिले के ग्रामीण इलाकों में समस्या-शिकायतों के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह



**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत मंगलवार से शुरू प्रथम चरण में जिले के ग्रामीण इलाकों में समस्या-शिकायतों के निराकरण सहित योजनाओं के तहत मांगों के समाधान के लिए लिए ग्रामीणों ने उत्साह दिखाया और अपने आवेदन पत्र ग्राम पंचायत मुख्यालयों में स्थापित समाधान पेटियों में डाला। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में भी नागरिकों ने अपने बुनियादी सुविधाओं से सम्बंधित समस्याओं के निदान हेतु आवेदन पत्र समाधान पेटियों में डाला। जगदलपुर ब्लॉक के कुरंदी ग्राम पंचायत मुख्यालय में उत्सव जैसा माहौल परिलक्षित हुआ जब ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए सुबह ड्यूटीरत कर्मचारी पहुंचे तो पहले से ही ग्रामीण यहां अपनी समस्या सम्बन्धी आवेदन पत्र देने एकत्र हो गए थे। मौके पर उपस्थित सोनाधर बघेल ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं बीते महीने 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्ग गुरु बघेल ने कहा कि वे वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित होने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी अपनी समस्या और मांगों के निराकरण की आस लेकर आवेदन पत्र देने यहां पहुंची थीं। आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए ड्यूटी में लगे माड़पाल के शिक्षक श्री सूर्यपाल कश्यप ने बताया कि कई बुजुर्ग ग्रामीण आवेदन लिख नहीं पाते उनका आवेदन पत्र तैयार कर उन्हें दे रहे हैं। विदित हो कि सुशासन तिहार-2025 आयोजन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है।

**तीन चरणों में हो रहा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन-** सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने सहित https://sushasantihar.cg.nic.in/ एक पोर्टल भी बनाया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, जिला कार्यालय इत्यादि में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें नि:संकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था हाट-बाजारों में भी की गई है। साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी https://sushasantihar.cg.nic.in/ पोर्टल में व्यवस्था है, जनसाधारण कॉमन सर्विस सेंटर में भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता : किरण देव



जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य , जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है : विधायक

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक किरण देव ने मंगलवार को विधायक कार्यालय नयापारा में क्षेत्र की जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उनकी समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया। क्षेत्रीय विधायक किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से आये जनमानस की समस्याओं को जिसमें पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण, राजस्व संबंधी, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द निराकरण करने की बात विधायक ने कही। विधायक किरण देव ने कहा क्षेत्र की जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# प्रगतिशील साहित्य और भारतीय समाज, विषय पर व्याख्यान



प्रगतिशील लेखक संघ का आयोजन

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रगतिशील लेखक संघ का 90 वॉ स्थापना वर्ष 9 अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कल 9 अप्रैल बुधवार को अपराह्न साढ़े चार बजे से लाला जगदलपुरी केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थित जिला ग्रंथालय के पूर्व युवोदय अकादमी कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें समाजशास्त्री अली एम. सैयद, सेवा निवृत्त प्राध्यापक, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर का प्रगतिशील साहित्य और भारतीय समाज विषय पर व्याख्यान होगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रगतिशील लेखक संघ के जगदीश चंद्र दास ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में नगर के साहित्य प्रेमी ,प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# कमिश्नर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरनार एवं माड़पाल में आवेदन पत्र प्राप्ति का लिया जायजा



**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन पत्र प्राप्त करने की शुरुआत हुई, जिसमें अपनी समस्या-शिकायत निराकरण के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखण्ड के नगरनार तथा माड़पाल में ग्रामीणों से आवेदन पत्र प्राप्ति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस मौके पर नगरनार एवं माड़पाल के आवेदन प्राप्ति स्थल पर स्वयं आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर सम्बन्धित आवेदकों रतनी बाई एवं फूलमनी अमदिया का उत्साहवर्धन किया, साथ ही ड्यूटीरत कर्मचारियों से पंजी में आवश्यक प्रविष्टि करवाने के उपरांत पावती देने कहा। वहीं ग्रामीणों को जरूरत के अनुरूप आवेदन पत्र लिखने के लिए सहायता देने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने इस दौरान सुशासन तिहार में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों और अन्य लोगों को प्रोत्साहित किया।

कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान सुशासन तिहार के तहत आवेदन पत्र प्राप्ति स्थलों पर आम लोगों के बैठने की व्यवस्था हेतु छाया, दरी और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं आम जनता को सुशासन तिहार के बारे में अवगत कराने के लिए मैदानी अमले के जरिए प्रचार-प्रसार किए जाने कहा, साथ ही कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह है और आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित नियमित तौर पर मॉनिटरिंग के लिए भी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुशासन तिहार के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के जरिए नागरिकों को जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाया जा रहा है और हाट-बाजारों में भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगरनार में 59 तथा माड़पाल में 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रवीण वर्मा, डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद ने शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए सहयोगियों और जनता का माना आभार

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीरामनवमी पर विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा निकाली गयी भव्य शोभायात्रा यात्रा बड़े हर्षोल्लाज के साथ भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। विश्व हिन्दूपरिषद द्वारा विगत चार वर्षों से प्रभु श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाती रही है, जिसमें प्रतिवर्ष सभी हिन्दू सनातनी समाजों का बढ़ चढ़कर सहयोग प्राप्त होता रहा। शोभा यात्रा में सभी समाजों की सहभागिता इस वर्ष और भी अति उत्साह, उमंग के साथ स्वस्फुत रूप से सान्त हुई। इसमें सभी समाज प्रबों वर्तमान पर्दाधिकारियों और शहर के बुद्धिजीवीयों का भी सहयोग व मार्गदर्शन रहा। इन सभी के सहयोग के लिए विश्व हिन्दू परिषद उन्हें साधुवाद के धन्यवाद देता देखा प्रेषित करता है।

पुन: विश्व हिन्दू परिषद शहर के उन और जागरुक सनातनियों का विशेष रूप से आभारी है, जिन्होंने तन मन धन से सहयोग किया और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु योगदान दिया। राम नवमी की शोभा यात्रा में विभिन्न समूहों के द्वारा चौक चौराहों की साज सज्जा की गयी। नवमी के दिनों तक पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम कराए गए। सभी संगीतमय वातावरण का निर्माण करने में जिनका सहयोग रहा उन सभी को हृदय में धन्यवाद। श्री राम नवमी की शोभायात्रा इस मायने में भी अभूतपूर्व रही कि नगर के नागरिक अपने परिवार के साथ इस शोभा यात्रा में शामिल हुए और शोभायात्रा को भक्तिमय बनाया उन सभी को बहुत साधुवाद।

इस विशाल शौनायात्रा की सुविधा का ख्याल रखते हुए अनेक समाजों एवं संगठनों ने चौक चौराहों पर शीतलपेट एवं जलपान की समुचित व्यवस्था की थी। जो शहर के सहयोगी चरित्र का निर्माण करती है। इसके लिए भी विश्व हिन्दू परिषद सभी का आभार व्यक्त करता है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनके प्रयास और सहयोग का विश्व हिन्दू परिषद आभार व्यक्त करता है। अंत में विश्व हिन्दू परिषद नगर निगम को भी विशेष आभारी है जिनके सहयोग से यह भव्य शोभा यात्रा सम्पन्न हुई। एक बार पुन: विश्व हिन्दू परिषद अपने कार्यों एवम् कार्यक्रमों में आप सभी की सहभागिता और सहयोग की अपेक्षा रखता है और पुन: आप सभी के सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

# महावीर जन्म कल्याण महोत्सव, माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने तैयारी पूर्ण



विश्व शांति व सर्वकल्याण के लिए 108 देशों के एक करोड़ से ज्यादा लोग आज करेंगे

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जैन समुदाय विश्व शांति व सौहार्द्र की कामना को लेकर भारत सहित विश्व के 108 देशों में एक साथ विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाएगा। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्तर पर श्री सकल जैन समाज कर रहा है। माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आज अप्रैल को 8.01 बजे से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन से करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण 108 देशों में किया जाएगा। कार्यक्रम में विश्व शांति व सर्वकल्याण के लिए नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी स्थानिक दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण के सामने पूरी कर ली गई है। जैन कुशल संगठन और सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम समिति के अशोक लुंकड़ ने बताया कि इस अवसर पर रायपुर से पधारे महेंद्र मुकीम नवकार मंत्र की महिमा बताएंगे। ये सुखद संयोग है कि इस समय जगदलपुर में दिगंबर जैन संत मुनि आगम सागर महाराज ससंघ विराजमान हैं और इस कार्यक्रम में वे भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुनि का प्रवचन भी होगा, जिसमें वे जनकल्याण व मानवता की उन्नति के लिए नवकार मंत्र की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। महामंत्र नवकार केवल जैन धर्म का न होकर पूरी मानवता की धरोहर है। इसमें किसी व्यक्ति विशेष की आराधना न होकर गुणों का आराधन किया जाता है।

**जैन समुदाय के लिए बहुत गौरव का क्षण:** दिगंबर जैन समाज के अनूप जैन ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस का वैश्विक स्तर पर होने वाला यह आयोजन केवल एक आध्यात्मिक समागम ही नहीं, बल्कि जैन समुदाय के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है। दिनेश कागोत ने कहा कि सब मिलकर नई ऊर्जा और समर्पण के साथ यह सुनिश्चित करें कि यह ऐतिहासिक दिन जीतो के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो। नवकार महामंत्र दिवस एकता और प्रतिबद्धता के साथ जैन समाज के

धार्मिक इतिहास में नया अध्याय रचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उल्लेखनीय विशाल कार्यक्रम कायम रखना करने की शक्ति का प्रतीक बनकर आया है। कार्यक्रम के संयोजक कमलेश पारेख ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में होने वाले कार्यक्रम में जैन समाज व अन्य समाज के एक हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

# हटाए गए दो लापरवाह प्राचार्य, कलेक्टर और सीईओ के निर्देश पर डीईओ ने की कार्रवाई

बाकी 23 प्राचार्यों पर भी जल्द गिर सकती है गाज

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरीश एस. के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग में कसावट लाने की मुहिम में जुटे जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने दो लापरवाह प्राचार्यों को हटा दिया है। बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन ड्यूटी में लगाए गए शिक्षक शिक्षिकाओं को स्कूल से रिलीव नहीं करने के मामले में यह कार्रवाई डीईओ ने की है। बाकी अन्य प्रचार्यों पर भी जल्द गाज गिर सकती है।

फिलहाल विकासखंड दरभा एवं तोकापाल के दो प्रभारी प्रचार्यों को हटाया गया है, जबकि ?सी लापरवाही 23 अन्य प्रचार्यों ने की है। इनमें सबसे ज्यादा नौ प्राचार्य अकेले बकावंड विकासखंड के स्कूलों के हैं। डीईओ बीआर बघेल द्वारा जारी आदेश के अनुसार दरभा विकासखंड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छिंदबहार के प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता झिरूराम मौर्य को हटाकर उनकी जगह उसी स्कूल के व्याख्याता (एलबी) बुधराम कश्यप को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह तोकापाल विकासखंड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़े मोरठपाल के व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य प्रेमबहाल सिंह ठाकुर को हटाकर उनकी जगह इसी स्कूल की व्याख्याता श्रीमती ज्योति जगत ठाकुर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। हटाए गए दोनों प्रभारी प्राचार्यों से आहरण संवितरण का अधिकार भी छीन लिया गया है और यह अधिकार नए प्रभारी प्राचार्यों को दे दिया गया है।

दरअसल बोर्ड परीक्षाएं खत्म होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू हो चुका है। मूल्यांकन केंद्र जगदलपुर के जगतू माहरा शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में है। जिन शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य के लिए लगाई गई है, उन्हें संबंधित स्कूलों के प्राचार्य रिलीव नहीं कर रहे थे। ऐसे चिन्हित कुल 25 प्राचार्यों को जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने शो कॉज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। ऐसे लापरवाह प्राचार्यों में सर्वाधिक 9 प्राचार्य बकावंड विकासखंड के हैं। इस संबंध में डीईओ बघेल ने सभी 25 प्रचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इनमें 9 प्राचार्य बकावंड ब्लॉक के, जगदलपुर ब्लॉक के 5, तोकापाल ब्लॉक के 3, बस्तर ब्लॉक के 5 और दरभा एवं बास्तानार ब्लॉक के 1-1 प्राचार्य शामिल हैं। डीईओ श्री बघेल ने शोकॉज नोटिस में कहा है कि हाईस्कूल, हायर सेकंडरी, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं को तत्काल जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर हेतु भारमुक्त करने पत्र प्रेषित किया गया था। वर्तमान में जिले में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त होने के बाद भी मूल्यांकन कार्य हेतु नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं को आपके द्वारा आदेशित संस्था हेतु भारमुक्त नहीं किया गया है। फलस्वरूप कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के हिंदी, अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो रहा है। यह कृत्य अतिमहत्वपूर्ण कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही को दर्शाता है एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रतिकूल है। क्यो न इस कृत्य के लिए आपके विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को प्रस्तावित की जाए। डीईओ ने कहा था कि तत्काल आदेशित मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन केंद्र हेतु भारमुक्त कर अपना समाधान कारक स्पष्टीकरण पत्र तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण समाधानकारक नही होने एवं समय सीमा में प्राप्त नही होने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। डीईओ के इस पत्र से साफ जाहिर होता है कि प्राचार्य और संबंधित शिक्षक शिक्षिकाएं किस कदर लापरवाह और अपनी मर्जी के मालिक हैं। आखि़रकार जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने आज अपने कड़े तेवर दिखा ही दिए। सूत्रों के मुताबिक डीईओ श्री बघेल बचे 23 प्राचार्यों के खिलाफ भी जल्द एक्शन लेने वाले हैं। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल बस्तर कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन की मंशा के अनुरूप जिले में शिक्षा व्यवस्था को और भी बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# पानी की कमी से परेशान जोबावासी पहुंचे कलेक्ट्रेट

**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी का मौसम आते ही जिला कलेक्टर कार्यालय कोण्डागांव में जिले के विभिन्न गांवों के ग्रमीणजन भी काफी अधिक संख्या में नजर आने लगे हैं। जिला कार्यालय में पहुंचने वाले ग्रामीणजनों में कोई बिजली की कटौती व लो वोल्टेज, तो कोई पानी की समस्या के समाधान की मांग करता नजर आ रहा है। ऐसे ही पानी की कमी से जूझते ग्राम जोबा के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे नजर आए और उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर पानी समस्या का समाधान करने की मांग किया।

ग्रामीण महिला गीता नेताम ने बताया कि उन्हें पानी के लिए 2 से 3 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, तब जाकर हम अपनी प्यास बुझा पाते हैं। हमने कई बार अधिकारियों, नेताओं को बताया, उन्होंने हर बार आश्वासन ही दिया, पर आज तक समाधान नहीं हो पाया। पानी की कमी से हम परेशान हैं।

ग्रामीण गुजरलाल कश्यप ने बताया कि गांव में स्थित हैंडपंपों का पानी सुख चुका है। पानी की कमी होने से हम परेशान हैं। जल जीवन मिशन क पानी टेंक बनाने का कार्य भी अधूरा पड़ा है। हमने कई बार समस्या को लेकर विभाग में शिकायत भी किया पर हमारी सुनवाई नहीं हो रही है।

जिला मुख्यालय कोंडागांव से महज 20 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से लगा हुआ ग्राम पंचायत जोबा के अलग-अलग कई मोहल्ले हैं, जहां निवासरत लगभग 700 से अधिक परिवारों के पानी की कमी से पीड़ित होने की बात ग्रामीणजन कह रहे हैं। गांव में स्थित अधिकांश हैंडपंपों की स्थिति चिंताजनक है। भूजल स्तर नीचे जाने के कारण पानी सूख चुका है।

उक्त समस्या की सच्चाई जानने जब स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कॉल किया गया तो किसी ने भी कॉल का जवाब देना उचित नहीं समझा।

श्रीमती सपन कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत जोबा ने



## 10 पंचायतों के सरपंचों ने लो-वोल्टेज समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

बताया कि हमारा गांव पानी की कमी से जूझ रहा है। पानी की समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणजनों के साथ जिला कलेक्टर के पास आवेदन देने पहुंचे हैं।

10 पंचायतों के सरपंचों ने लो वोल्टेज समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

33/11 केवी उपकेंद्र स्थापित करने की किया मांग, कलेक्टर से

ऐसे ही विगत दिनों लो वोल्टेज और बिजली कटौती से परेशान 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर हीरापुर में 33/11 केवी उपकेंद्र बनाने की मांग की। माकड़ी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले दस ग्राम पंचायतों के सरपंच बिजली की समस्या से परेषान होकर कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। सरपंचों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें ग्राम पंचायत हीरापुर में तत्काल 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग की गई।

हीरावंडी के सरपंच रूपेश नाग सहित अन्य सरपंचों ने बताया कि ग्राम पंचायत हीरापुर और आसपास के गांवों के किसान भाई बोर खनन कर गर्मी की फसल का उत्पादन कर रहे हैं। वर्तमान में उन्हें लो वोल्टेज और बिजली की लगातार कटौती के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों द्वारा लगाई गई फसलें पानी की कमी के कारण खराब हो रही है, क्योंकि लो वोल्टेज के कारण बोरवेल से पानी नहीं निकल पा रहा है।

सरपंचों ने कहा कि इस समस्या का मुख्य कारण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति का पर्याप्त न होना है। उन्होंने मांग किया कि ग्राम पंचायत हीरापुर में तत्काल 33/11 केवी का उपकेंद्र स्थापित किया जाए ताकि किसानों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके और वे अपनी फसलों को बचा सकें।

सरपंचों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं किया जाता है, तो इन दस ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामीण कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि कलेक्टर उनकी समस्या को गंभीरता से लेंगे और जल्द ही इस दिशा में उचित कार्रवाई करेंगे।

# मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन




**कोण्डागांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के द्वारा जिले अंतर्गत समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करते जिले के समस्त 384 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजन किये जाने और इस दिन विभिन्न गतिविधियों का संचालन किये जाने हेतु कहा गया है। रोजगार दिवस के अवसर पर एक्ट में वर्णित प्रावधानों व अधिकारों के प्रति समझ विकसित एवं जागरूक करने, योजना में हुये नवीन संशोधनों, प्रावधानों के विषय में प्रचार-प्रसार करने, नये परिवारों के पंजीयन के लिये आवेदन प्राप्त करने, परिवार रोजगार कार्ड में नये सदस्यों के नाम जोड़ने के लिये आवेदन प्राप्त करने, रोजगार हेतु मांग प्राप्त करने, मजदूरी भुगतान, लंबित मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी देने एवं समाधान करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिन परिवारों द्वारा 15-दिवस, 50-दिवस, 75 दिवस रोजगार प्राप्त किया है, उनकी पहचान कर उन्हें मांग अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, वार्षिक योजना अनुसार कौन सा निर्माण कार्य निर्माणाधीन है एवं कौन सा कार्य प्रारंभ किया जाना है, इसकी जानकारी दी जाएगी। रोजगार दिवस आयोजन को सूचना-शिक्षा-संचार गतिविधि व क्रियाकलाप के रूप में संचालित करने, जिलों में लोकपाल व्यवस्था एवं राज्य स्तर पर लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण के संबंध में प्रचार-प्रसार करने, सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में जानकारी एवं जागरूक करने तथा राज्य, जिला, जनपद स्तर पर समय-समय जारी निर्देशों और प्राथमिकता के विषयों पर जानकारी देने और गतिविधियों के आयोजन करने को कहा गया है।

# बस्तर संभाग उत्कल समाज का चुनाव, 13 को होगा मतदान

## दो पैनल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर संभाग उत्कल समाज में संगठन चुनाव हेतु सरगर्मी बढ़ गई है। रविवार 13 अप्रैल को सुबह 10ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक उत्कल समाज भवन में मतदान होगा।ये मतदान के बाद मतों की गणना प्रारंभ होगी देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। लगभग 1000 से अधिक मतदाता इस चुनाव में भाग लेंगे। काफी वर्षों के बाद हो रहे इस चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी दीनबंधु रथ को नियुक्त किया गया है। चुनाव में दो पैनल अपने-अपने प्रत्याशियों के साथ चुनाव मैदान में है। उत्कल समाज के सर्वांगीण विकास करने की नारे के साथ दोनों पैनल के प्रत्याशी आमने सामने है। उगता सूरज चुनाव चिन्ह पर उत्कल एकता पेनल से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश दास ,सचिव पद के लिए सुमित महापात्र के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए मथुरा प्रसाद तिवारी और मनोज दास पट्टजोशी, कोषाध्यक्ष पद के लिए मनोज महापात्र, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए मनीष श्रीवास्तव, संगठन सचिव पद के लिए रमेश नंद और कार्यालय सचिव के पद पर अच्युत सामंत चुनाव मैदान में है, वहीं घड़ी चुनाव चिन्ह पर सामाजिक विकास पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशिकांत आचार्य और सचिव पद के प्रत्याशी सोमेश मिश्रा के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए महेंद्र रथ और संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद के लिए लव महापात्र, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए जितेंद्र दास संगठन सचिव पद के लिए योगेश दास और कार्यालय इन सचिव पद के लिए आशीष दास चुनाव मैदान में है।

# 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत

**जगदलपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जगदलपुर गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में 10 मई शनिवार को जिला बस्तर जगदलपुर में च्नेशनल लोक अदालतज्ज का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 नि0ई0एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में वसूली योग्य राशि से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु सभी प्रमुख बैंकों, बी0 एस0 एन0 एल0, जलकर एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता केन्द्र में 8 अप्रैल को आयोजित की गई। श्री जांगड़े, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष और व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु0अंकिता कश्यप द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अपनी संस्था में वसूली योग्य राशि को प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के माध्यम से निराकरण हेतु रखे जाने हेतु चिन्हांकित कर यथाशीघ्र प्राधिकरण में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त प्रकरणों में उन्हें पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग



- बैंकों द्वारा ऋण वसूली योग्य मामले होंगे प्रस्तुत
- प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में पक्षकारों को शासन के नियमानुसार छुट

की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त बैठक में प्रमुख बैंकों से उपस्थित अधिकारियों द्वारा यह व्यक्त किया गया कि नेशनल लोक अदालत में ऋण वसूली योग्य प्रस्तुत किये गये प्रकरणों में हितग्राहियों के वसूली योग्य राशि के संबंध में शासन के नियमानुसार छुट दिलाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह भी बताया कि आयोजित नेशनल लोक अदालत दिनांक 10 मई में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता एवं राजीनामा के आधार पर उनके मध्य उत्पन्न विवादों का समाधान किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित होकर अपने मामलों का निराकरण करा सकेंगे। लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने का एक सशक्त माध्यम तथा विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिये एक वैकल्पिक मंच है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित या विवाद पूर्व प्रकरणों का आपसी समझाईस एवं सुलह के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण कराया जाता है। उक्त संबंध में यह भी विदित हो कि आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौता के माध्यम से प्रकरण के निराकरण में विवाद का अंत हो जाता है जिससे समय एवं धन की बचत होती है।

# प्रा. कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन, दावा-आपत्ति 23 तक

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय के मार्ग दर्शन में प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025 के क्रियान्वयन संबंधी प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। योजना के क्रियान्वयत के फलस्वरूप जिला-बस्तर में 09 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आ रही है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्य सोसायटियों एवं बैंक शाखा तथा अन्य द्वारा 08 अप्रैल से 15 दिवस के समयावधि में 23 अप्रैल 2025 तक दावा आपत्ति कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जगदलपुर जिला बस्तर के समक्ष तीन प्रतियों में प्रस्तुत की जायेगी। पुनर्गठन योजना की विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति के कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा (समस्त), कार्यालय नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर प्रक्षेत्र जगदलपुर एवं कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जगदलपुर के सूचना पटल पर चस्पा की गयी है। दावा आपत्तियों के निराकरण से असंतुष्ट होने पर 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बस्तर संभाग जगदलपुर जिला बस्तर के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

# विश्वविद्यालय केम्पस में विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर परिसर में कैंटीन की शुभारंभ किया जाना है इस हेतु कैंटीन की साफ सफाई व परिसर की साफ सफाई हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थीगण, शिक्षा अध्ययनशाला के समस्त विद्यार्थीगण एवं विश्वविद्यालय के समस्त विभाग के विद्यार्थीगण व समस्त शिक्षक 5 अप्रैल व 6 अप्रैल को दो दिवसीय श्रमदान व स्वच्छता अभियान किया जाना है, जिसमें 5 अप्रैल 2025 को समय सुबह 7.30 बजे विश्वविद्यालय परिसर में अपनी श्रमदान व नियमित गतिविधियों के द्वारा विश्वविद्यालय परिषद की साफ सफाई वह स्वच्छता अभियान कार्य किया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा कार्य कर रहे साफ सफाई के दौरान कुलपति की उपस्थिति व आशीष उद्बोधन ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा, मार्गदर्शन प्रदान किया कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा जो हम कार्य कर रहे हैं उससे हमें नए-नए विचार अच्छे आइडिया मिलता है जिससे हम अपने करियर को कैसे अच्छा बना सके तथा एक सुखी जीवन जीया जा सके इसके लिए हमें निश्चित रूप में श्रमदान ,सहयोग करना चाहिए जिससे हमें नया आइडिया, नया ज्ञान प्राप्त हो सके। मैं सभी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत धन्यवाद व उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, यह महत्वपूर्ण स्वच्छता का कार्य किया है। हमारे प्रधानमंत्री भी हम सभी देशवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हैं हमें यह सेवा भाव करना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ सजीवन कुमार ने कुलपति का धन्यवाद देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अच्छे जीवन कैरियर निर्माण उज्जवल भविष्य की कामना किया व क्लीन केंपस ग्रीन केंपस का विचार दिए। के .आर. ठाकुर सहायक कुलसचिव , प्यारे लाल यादव,डॉ भुनेश्वर लाल साहू , डॉ सोहन मिश्रा ,डॉ दुर्गेश ,डॉ रश्मि देवांगन ,डॉ सोहन लाल ,डॉ नीरज वर्मा,डॉ राकेश कुमार, डॉ गायत्री सोनी, दलनायक सुमन राठौर, हरीश कुमार, टिकेश्वर, अशोक कुमार, श्वेता, भावना व भुनेश्वर कश्यप, मीडिया प्रभारी व अन्य विभाग से भी अधिक संख्या में श्रमदान वह सहयोग प्रदान करने हेतु विद्यार्थियों ने भाग लिए। कुलपति द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार व्यवस्था किया गया था।






**जगदलपुर।** सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण के तहत बुधवार से नगर पंचायत बस्तर और नगर निगम जगदलपुर के वार्डों में, कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है जिसमें आवेदक गण अपनी समस्या, शिकायत और माँग के लिए आवेदन कर रहे है ।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 20 को

**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उप योजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9 वीं में प्राक्रयन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट Uhttps://eklavya.cg.nic.in/PRMS/Student-Admission-Detail पर क्लिक करके 20 अप्रैल 2025 तक डाउनलोड कर सकते है। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र एक घंटा पूर्व पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। परीक्षार्थी सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र मे जायें। परीक्षार्थियो को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नही भेजा जावेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जायेगा। परीक्षार्थियो को अपना फोटोयुक्त मूल आई.डी. प्रूफ जैसे आधार कार्ड/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र मे लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के आभाव मे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जावेगा। परीक्षार्थियो केवल नीले/काले बॉलपाईट पेन का उपयोग करेंगें। परीक्षार्थियो को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कलेक्ट्रेड परिसर जगदलपुर से प्रातः 10 से सायं 5ः30 बजे तक संपर्क कर सकते है।

# शिक्षिका के पक्ष में हुए आदेश को क्रमोन्नति के लिए जनरल आदेश किया जाए : छग टीचर्स एसोसिएशन

**जगदलपुर,** 9 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से भेंट कर माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय डबल बेंच के प्रकरण क्रमांक डब्लू ए न.. 261 श्द्ध 2023 निर्णय के सन्दर्भ में सोना साहू शिक्षिका के पक्ष में हुए आदेश को जनरल आदेश कर प्रदेश में सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए जारी करने की मांग की है द्य संघ ने इस सन्दर्भ में छत्तीसगढ़ शासन के अन्य आदेशों का हवाला देते हुए आदेश छतीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन 2006 व 2017 तथा वित्तीय एवं योजना विभाग 2009 के आदेश का पालन करते हुए क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने की मांग की तथा अन्य एक और मांग लंबित प्राचार्य पदोन्नति के सम्बद्ध में था जिसमें संघठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों कहा था कि प्रदेश के हायर सेकेंडरी व हाई स्कूल में 3500 से भी अधिक प्राचार्य के पद रिक्त हैद्य गत 10 वर्षों से 80 प्रतिशत शाला प्राचार्य विहीन है जो प्रभारियों के भरोसे संचालित हैद्य प्रदेश के शिक्षा में गुणात्मक सुधार व प्रशासनिक व्यवस्था हेतु प्राचार्य के रिक्त पद की पूर्ति स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती व पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 के नियमानुसार डीपीसी किया गया है जिसे बदलते हुए जनवरी 2025 की स्थिति में रिक्त पदों की गणना कर प्राचार्य पदोन्नति कर पदस्थापना आदेश अतिशीघ्र जारी करने की मांग रखी गई। भेंट प्रतिनिधिमंडल में संघ के बस्तर संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, के नेतृत्व में राजेश गुप्ता, मोहम्मद ताहीर शेख, अमित पॉल, ब्रजेश प्रसाद श्रीवास्तव, हुरदानंद पांडेय,श्रवण कुमार देवांगन,ओमप्रकाश पटेल,रामप्रसाद ठाकुर,मनीष ठाकुर,तुलादास मानिकपुरी सहित अनेक पदाधिकारी सम्मिलित रहें।

# मशरूम में कम लागत से भी होता है अच्छा लाभ

## ववि के बीएड विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय में लिया प्रशिक्षण




**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड के विद्यार्थियों ने मंगलवार को कुम्हरावंड स्थित गवर्मेंट एग्रीकल्चर कॉलेज में मशरूम उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महाविद्यालय के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रहलाद सिंह नेताम ने मशरूम उत्पादन प्रोसेस की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. नेताम ने बताया कि आज जागरूकता और उत्पादन के कारण समाज में मशरूम एक पोषणयुक्त आहार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। मशरूम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है। कम जगह में इसका अच्छा उत्पादन किया जा सकता है। इसके उत्पादन प्रक्रिया में कम लागत में अच्छा लाभ मिल जाता है। कम उत्पादन में भी उत्पादक लाभ में रहते हैं। आज गांव और शहर दोनों जगह इसके उपयोग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. नेताम ने इस दौरान विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन से संबंधित स्पॉनिंग, बैगिंग प्रक्रिया, आयस्टर मषरूम और बीएमआई परीक्षण की भी सरल तरीके से जानकारी दी। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भी मशरूम के वेरायटी, इसमें उपलब्ध विटामिन इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे। विवि आईआईसी के क्वार्टर 3 के एक्टिविटी के तहत अध्यक्ष डॉ. सजीवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस एक्सपोजर विजिट और प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयोजक डॉ. सोहन कुमार मिश्रा, समन्वयक डॉ. रेखा जीवनानी, डॉ. गायत्री सोनी, लीलावती पटेल, प्रज्ञा तिवारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर व सीईओ जिपं ने दरभा और बास्तानार ब्लॉक में समाधान पेटी का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण के तहत कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने दरभा जनपद के नेगानार, कामानार और बास्तानार जनपद पंचायत के कोड़ेनार-01 में समाधान पेटी के माध्यम से ग्रामीणों से ली जा रही आवेदनों की स्थिति का जायजा लिया । ज्ञात हो कि सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण के तहत 11 अप्रैल तक जिले के सभी ग्राम पंचायत, हाट बाजार, नगर पंचायत बस्तर और नगर निगम जगदलपुर के वार्डों में, कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है।

# सुशासन तिहार, संवाद से समाधान का सफर : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में सुशासन तिहार-2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार तीन चरणों के अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बताया राज्य शासन के निर्देशानुसार यह जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। अतः समस्त विभाग सुशासन तिहार 2025'' के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें, ताकि आयोजित होने वाले शिविरों में ही लोगों को उनकी मांगों और समस्याओं का उचित समाधान मिले। पहले चरण में 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय एवं कॉमन सर्विस सेंटरों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यहां समाधान पेटियां लगाई जाएंगी ताकि आमजन अपनी समस्याएं निसंकोच लिखकर डाल सकें। सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। प्रत्येक आवेदन को एक विशिष्ट कोड के साथ पावती प्रदान की जाएगी। संबंधित विभागों को आवेदन ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजे जाएंगे और एक माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर ने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और सुशासन तिहार को जिले में नागरिकों का शासन के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ करने का एक ऐतिहासिक अवसर बनाने का निर्देश देते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा। मालूम हो कि प्रत्येक समाधान



शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राही मूलक योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जाएंगे। खंड स्तरीय प्रभारी अधिकारी, अनुभाग, विकासखंड तथा जिला स्तर के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। सुशासन तिहार 2025 के माध्यम से अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करेंगे। सुशासन तिहार के द्वितीय चरण 12 अप्रैल से 4 मई तक एवं तृतीय चरण- 5 से 31 मई के मध्य किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में समाधान पेटी की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही अपने अधीनस्थ सभी ग्राम पंचायतों में फ्लेक्स एवं बैनर चस्पा किये जाएंगें। सभी ग्राम पंचायतों हेतु 100-100 आवेदन पत्र की व्यवस्था की जाएगी। आवेदन पत्रों, प्रपत्रों आदि के प्रिन्ट, फोटोग्राफी आदि हेतु आवश्यकता अनुसार कम्प्यूटर सिस्टम की व्यवस्था, प्रथम चरण में आमजनों से प्राप्त आवेदन पत्रों को समाधान पेटी की डालने से पूर्व उसे पंजी में प्रविष्टि करने एवं पोर्टल में एंट्री किए जाने हेतु जनपद स्तर पर ऑपरेटरों की नियुक्ति होगी। सुशासन तिहार 2025 के अधिक प्रचार-प्रसार हेतु मुनादी के साथ-साथ युवोदय के माध्यम से समन्वय स्थापित कर नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

- समय सीमा बैठक में अभियान की दी विस्तृत जानकारी
- जनता पारदर्शी सरकार और प्रशासन को महसूस करेगी
- अधिकारियों से समन्वय के साथ जनता से जुड़ने का आह्वान

इसके साथ ही समय सीमा की बैठक में नगरीय निकाय क्षेत्रों में निर्माणाधीन आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों की संख्या, उनके लेआउट सुरक्षा, अनुमति पत्रक, विषयक जानकारी, सामिलान खाता बटांकन, भू-राजस्व अभिलेखों में जाति सुधार तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने, आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, आस्था किरंदुल की प्रगति, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, जिले के सभी औषधालय में पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पंप लगवाने, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पंजीयन शत प्रतिशत पंजीयन कराने, सामुहिक उद्वहन सिंचाई की प्रगति जैसे अन्य समय सीमा के मुद्दों पर कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मासूम के साथ दुष्कर्म हत्या पर बिफरी कांग्रेस

**दंतेवाड़ा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रहे अपराध के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के गृहमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेसियों ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग भी की। इस दौरान प्रदेश संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी ने कहा कि सरकार हमेशा से महिला सुरक्षा का बात करती है, लेकिन पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। प्रदेश मे कोई भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ मे कानून व्यवस्था बेहाल है। आये दिन होने वाली घटनाएं, खास कर दुर्ग में एक मासूम बच्ची के साथ हुआ जघन्य दुर्व्यवहार और उसकी हत्या इस बात का स्पष्ट सबूत है कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम हो रही है। क्या यही है सुशासन का वादा। महिलाओं, बच्चों और नागरिकों के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है, यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। जिला कांग्रेस कमेटी इस असफल सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करती है और मांग करती है कि तत्काल प्रभाव से कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए। दोषियों को सख्त सजा दी जाए। जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए। अब चुप रहने का समय नहीं है, कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता जनता की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार का लड़ाई लड़ने तैयार हैं। आज पुतला दहन के दौरान प्रदेश सचिव राजकुमार तामो, जिला महामंत्री विमल सलाम, महामंत्री अनिल कर्मा, गीदम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलोचन सेठिया, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, पार्षद मनोज मालवीय, पार्षद इंद्रा ठाकुर, मनीष ठाकुर, गायन ठाकुर, सरपंच अनिल गावड़े, सरपंच लच्छू मंडावी, सरपंच सहदेव नाग, वरुण तामो, उमेश सिलावट, पंकज भारद्वाज, अंकुर वासुदेवाय, नीलेश कुजूर, उमेश राणा, वसीम खान, अरुण सोनवानी, सचिन पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



- गृहमंत्री का पुतला फूंक कर मांगा इस्तीफा
- प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप
- खुल गई सुशासन की असलियत

# प्रदेश युवा आयोग अध्यक्ष तोमर पहुंचे दंतेवाड़ा

**दंतेवाड़ा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने श्री तोमर का आत्मीय स्वागत किया। श्री तोमर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित युवा आयोग के कार्यक्रम में शामिल हुए। युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन कर सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, धीरेन्द्र प्रताप, मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, खिरेन्द्र ठाकुर, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, सुमित भदौरिया, युवा मोर्चा जिला



महामंत्री द्रय कृष्णकांत शिवहरे, राघवेंद्र गौतम, युवा मोर्चा जिला अभिशेक राठौर, उपाध्यक्ष अमन प्रताप सिंह, राजा पांडे, जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, वीरेश मिश्रा, मोहन ठाकुर, साजन गौतम, राजेश बोरबन, अजय अवस्थी, भूपेंद्र निर्मलकर, निखिल नाग, सोमडू कोराम, लक्ष्मी यादव, गौतम भाटी, डे नारायण, सुजीत सिंह, बृजेश राणा, शिव, वेणु शंकर नेताम, आर्यन शर्मा, बालकृष्णा, चंद्रकांत रस्सी, सूरज ठाकुर, राजेश सुराना, अनीश जार्ज, सुमित ओयामी, नीलेश समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

- भाजपाईयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत
- दंतेश्वरी दर्शन कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद
- जिपं के युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए तोमर

# जिले के पांचों ब्लॉक के सचिवों ने एनसीसी मैदान से रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सचिव संघ के आह्वान पर 7 अप्रैल को कोण्डागांव जिले के पांचों ब्लॉक के सचिवों ने एनसीसी मैदान से रैली निकालकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और कहा मांग पूरी नहीं होने पर दिल्ली के जंतर मंतर में करेंगे धरना-प्रदर्शन।



नहीं हुई मांग पूरी तो दिल्ली के जंतर मंतर में करेंगे धरना प्रदर्शन

पंचायत सचिव जिला अध्यक्ष रमेश कुमार नेताम ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी की बात कहकर पंचायत सचिव का नियमितिकरण का वादा किया था। लेकिन आज पर्यंत हमारी मांग पूरी नहीं हुई है। यह रैली निकाल कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। मांग पूरी नहीं होने पर 20 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में धरना प्रदर्शन करेंगे।

पंचायत सचिव सविता देवांगन ने बताया कि कोण्डागांव जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य सहित मूलभूत सुविधा देने का कार्य पूरी तरह से थम गया है। समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंच सहित ग्रामीणजन हड़ताल का समर्थन दे रहे हैं। जब तक नियमितीकरण की मांग पूरी नहीं होगी, तबतक हड़ताल पर डटे रहेंगे।

ज्ञात हो कि जिले में छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया अनिश्चितकालीन हड़ताल 22 वें दिन भी जारी रहा। 17 मार्च से चल रहे इस हड़ताल के कारण कोण्डागांव जिले के अंतर्गत आने वाले 384 ग्राम पंचायतों के 576 गांवों में कामकाज प्रभावित हो रहा है।

## सुशासन तिहार का प्रचार करें कार्यकर्ता : संतोष

**दंतेवाड़ा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 का शुभारंभ आज से हुआ। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया कि जनसमस्या के समाधान हेतु नगर पालिका/पंचायत, ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय में 11 अप्रैल तक समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन लिये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक किया जायेगा। श्री गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सुशासन तिहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश दिये हैं, जिससे आम नागरिकों की अधिक से अधिक आवेदन पर समस्याओं का समाधान हो सके।



## राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन 964 आवेदन प्राप्त



**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के आदेशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के ग्राम पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो 21 अप्रैल तक चलेगा। इसी क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन सातों तहसील के 84 ग्राम पंचायत में शिविर लगाया गया, जहां कुल 964 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान पखवाड़े में अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, विवादित बंटवारा, अविवादित बंटवारा, अभिलेख शुद्धता, बी वन का पाठन, किसान किताब वितरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार सीडिंग, मोबाइल लिंकिंग, जेंडर प्रविष्टि, सीमांकन, अतिक्रमण के प्रकरण संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# सन्यासी टोली नाचते गाते दे रहा, चरक पूजा का आमंत्रण

## पश्चिम बोरगांव में होगा आयोजन, 13 को खजुर भांगा व 14 को चरक पूजा का

**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पश्चिम बोरगांव में 13 अप्रैल को खजुर भांगा व 14 अप्रैल को चरक पूजा का आयोजन होना है और उक्त आयोजन में श्रद्धालुजनों को सन्यासी टोली नाचते गाते चरक पूजा का आमंत्रण देता नजर आ रहा है।

चरक यानी नील पूजा बंगाली समुदाय में भगवान शिव के सम्मान में एक महत्वपूर्ण हिंदू लोक त्योहार है। यह अनुष्ठान चैत्र माह के अंतिम दिन (संक्रांति) में मनाई जाती है, जिसके लिए भक्त एक माह से संन्यास धारण कर शिव भगवान का डेल लेकर घर-घर भिक्षा मांगते हैं। चरक पूजा में वही भक्त शामिल होते हैं, जो महीने भर संन्यास धारण उपवास रहते हैं।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पश्चिम बोरगांव शिवबाड़ी में यहां अनुष्ठान का आयोजन 13 अप्रैल रविवार को खजुर भांगा उत्सव और 14 अप्रैल सोमवार को चरक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियमानुसार महीने भर पहले से ही चरक पूजा के सन्यासी टोली भक्तिभाव व श्रद्धापूर्वक घर-घर महादेव का डेल लेकर शिव-पार्वती के वेशभुषा में नाचते गाते भिक्षाटन कर पूजा का आमंत्रण देते नजर आ रहे हैं।

इस अनुष्ठान को करने वालों को चैत्र माह में पूरे एक माह संन्यास धारण करते पारम्परिक वेशभूषा में भिक्षा मांग एक पहर भोजन ग्रहण करना होता है। चरक पूजा के पहले दिन खजूर भांगा महोत्सव का इंतजार लोग बेसब्री से करते हैं। शिवभक्त की टोलियों के सदस्य गंगा जल से स्नान कर गेरुआ वस्त्र धारण कर कटीले खजूर पेड़ में बिना किसी सहारे चढ़ते हैं तथा नृत्य करते हुए पेड़ पर लगी कच्चे खजूर की डालियों को तोड़ नीचे फेंकते हैं। नीचे खड़े श्रद्धालु ऊपर से फेंके खजूर फल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। यह दिन शिवभक्तों का भिक्षा मांगने का आखिरी दिन होता है। इसके एक दिन बाद शिवभक्त अपने पीठ में रस्सी से लोहे की हुक लगा चरक पर्व मनाते हैं। उपवास रखकर पूजन करने वाले श्रद्धालुओं को इस दिन लकड़ी के विशाल चरखे (चरक) में झुलाया जाता है।



# पदोन्नति में विलंब से शिक्षक परेशान : संतोष मिश्रा

**दंतेवाड़ा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छग शालेय शिक्षक संघ दंतेवाड़ा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने बताया है कि पदोन्नति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की गई है। पदोन्नति के विलंब से होने के कारण पात्र शिक्षकों की व्यथा से अवगत करवाया गया है।

श्री मिश्रा के मुताबिक पदोन्नति, पद रिक्तता के आधार पर सतत चलने वाली प्रक्रिया है। पदोन्नति से कर्मचारियों के मनोबल एवं कार्य दक्षता पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। पूर्व में दन्तेवाड़ा जिले में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला की पदोन्नति फरवरी 2023 में हुई थी तथा शिक्षक एवं प्रधान पाठक माध्यमिक शाला की वर्ष 2022 में हुई थी। दो से तीन वर्षों के उपरांत भी पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित है। वर्तमान में जिला में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद रिक्त है। संभाग के अन्य जिलों में पदोन्नति एवं पदस्थापना की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिले में पदोन्नति में विलंब होने से इनकी संभागीय वरिष्ठता प्रभावित हो रही है व पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों की अगली पदोन्नति एवं समयमान - वेतनमान के निर्धारण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मांग को लेकर शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेष सिंह, कुलदीप चौहान, दीपमाला वेक, नीतू पारधी, वेदिका नाग, कमल कर्मकार, पुरूषोत्तम लाल साहू, धीरेन्द्र सिंह गौतम, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, विनय प्रधान, राकेश मिश्रा, केशव स्वर्ण, आनंद मुडामी, हीरालाल ओयामी, महावीर नाग, कु मधु उइके, पलकेश सोनी, देवेन्द्र धीवर, दीपक शास्त्री, जितेन्द्र चौहान, योगेश सोनी, आशुतोष शिवहरे, नवीन मिश्रा, राजीव मिश्रा, मनोज ठाकुर, मूलचन्द्र चंद्राकर आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की। उन्होंने शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ कर हितग्राहियों को शीघ्र लाभ देने की बात कही है।



- छग शालेय शिक्षक संघ ने डीईओ से की मुलाकात
- संभाग के शेष जिलों में पूर्ण हो चुकी है पदोन्नति
- दंतेवाड़ा में जानबूझकर की जा रही देरी

# जिला कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री साय का पुतला



**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में रामनवमी के दिन कन्याभोज के नाम पर एक मासूम नाबालिक बच्ची के साथ अनाचार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी जाती है और सरकार को आरोपियों तक पहुंचने में 48 घंटे लग जाते है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के साथ-साथ विष्णुदेव साय सरकार से इस्तीफे की मांग करती है, क्योंकि यह भाजपा सुशासन के नाम पर कुशासन चला रही है, छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश में बदनाम कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने कोंडागांव कांग्रेस भवन से रैली निकाल कर सरकार से इस्तीफे की मांग करते हुए, बस स्टेण्ड में मुख्य मंत्री विष्णुदेव का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद श्रीमती हेमा देवांगन, महिला प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, बाबा खान, सत्री चोपड़ा, रुपेश गोस्वामी, योगेंद्र पोयाम, कामदेव कोर्राम, तुला पोयाम, गन्नू पोयाम, प्रीति भदौरिया, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, रंजना साहू, भागवत पांडे, समलू देवांगन, मेहतु नेताम, गीतेश बघेल, भूपेंद्र ध्रुव, भूपेश शार्दुल, पूरन नेताम, राजा सहनवाज खान सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में पहुंची कांग्रेस

**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ अपने सात सूत्रीय मांगों को लेकर 5 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी मांगों को जायज मानते हुए कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी धरना स्थल पहुंचकर पूर्ण समर्थन दिया। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा तेंदुपत्ता विश्व में हरा सोना के नाम से विख्यात है। बस्तर की आदिवासी जनता का प्रमुख आधार है तेन्दु पत्ता। आज अगर वन प्रबंधक संघ हड़ताल में हैं तो तेंदुपत्ता संग्राहकों का क्या होगा? बस्तर की जनता का क्या होगा? सरकार को इस दिशा में सोचने की आवश्यकता है।



हमारी सरकार में वन प्रबंधकों फड़ मुंशीयों के जायज मांगों को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा था, परन्तु गरीब मजदूर विरोधी भाजपा नहीं चाहती कि आदिवासियों का कल्याण हो इसलिए इनकी मांगों को अटकाकर रख दिया है। कांग्रेस पार्टी वन प्रबंधक संघ की मांगों का पूर्ण समर्थन करती है, सड़क से लेकर सदन तक हम संघ के साथ रहेंगे। वन प्रबंधक संघ के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह पार्षद श्रीमती हेमा देवांगन, महिला प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, बाबा खान, सत्री चोपड़ा, रुपेश गोस्वामी, योगेंद्र पोयाम, कामदेव कोर्राम, तुला पोयाम, गन्नू पोयाम, प्रीति भदौरिया, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, रंजना साहू, भागवत पांडे, समलू देवांगन, मेहतु नेताम, गीतेश बघेल, भूपेंद्र ध्रुव, भूपेश शार्दुल, पूरन नेताम, राजा सहनवाज खान सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोण्डागांव**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज पोषण पखवाड़ा 2025 अंतर्गत जिला कार्यालय से सुपोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह सुपोषण रथ पूरे जिले भर में भ्रमण कर लोगों को सुपोषण के प्रति जागरूक करेगी। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पोषण अभियान के अंतर्गत जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 शुरू हो गया है, जो 22 अप्रैल तक किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। पोषण पखवाड़ा के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सी-मैम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त कुपोषण मुक्ति के लिए, जनजागरूकता, संवेदीकरण तथा विविध समुदाय-आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यंजन भी, पढ़ाई भीज गतिविधियाँ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर जागरूकता, स्व-सहायता समूहों की बैठकें, खेलकूद, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, अन्नप्राशन एवं योग शिविर, स्थानीय मिलेट-आधारित परंपरागत खाद्य पदार्थों का प्रचार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डायरिया प्रबंधन एवं एनीमिया उन्मूलन जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अवनी बिस्वाल उपस्थित रहे।



संपादकीय

## प्रेम सम्बन्धों में हिंसा क्यों?

*लगभग हर रोज इस तरह की खबरें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं जिनमें प्रेम सम्बन्धों के चलते हिंसा का इस्तेमाल होता है- कभी ऐसा रिश्तों की तो कभी एकतरफा प्यार के कारण। इनमें कोई एक पक्ष किसी न किसी कारण से अपने साथी की प्रताड़ना करता है या हिंसक तरीके अपनाता है। इसे टाला जाना चाहिये क्योंकि ऐसी हिंसा करने वाला हो या उसे झेलने वाला, दोनों का जीवन उसके बाद सहज नहीं रहता। देखा जाता है कि ऐसी हिंसा के बाद दोनों ही पक्ष शरीर व मन पर गम्भीर चोटें झेलते हैं। इससे लोगों के उनके जीवन और कैरियर तक बर्बाद होते पाये गये हैं। हत्याएं तक होती हैं।*

*ऐसा ज्यादातर युवावस्था के दौर से गुजरने वाले विवाहित और प्रेमी जोड़ों के साथ होता है इसलिये पालकों एवं अभिभावकों को अपने बेट-बेटियों को बढ़ती उम्र में ही सम्बन्धों की बारीकियां बतलाई जानी चाहिये। जो लोग ऐसी स्थिति की चपेट में आ ही जाते हैं, उन्हें उससे उबरने में भी मदद की जानी चाहिये। नयी जीवन शैली में जहां एक ओर युवा वर्ग मनोरंजन की दुनिया को देखकर अपने प्रेम सम्बन्धों को गढ़ना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ परम्परागत परिवार तथा समाज से उसे अवरोध मिलते हैं। किसी एक पक्ष के इन रिश्तों से पीछे हटने पर ऐसी हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इस तरह की वारदातों के कई आयाम व पहलू होते हैं। यह भी नहीं कि ऐसा केवल किसी एक इलाके में होता हो। ग्रामीण क्षेत्र हों अथवा शहरी या फिर आदिवासी- सभी जगहों पर वैवाहिक जीवन से लेकर प्यार के रिश्तों में हिंसा अपनाई जाती है।*

*मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केसरा गांव में मनोज मांझी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी फूलकुंवर तथा लक्ष्मण मांझी को अलग-अलग कमरों में टांगी से काट डाला क्योंकि उसने लक्ष्मण को अपने घर में उस समय देख लिया था जब वह कुछ काम करके लौटा था। सरगुजा के लखनपुर के चुकनडांड गांव के एक युवक का कोरबा की एक नाबालिग से सम्बन्ध था। इस सिलसिले में पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। रायपुर के ब्राह्मणपारा की एक युवती अपने काम पर भाठागांव जा रही थी कि वहीं के एक युवक ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया क्योंकि वह उससे बात करना चाहता था पर युवती इंकार करती थी। रायपुर के ही खम्हारडीह की एक फैशन डिजाइनर के घर में घुसकर 6 लड़कियों ने कोई कपड़ा लौटाने के नाम पर मार-पीट की। असली कारण इनमें से एक लड़की का किसी युवक से इश्क बतलाया जाता है जो वारदात की असली वजह है। ऐसे सभी तरह के रिश्तों में कोई भी अप्रत्याशित मोड़ आने पर बेहद समझदारी भरे कदम उठाने चाहिये। हिंसा का सहारा लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं।*

उल्टा पुल्टा

पत्नी, आपको मेरी सुंदरता ज़्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति, मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।

# ट्रैफिक, पानी और नशे की समस्या के समाधान पर राज्यपाल का जोर

## रमेन डेका ने की रायपुर के विकास कार्यों की समीक्षा

**■ अधिकारी आम जनता से नियमित रूप से मिलें, करें संवाद : रमेन डेका**



**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका ने आज रेडक्रॉस हॉल, कलेक्ट्रेट में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। इसमें जिले के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। राज्यपाल डेका ने जिले की प्रमुख मुद्दों जैसे यातायात, पेयजल की स्थिति, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति इत्यादि पर चर्चा की। उन्होंने ने कहा कि जो समस्याएं आती है उनका समाधान के लिए ठोस कदम सुझाएं और उसे क्रियान्वित भी किया जाए। डेका ने कहा कि जनता से संवाद बनाये रखें, नियमित रूप से उनसे मिलें और उनकी समस्याओं को सुनें, ताकि जमीनी हकीकत का सही आकलन हो सके। जन संवाद से न केवल समाधान मिलते हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होता है।

राज्यपाल ने यातायात के समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि आमजनों को यातायात के प्रति जागरूक करें और नई पीढ़ी को शिक्षित भी करें। उन्होंने सुझाव दिया कि बाएं मोड़ (लेफ्ट टर्न) को आसान बनाया जाए, रेल्वे फाटकों पर डिवाइडर लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाएं कम हों। राज्यपाल ने कहा कि स्टंट करने वाली तेज रफ्तार टू-व्हीलर गाड़ियों पर सख्ती से कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों जैसे डंपर का स्कूल और कार्यालय आने जाने के समय में शहर के भीतर प्रवेश में सख्ती से रोक लगाएं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हर संभव उपाय किया जाए ताकि इससे होने वाले नुकसानों को कम किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जिले में ट्रैफिक जाम की स्थिति को सुधारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम के कारणों का पता लगाया गया है और उन्हें ठीक करने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए 50 लोगों की एक प्रहरी टीम का गठन किया गया है, जो यातायात को सुचारू करने कार्य करती है। एसपी ने आगे बताया कि कुछ चौक-चौराहों के तकनीकी समस्याओं को सुधारा जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि पेयजल समस्या और जल संरक्षण के प्रयास पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में जल संरक्षण के उपाय को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही आम जनता को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए। जल शक्ति अभियान जैसे कार्यों में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिससे ऐसे अभियान जमीनी स्तर पर सफल होते हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि गत् वर्ष जल शक्ति अभियान चलाया गया था, जिसके तहत सूखे तालाबों का पुनर्जनन (रिजनरेशन) किया गया। इससे अगली बरसात में पानी का स्तर बेहतर होने की उम्मीद है। नरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 211 अमृत सरोवर, 1056 सोक पिट, 63 चेक डैम और रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। राज्यपाल डेका ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कार्यों की जानकारी ली। बरसात के बाद तालाब का मापन कर जल स्तर की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिले के पेयजल की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि रायपुर जिले में पेयजल में मिलने वाले खनिज की जानकारी ली। पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग अधिकारी ने बताया कि यहां पानी में फ्लोराइड और आयरन की समस्या पाई गई है। राज्यपाल ने आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से विकसित प्रोटोटाइप का जिक्र करते हुए निर्देश दिया कि धरसीवां के एक गांव में पायलट प्रोजेक्ट की तरह फ्लोराइड और आयरन हटाने के लिए यह प्लांट लगाया जाए। उन्होंने क्रेडाई द्वारा रायपुर के शासकीय भवनों में बनाए गए जल संग्रहण रिचार्ज पिट की तारिफ की और कहा कि ऐसे छोटे प्रयासों से बड़ी सफलता मिल सकती है। उन्होंने वाटर रिसाईक्लिंग करने के उपायों पर भी जोर दिया।

राज्यापाल ने शिक्षा की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक नियमित रूप से कक्षाएं ले और पीटीएम का परीक्षण करें। साथ ही इससे प्राप्त सुझावों को लागू करें। बच्चों और युवाओं में नशे की समस्या पर राज्यपाल ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र के अलावा अस्पताल, एम्स और साइकेट्रिस्ट की मदद से भी युवाओं को नशे की लत से निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण पर जोर देते हुए राज्यपाल ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि इस अभियान में सभी ने भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि पेड़ों के सर्वाइवल पर भी नजर रखी जाए। उन्होंने वन विभाग को रिप्लेसमेंट से बचने और इंडस्ट्रीज को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें धान के अलावा अन्य फसलों के उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही जैविक कृषि, किचन गार्डन को भी अपनाने का सुझाव दिया।

इस बैठक में राज्यपाल के सचिव सी. आर. प्रसन्ना, निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्यपाल के उप सचिव श्रीमती हीना अनिमेष नेताम , पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**राज्यपाल ने कला केंद्र की सराहना की**

राज्यपाल रमेन डेका ने जिला प्रशासन रायपुर द्वारा शुरू किए गए कला केन्द्र की सराहना की। उन्होंने स्वागत के दौरान कला केन्द्र के विद्यार्थी 11 वर्षीय आरिव झा के वायलिन वादन को सुना और प्रभावित होकर प्रशंसा की।

# उसेंडी बनेंगे विधानसभा उपाध्यक्ष!

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के सोशल मीडिया ग्रुप के वायरल मैसेज में अंतागढ़ से विधायक विक्रम उसेंडी के विधानसभा उपाध्यक्ष बनने का जिक्र है।विक्रम उसेंडी रमन सरकार में वन मंत्री की हैसियत से काम कर चुके हैं। लोकसभा सदस्य रहे हैं। मौजूदा सरकार में उन्हें मंत्री बनाए जाने की अटकलें लगती रही हैं।हालांकि चर्चा में उन्हें विधानसभा उपाध्यक्ष बनाए जाने का जिक्र होता रहा है। विधानसभा में सत्रों के दिनों में वह सभापति तालिका में शामिल किए जाते रहे हैं। इस लिहाज से इस चर्चा को बल मिलता है।

**संसदीय सचिव के लिए 16 नाम**-साय सरकार संसदीय सचिवों की भी नियुक्ति करने जा रही है।चर्चा है कि सरकार 16 संसदीय सचिव बना सकती है।भाजपा के ग्रुप में वायरल मैसेज में जिन नामों को शामिल किया गया है, उनमें भावना बोहरा, गोमती साय, रायमुनि भगत, चैतराम अटामी, धर्मजीत सिंह, योगेश्वर राजू सिन्हा, मोतीलाल सिन्हा, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दीपेश साहू, प्रबोध मिंज, सुशांत शुक्ला, रोहित साहू, रिकेश सेन, नीलकंठ टेकाम, संपत अग्रवाल या राजेश अग्रवाल और रायमुनि भगत के नाम शामिल हैं।

# गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग मुख्यमंत्री का जलाया पुतला



**बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का मौन प्रदर्शन**

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ आज कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं राज्य की लचर कानून व्यवस्था के मामले मे कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पुतला दहन कर गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने मासूम बच्ची के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार आयी है कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। हाल ही मे दुर्ग जिले के मोहन नगर थाने मे 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हुई। ऐसी घटनाएं लगातार प्रदेश मे देखने मिल रही है अगर गृहमंत्री से पुलिस विभाग संभल नही रहा है तो वह तत्काल इस्तीफा दे।

इस प्रदर्शन मे उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा प्रशांत ठेंगडी नवीन चंद्रकार दीपा बग्गा देव कुमार साहू प्रभारी महामंत्री जी. श्रीनिवास बंशी कन्नौजे देवेंद्र यादव मणिराम साहू सेवक महानंद नीलिमा सिंह कमलेश नथवानी माधव छूरा प्रवीण चंद्राकर शब्बीर खान योगेश तिवारी मुन्ना मिश्रा मोहसिन खान राज देवांगन विष्णु राजपुत कमलाकांत शुक्ला विनोद ठाकुर ब्रम्हा सोनकर महाबीर देवांगन आदि उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार का आगाज

## जिले के नगरीय निकायों के वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत में लिए गए आवेदन



**■ कलेक्टर-एसएसपी ने किया निरीक्षण, आवेदकों से उनकी समस्याओं पर की चर्चा**

**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आज सुशासन तिहार-2025 का आगाज हुआ। इसी क्रम में आज जिले के नगरीय निकायों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में समाधान पेटियों के माध्यम से आमजनों के शिकायत प्राप्त किए गए। राजधानी में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डों की समीक्षा की और आवेदकों से चर्चा कर उनकी मांग और समस्याओं को सुना।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार प्रदेशभर में 8 अप्रैल से 31 मई तक 3 चरणों में आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे। साथ ही यह आवेदन ऑनलाईन पोर्टल sushasantihar.cg.nic.in के माध्यम से भी किये जा सकेंगे।

# मुख्यमंत्री साय से निगम-मंडल के नवनियुक्त अध्यक्षों ने की मुलाकात

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में निगम-मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने सभी अध्यक्षों को नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। निगम-मंडलों के माध्यम से शासन की अनेक योजनाएँ और हितग्राहीमूलक कार्यक्रम ज़मीनी स्तर तक पहुँचते हैं। उन्होंने सभी अध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ करें तथा छत्तीसगढ़ की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ पाठ्य ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤



# राजधानी के क्लबों में देर रात तक बिक रही कोकीन-ब्राउन शुगर, हो रहा देह व्यापार

## युवा कांग्रेस ने कार्रवाई करने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस ने आज रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तेलीबांधा थाना क्षेत्र के हाइपर क्लब सहित अन्य क्लबों में चल रहे देह व्यापार, अश्लीलता व नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजधानी के कई क्लबों में शासन की ओर से निर्धारित समय-सीमा (रात्रि 12 बजे) की अवहेलना हो रही है। पुलिस की मिलीभगत से सुबह 5 बजे तक खुलेआम शराब परोसी जाती है और सूखे नशे का सेवन कराया जाता है।

प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला ने एसएसपी को बताया कि हाइपर क्लब में देर रात भगवान के भजन बजाकर युवाओं को धार्मिक माहौल का आभास कराया जाता है। इस दौरान शराब परोसी जाती है, जो समाज और संस्कृति दोनों का घोर अपमान है। साथ ही हाइपर क्लब में निलंबित स्वास्थ्य विभाग कर्मी जेम्स बेक द्वारा एक बड़ा अनैतिक रैकेट चलाने का आरोप लगाया है।भावेश ने बताया, युवाओं को देह व्यापार में फंसाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। बदनामी के डर से युवा इसकी शिकायत तक नहीं कर पा रहे हैं।

कांग्रेसियों ने एल.ओ.डी, जूक, ऑन द रॉक्स, सीमर्स क्लब और पियानो प्रोजेक्ट जैसे अन्य क्लबों में भी एमडीएमए, कोकीन, ब्राउन शुगर, चिट्टा, मौली टैबलेट और हाइब्रिड मरुआना जैसे जानलेवा नशे खुलेआम बेचने की बात कही।इस गंभीर मामले पर रायपुर पुलिस जिला कप्तान लाल उमेद सिंह ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के साथ एन एस यू आई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा, लक्षित तिवारी, शुभम दुबे, विमल साहू, संस्कार पांडे, आशीष, शिवम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन को धरना, प्रदर्शन एवं चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# प्रदेश में अगले चार दिनों तक गरज-चमक के साथ आंधी और बारिश की संभावना

रायपुर, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों तक द्रोणिका के प्रभाव से गरज चमक के साथ आंधी और हल्की बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. मौसम विभाग की मानें तो इस दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा. मौसम विभाग मुताबिक पूर्वी बिहार से लेकर उत्तरी तेलंगाना तक एक ट्रफ़ (द्रोणिका) बनी हुई है, जो पूर्वी झारखंड से होते हुए छत्तीसगढ़ से उत्तरी तेलंगाना तक जा रही है. इसके प्रभाव से 8 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है. पिछले 3 दिनों में प्रदेश की अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक का इजाफा हुआ है.

**बारिश की संभावना**

मौसम वैज्ञानिक आगापित एक्का ने बताया कि पूर्वी बिहार से लेकर उत्तरी तेलंगाना तक एक ट्रफ़ (द्रोणिका) तरफ बनी हुई है. जो पूर्वी झारखंड से होते हुए छत्तीसगढ़ से उत्तरी तेलंगाना तक जा रही है. इसके प्रभाव से 8 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है. रायपुर को छोड़कर मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ जिसमें बस्तर संभाग रायपुर संभाग और दुर्ग संभाग शामिल है।



उत्तर छत्तीसगढ़ यानी बिलासपुर और सरगुजा संभाग में मौसम साफ रहेगा. सोमवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 41.4 डिग्री दर्ज किया गया।

**बड़े शहरों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 41.4 डिग्री | 25.2 डिग्री |
| रायपुर | 41.2 डिग्री | 25.1 डिग्री |
| माना एयरपोर्ट | 41.2 डिग्री | 20.5 डिग्री |
| पेंड्रारोड | 40.3 डिग्री | 20.6 डिग्री |
| अंबिकापुर | 38.5 डिग्री | 22.5 डिग्री |
| दुर्ग | 40.02 डिग्री | 23.5 डिग्री |
| राजनांदगांव | 41 डिग्री | 22.5 डिग्री |

**प्राक्चयन परीक्षा 20 को**

**महासमुंद,** 8 अप्रैल (देशबंधु)। प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025.26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर 20 अप्रैल तक डाउनलोड किया जा सकता है।



# सुशासन तिहार प्रथम चरण में आमजनों से समस्याओं के आवेदन लेने का कार्य प्रारंभ

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के निर्देशानुसार सुषासन तिहार 8 अप्रैल से 31 मई तक के 3 चरणों में होने वाले राज्य शासन के निर्देशानुसार लोककल्याणकारी आयोजनों में प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता से समस्याओं के संबंध में आवेदन प्राप्त करने रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में सार्वजनिक स्थलों पर आवेदन प्राप्त करने का कार्य आज से प्रारंभ हो गया। आज महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़, पार्षदगणों ने विभिन्न स्थलों पर जनसुविधा हेतु समस्याओं के आवेदन देने दी गई प्रषासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सभापति ने जोन 2 के सभी 7 वार्डो के स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्था देखी एवं आमजनों से समस्याओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को आमजनता का समस्याओं के आवेदन देने सहयोग करने निर्देशित किया।



रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त विष्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने नगर निगम रायपुर के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर सुषासन तिहार 2025 की आज से आमजनों से आवेदन लेने की प्रारंभ कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने आमजनों से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की एवं जानकारी ली । जिला कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को आमजनों की सुविधा का ध्यान रखकर उनसे व्यवस्थित रूप से समस्याएं सुनकर प्राप्त करने एवं राज्य शासन के निर्देषानुसार प्राप्त सभी समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिष्चित करने के आवष्यक निर्देष दिये।

- 11 तक आवेदन किए जा सकेंगे
- महापौर मीनल, सभापति सूर्यकांत, पार्षदों, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के भूतल पर लगाये गये सुषासन तिहार 2025 के षिविर स्थल की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। षिविर में पहुंचे लोगो से चर्चा कर जनसमस्याओं की जानकारी ली एवं उन्हें व्यवस्थित रूप से प्राप्त कर तय समय सीमा में सभी जनसमस्याओं का शत प्रतिषत समाधान करना सुनिष्चित करने के निर्देष नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को दिये। महापौर ने निर्देषित किया कि आम जनता जो समस्याओं का देने आए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निदान करके आमजनों के चेहरे पर प्रसन्नता लाने के कार्य का दायित्व सभी अधिकारीगण समन्वय बनाकर अच्छी तरह निर्वहन करें । सभापति श्री सूर्यकांत राठौड ने जोन 2 के सभी 7 वार्डो के षिविरों का अवलोकन करते हुए निर्देषित किया कि जनसमस्याएं बताने आ रही आमजनता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसका विषेष ध्यान रखा जाये। नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में सुषासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक आमजनों से समस्याओं एवं शिकायतों के संबंध में आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था जारी रहेगी। महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं सभापति श्री सूर्यकांत राठौड ने नागरिको से अपनी समस्याओं वार्डो की जनसमस्याओं, जनषिकायतों की जानकारी षिविर स्थल पर पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में देने अपील की है ताकि सभी समस्याओं व षिकायतों का तय समय सीमा के भीतर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार व्यवस्थित तौर पर त्वरित निदान किया जा सके।

# गुणवत्ताहीन कार्यों का भुगतान होने पर अधिकारी दोषी



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। आज नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने 15 वें वित्त आयोग के कार्यो की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को अनेक निर्देश दिये। प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जुनियर, उपअभियंताओं, कार्य के अनुबंधित सभी ठेकेदारों की उपस्थिति में बैठक में महापौर ने सभी अधिकारियों को प्लान के अंतर्गत कार्यो को करने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बैठक में सभी ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। महापौर ने निर्देशित किया है कि सभी कार्यो की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

- महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास नालियां ढंकने के दिए निर्देश
- महापौर मीनल ने प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

महापौर ने निर्देशित किया कि जिन बडे नालो में गौ माता गिर जाती है, उनका चिन्हांकन कर ड्रेन कव्हर हेतु कार्य किया जाये। महापौर ने ड्रेन कव्हर, पेवर वर्क, पेंटिंग कार्य उद्यान आदि मुख्य विषयों को लेकर समीक्षा की एवं ड्रेन कव्हर में कुछ मुख्य स्थानों जैसे रायपुर शहर के सभी 70 वार्डो के समस्त मुख्य मार्गो, सभी महापुरूषों की प्रतिमाओ और चौक -चौराहों का चिन्हाकन कर ड्रेन कव्हर हेतु प्राथमिकता से कार्य करवाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही स्कूल, हास्पिटल, बाजार, कमर्शियल काम्पलेक्स वाले स्थानों बडे फ्लाई ओव्हर के नीचे बाई पास में, कार्य के संबंध में निर्देश दिये है। महापौर ने उद्यान हेतु चारों विधानसभा क्षेत्रों के उद्यानों का चिन्हांकन कर सौंदर्यीकरण कार्य किये जाने की जानकारी पर कहा कि कुछ उद्यानों के सौंदर्यीकरण का कार्य अत्यंत धीमा गति से चल रहा हैं, जिन्हे समयसीमा पर कार्य कर पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही जिन स्थानों में कार्य प्रगतिरत है, वहां के वार्ड पार्षदों को जानकारी में दिये बिना कोई भी कार्य नहीं किये जाने का निर्देश महापौर ने अधिकारियो को दिया है।

## आज होगा नवकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन, पीएम मोदी भी होंगे वर्चुअल शामिल

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जैन समाज द्वारा आयोजित 'नवकार महामंत्र दिवस' का भव्य आयोजन 9 अप्रैल को रायपुर स्थित जैन दादाबाड़ी, एम.जी. रोड पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण होगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7.02 बजे स्वागत एवं नाश्ते के साथ होगी। इसके उपरांत पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मुख्य आकर्षणों में मुनिश्री ऋषभ सागर जी म.सा. और ऋजु सागर जी म.सा. का आशीर्वचन और मंगलाचरण शामिल है। नवकार मंत्र का जाप मनाली साखला द्वारा कराया जाएगा, जो सामूहिक सहभागिता के माध्यम से एक आध्यात्मिक वातावरण की रचना करेगा। विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम में वर्चुअल उपस्थिति के माध्यम से स्वागत व संबोधन प्रस्तावित है। उनके साथ सामूहिक नवकार मंत्र जाप एक ऐतिहासिक क्षण बनेगा। कार्यक्रम में लाभार्थी परिवारों, विशिष्ट अतिथियों और समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा। समापन के समय धन्यवाद ज्ञापन महिला विंग द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है, और आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है। जीतो चेयरमैन रायपुर त्रिलोक बरडिया व सचिव अंकुश गोलछा तथा प्रोग्राम कन्वेनर ललित पटवा, अभय भंसाली, सुशील बारलोटा ने सकल जैन समाज से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## देवी स्वरूपा कन्या रेप घटना की प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक ने निंदा की-जांच टीम रवाना

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य को कलंकित करने वाली भिलाई की घटना जिसमें देवी स्वरूपा कन्या कन्या के साथ सुंयोजित ढंग से रेप की घटना को अंजाम देने वाली शर्मनाक निंदनीय घटना की आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी, पार्टी महासचिव व राज्यसभा सदस्य डॉ संदीप पाठक ने निंदा की है। घटना की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल ने प्रदेश प्रभारी से प्राप्त की है तथा केंद्रीय गृह मंत्री से इस घटना पर उचित व त्वरित कार्यवाही की मांग की है।



आम आदमी पार्टी के नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि नवरात्रि पर्व में माता की पूजा होती है ?। प्रथम शैलपुत्रि व द्वितीयं ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा होती है। मां भगवती ब्रह्मचारी कुंवारी कन्या है। इसलिए व्रत उपवास के बाद कुंवारी कन्या को देवी स्वरूपा मानकर उसकी पूजा की जाती है। उन्हें भोजन कराया जाता है और यह पूजा और भोजन कन्या स्वरूपा देवी को प्राप्त होता है। लेकिन छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाली घटना कुंवारी कन्या के साथ घटित हुई है, इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रमुख प्रवक्ता महासचिव सूरज उपाध्याय व महासचिव बदूद आलम व, एम एम हैदरी, नंदन सिंह, अज़ीम खान, दुर्गा झा, तेजेंद्र तोड़ेकर, परमानंद जांगड़े, आदि नेताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए पार्टी कार्यालय में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथी तत्काल पार्टी की महिला समिति के नेता दुर्गा झा, कलावती मार्को, के ज्योति आदि के नेतृत्व में महिला टीम भिलाई इस घटना की जांच के लिए वह पीड़ित परिवार से भेंट संवेदना व्यक्त करने के लिए रवाना की गई है। आप नेताओं ने मुख्यमंत्री मंत्री श्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री श्री विजय शर्मा, विधि एवं विधाई मंत्री श्री अरुण साव से मांग की है कि इस घटना में संलिप्त लोगों को तत्काल फांसी की सजा दी जाए ?। ताकि भविष्य में ऐसी घटना को अंजाम देने के की साहस किसी में न हो।

## नालंदा लाइब्रेरी के पास युनिपोल पर फटकर लटक रहा विज्ञापन



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी शहर रायपुर के नालंदा लाईब्रेरी परिसर के समीप युनिपोल पर फ्टा हुआ विज्ञापन होने की जानकारी मिलते ही नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल, नगर निवेशक आभास मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 नगर निवेष विभाग की टीम ने नालंदा लाईब्रेरी के पास पहुंचकर युनिपोल से फटा हुआ विज्ञापन निकालने की त्वरित कार्यवाही जोन 7 जोन कमिश्नर रमाकांत साहू के निर्देश पर जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से की।

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की गतिविधियों का वार्षिक कलेण्डर का अनुमोदन

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों का माहवार कलेण्डर का अनुमोदन किया गया। कलेण्डर अनुसार सहकारिता का प्रचार-प्रसार के लिए भिन्न-भिन्न विषयों पर विभिन्न दिनांकों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, बुनकर सहकारी समितियों, ग्राम पंचायतों, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं उनकी शाखाओं में सालभर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, ताकि सहकारिता के बारे में अधिक से अधिक लोग जान सके तथा उसका लाभ भी वे प्राप्त कर सके।

## मंत्रिमंडल विस्तार नहीं झुनझुना मात्र है : भगत

**रायपुर,** 8 अप्रैल। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के आदिवासी नेता अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर कटाक्ष किया है उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार नहीं, झुनझुना मात्र है। श्री भगत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा साय सिर्फ दिखा रहे हैं, दे नहीं रहे हैं। हमारे पुराने मित्र राजेश मूणत और अजय चंद्राकर को लिस्ट से ही गायब कर दिया गया है।अब नितिन नबीन आएंगे और झुनझुना बजाएंगे। वहीं बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों के समायोजन को लेकर बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लिखे गए पत्र को अमरजीत भगत ने पेपर बम करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ सांसद अग्रवाल का तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा कि जो बहन-बेटियां आग में चल रही है, उनकी समस्या का हाल कौन निकालेगा।सत्ता सिर्फ सुख के लिए नहीं होता।

**जंगल सफारी को मिली सौगात**

# वन मंत्री केदार कश्यप ने ई-कार्ट, फूड कोर्ट और सोविनियर शॉप का किया शुभारंभ

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर जंगल सफारी में आज वन्यजीव संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए माननीय वन मंत्री केदार कश्यप, माननीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक इन्द्र कुमार साहू के उपस्थिति में विभिन्न कार्यो का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया. कैंपा मद अंतर्गत नियोनेटल केयर यूनिट का उद्घाटन, वन्यजीवों, विशेषकर नवजात शावकों के समुचित देखभाल और उपचार के लिए नियोनेटल केयर यूनिट का उद्घाटन किया गया. यह केंद्र आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त है, जो वन्यजीवों के स्वास्थ्य और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

**नया प्रशासनिक भवन का उद्घाटन**

नंदनवन जू और सफारी के बेहतर प्रबंधन और प्रशासनिक नियंत्रण को दृष्टिगत रखते सर्व सुविधायुक्त प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया गया है।

**सोविनियर शॉप का उद्घाटन**

जंगल सफारी परिसर पर्यटकों अनुभव बेहतर बनाने के उद्देश्य से नए सोविनियर शॉप का उद्घाटन किया गया, जहां छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और वन्यजीवन से जुड़े उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे. सभी उत्पाद पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बनाए गए हैं, जिनसे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इस सोविनियर शॉप में छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्था और स्व सहायता समूह साथ मिलकर विभिन्न प्रोडक्ट रखे गए है.

नंदनवन जू यवम सफारी और इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट नवा रायपुर (ढ्ढ॥रू) का संयुक्त प्रयास से छात्रों में उद्यमिता का विकास किए जाने और उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान किए जाने के लिए सफारी परिसर में कैंटीन का लोकार्पण किया गया.



**राज्य हाथी निगरानी प्रकोष्ठ की स्थापना**

छत्तीसगढ़ में हाथियों की बेहतर निगरानी ड्ड प्रबंधन और मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में सहायता के लिए जंगल सफारी परिसर में राज्य हाथी निगरानी प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया गया।

**इलेक्ट्रिक वाहन ( ई-कार्ट ) का शुभारंभ**

जंगल सफारी में आगंतुकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक वाहन सेवा प्रारंभ माननीय वन मंत्री केदार कश्यप ने हरि झंडी दिखाकर किया. यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि पर्यटकों के भ्रमण अनुभव को भी अधिक सहज और आरामदायक बनाएगी.

**नंदनवन के वन्यप्राणियों पर आधारित जोकॉफी टेबल बुक का विमोचन**

नंदनवन जू और सफारी प्रबंधन ने,स्नस्न्ञ्ज यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ फोटोग्राफी विभाग के साथ मिलकर जंगल सफारी की विविधताओं, जैविक संपदा और संरक्षण प्रयासों को दर्शाने वाली कॉफी टेबल बुक विमोचन किया गया. यह पुस्तक पाठकों को जंगल सफारी की सुंदरता, वन्यजीवों की विविधता एवं संरक्षण की महत्ता से परिचित कराएगी और प्रकृति प्रेम को प्रोत्साहित करेगी.

**वन मंत्री ने किया समर कैंप का पोस्टर लॉन्च**

बच्चों और विद्यार्थियों को प्रकृति, विरासत और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जंगल सफारी में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा इसके पोस्टर का लोकार्पण किया गया. 20 अप्रैल से शुरू होने वाले इस शिविर में प्रतिभागियों को प्रकृति के साथ जुड़ाव, पर्यावरणीय शिक्षा और संरक्षण के महत्व को समझाया जाएगा.

**वन मंत्री और सांसद ने सराहा संरक्षण कार्य, दिए विकास के निर्देश**

वन मंत्री केदार कश्यप ने विभाग द्वारा अब तक किए गए संरक्षण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली और जंगल सफारी के उत्कृष्ट प्रबंधन एवं संरक्षण प्रयासों की सराहना की. उन्होंने अधिकारियों को बधाई देते हुए वन्यजीव संरक्षण में निरंतर प्रगति के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वन विभाग के अधिकारियों को जंगल सफारी परिसर को और अधिक हरित बनाने तथा पर्यटकों के लिए आकर्षक और उपयोगी सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटकों के अनुभव को भी समृद्ध किया जा सके. उन्होंने विभाग को भविष्य में और नवाचार अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर वन विभाग से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, पीसीसीएफ और हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स वी. श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ (वन्यजीव) सुधीर कुमार अग्रवाल, पीसीसीएफ एवं निदेशक एसएफआरटीआई तपेश झा , प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल साहू, सीसीएफ (वन्यजीव) शातोविसा समझदार एवं जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध प्राप्त की गई 1313.27 करोड़ की राशि

**बालोद,** 8 अप्रैल। खनिज विभाग जिला बालोद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध 1313.27 करोड़ की राशि प्राप्त की गई है। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भडारण पर नकल कसने लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसका परिणाम यह है कि शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1110 करोड़ के विरूद्ध 1313 करोड़ का राजस्व लक्ष्य प्राप्त की गई है जो कि खनिज राजस्व लक्ष्य का 118 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिजों के अवैध उत्खनन के 36 मामले दर्ज कर राशि 22 लाख 78 हजार 200 रुपये अवैध परिवहन के 150 मामले दर्ज कर राशि 40 लाख 48 हजार 394 तथा अवैध भंडारण के 12 मामले दर्ज कर राशि 03 लाख 88 हजार 515 रुपये का समझौता शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया गया।

**कैपिटल जोन का शेष...**

## मुख्यमंत्री साय से निगम-मंडल के...

पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पाण्डेय, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री राम सेवक पैकरा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा,छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष श्री ध्रुव कुमार मिर्धा और छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा से रविवि के सेवानिवृत कर्मचारियों ने सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने हेतु लगाई गुहार

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं वर्तमान छत्तिसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव तीर्थ राम यादव नेता द्वय के साथ प्रतिनिधि मंडल में शिरिष त्रिवेदी, अलख राम साहू और गणेश राम यादव जी आदि ने बताया कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री गृह मंत्री आदरणीय विजय शर्मा जी और उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन देने हेतू पत्र देते हुए निवेदन किया गया दोनों उप मुख्यमंत्री द्वय ने सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्यायों को ध्यान से सुना और मुख्य मंत्री जी से चर्चा कर मांग पूरी कराने का आश्वासन दिया।

उप मुख्यमंत्री द्वय जी से सीधे रूबरू होकर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत ने बताया कि भाजपा के डा रमन सिंह जी के शासन काल में ही छठवें और सातवें वेतन मान का आदेश जारी हुआ था और उनके सभी एरीयस आदि कर्मचारियों को मिले थे नौ वर्षो से अधिक हो गए के वि वि के सेवानिवृत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन के लाभ से विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण वंचित हैं आप से कर्मचारीहित में सकरात्मक पहल करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए पेंशन आदेश शीघ्र जारी कराने के लिए आपसे निवेदन करने आयें हैं ।

विदित हों कि विगत 1 जनवरी 2016 से वि वि के शिक्षकों और कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर शासन के आदेशानुसार वेतन और उसके सभी लाभ के साथ एरियर्स लेते हुए वि वि से सेवानिवृत्त हो रहे हैं किंतु इन सेवानिवृत कर्मचारियों का पेंशन निर्धारण



शासन द्वारा छठवें वेतन मान के आधार पर किया जा रहा है। गौरतलब है कि 31/12/2015 तक वि वि से सेवानिवृत हुये कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने हेतु शासन ने आदेश जारी करते हुए उसका लाभ सेवानिवृत कर्मचारियों को दे रहा है , जबकि ये कर्मचारीगण अपने सेवा काल में कभी भी सातवें वेतनमान के आधार पर अपना वेतन नहीं लिए हैं। प्रदीप मिश्र ने मांग की कि बिना भेद भाव किये एक प्रदेश एक पेंशन नीति सभी प्रदेश के शासकीय और अर्ध शासकीय, निगम, मंडल आदि के कर्मचारियों के लिए लागू किया जाना चाहिए छत्तीसगढ़ शासन के हमारे मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी स्वम ही माननीय उच्च शिक्षामंत्री भी हैं और आज 8 अप्रैल से *सुशासन तिहार* का पहला दिन है प्रदेश का सबसे बड़ा विश्वविद्याकाय पंडित रवि शंकर शुक्ल के साथ साथ प्रदेश के सभी सेवा निवृत कर्मचारियों के लिए शीघ्र ही पेंशन आदेश जारी करा कर समानता और एकरूपता की मिशाल प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ के सुशासन तिहार में चार चाँद लगेगा।

ज्ञातब्य हो कि नगर निगम रायपुर और कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को भी सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन मिल रहा है तो प्रदेश के सबसे पुराने रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन देने से वंचित रखा गया है जो कि कहीं से भी न्याय संगत नही है।

विदित हो कि गुरु घासी दास बाबा जी ने कहा है कि मनखे मनखे एक समान सबके लहू के रंग हे एक समान केंद्र और प्रदेश के शासकीय और अर्धशासकीय विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है हम सभी सेवानिवृत कर्मचारियों ने भी शासन के साथ कंधे से कंधे मिलाते हुए सरकार के लिए काम कर रहे हैं एक प्रदेश एक समान पेंशन नीति के तहत पेंशन आदेश जारी किया जाए ।

**निधन**

## श्रीमती पुष्पादेवी डागा

**रायपुर,** 8 अप्रैल। कुसुम विला, एयरटेल ऑफिस के सामने, रिंग रोड नं. 1 निवासी श्रीमती पुष्पादेवी डागा धर्मपत्नी मोहनलाल डागा का निधन 7 अप्रैल को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे बलदेव डागा की माता एवं अनिरूद्ध, अनुराग व अभिनव की दादी थी।



## जयकर गोण्डाने

**महासमुंद,** 8 अप्रैल। स्थानीय क्लब पारा निवासी जयकर गोण्डाने सेवानिवृत्त नगर पालिका लिपिक का निधन 77 वर्ष की आयु में सोमवार 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे सतीश गोण्डाने, कृष्णा गोण्डाने के पिता व सानिध्य, धैर्य के दादा थे। अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को मुक्तिधाम में किया गया।



# हनुमान जयंती के लिए झंडा लगाते समय गिरी क्रेन, युवक की मौत

## एक गंभीर रूप से घायल, परिजनों ने थाने का किया घेराव




**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। – रायपुर के अभनपुर में हाइड्रोलिक ट्रैक्टर क्रेन के पलटने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हनुमान जयंती को लेकर झंडा लगाते समय हादसा हुआ है। जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। गोबरा.नवापारा थाना इलाके के नवापारा के वार्ड क्रमांक 12 में हनुमान जयंती को लेकर झंडे लगाए जा रहे थे। सोमवार की रात करीब 1.2 बजे बजे 3 युवक खंभे पर झंडा लगाने हाइड्रोलिक क्रेन में चढ़े थे। इसी दौरान हाइड्रोलिक क्रेन पलट गई। इसमें 22 साल का नितुल और सागर करीब 25 फीट ऊंचाई से सड़क पर गिर गए।

**सिर में चोट लगने से मौत :** ऊंचाई से गिरने पर दोनों को गंभीर चोटें आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां नितुल की इलाज के दौरान मौत हो गई। नितुल का सिर फट गया था। ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हुई है। वहीं सागर को रायपुर के अंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया है। उसके कमर और पैर में गंभीर चोट आई है।

**एक युवक खंभे पर लटका रहा :** 3 युवक खंभे में झंडा बांध रहे थे। जिस समय क्रेन बेकाबू होकर गिर रही थी। उस दौरान एक युवक ने खंभे को पकड़ लिया और लटका रहा। इसके चलते वह बाल.बाल बचा। बाद में बाकी युवकों ने उसे खंभे से नीचे उतारा।

**परिजनों ने किया थाने का घेराव :** नितुल की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गोबरा.नवापारा थाने का घेराव कर दिया। नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने वाहन चालक के खिलाफफिर दर्ज करने की मांग की। अभनपुर में हाइड्रोलिक ट्रैक्टर क्रेन के पलटने से एक युवक की मौत हो गई।

**ड्राइवर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध :** थाना प्रभारी ने बताया किए हाइड्रोलिक क्रेन से गिरने से हादसा हुआ है। ये क्रेन नगर पालिका की थी और समिति के सदस्यों ने झंडा लगाने के लिए मांगी थी। 106 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया

# वकीलों की पिटाई के मामले में कार्रवाई को लेकर सामूहिक प्रदर्शन



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला न्यायालय के वकीलों ने रायपुर एसएसपी आफिस और एसडीएम दफ्तर को घेर कर प्रदर्शन किया। वे दो वकीलों की पिटाई को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उस वक्त एसएसपी लाल उम्मेद सिंह सुशासन तिहार के दौरे पर कलेक्टर के साथ जिले में निकले थे। उनकी अनुपस्थिति में वकीलों ने सिंह से फोन पर चर्चा कर पूरी जानकारी दी। वकीलों का कहना था कि सोमवार शाम 151 के एक मामले को लेकर दो वकील तेलीबांधा थाने गए थे। जहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने दोनों वकीलों के साथ मारपीट की। इस पर एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रदर्शनकारी वकील नारे लगाते रहे। पीडित वकील ने मीडिया को बताया कि उन्होंने 151 की आरोपी एक महिला को शाम 7.30 बजे के बाद एसडीएम कोर्ट में पेश करने और जेल ले जाने का विरोध किया था। इसी दौरान यह पूरा विवाद हुआ और उनके साथ हाथापाई की गई। वकील पिटाई करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते रहे। पहले 17 जनवरी को भी एक आरोपी ने वकील की पिटाई की थी। उसकी कोर्ट परिसर में पुलिस हिरासत में ही वकीलों ने पिटाई की थी। पुलिस ने कोर्ट से फुटेज देखकर पिटाई करने वाले वकीलों पर अपराध दर्ज करने की बात कही थी।

# डरा-धमकाकर लूट का प्रयास में युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने उरकुरा में दुकान के अंदर घुसकर लूट करने का प्रयास करने के मामले में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी दिनेश वर्मा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कराया कि 6 अप्रैल को रात्रि 09.00 बजे अपनी दुकान शक्ति पारा उरकुरा में बैठा था उसी समय रोशन सिंह एवं विशेष सिंह दुकान आकर सामान एवं पानी पाउच मांगे प्रार्थी द्वारा मना करने पर दुकान के अंदर जबरन घुस कर मारपीट कर धमकी देते हुए दुकान के गल्ले से पैसा लुटने का प्रयास किये प्रार्थी द्वारा चिल्लाने पर प्रार्थी का भांजा आदित्य वर्मा व मोहल्ले का जुगल वर्मा आवाज सुनकर दुकान पर आये तो दोनो आरोपी बिना लुटे वहां से फरार हो गये कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर 309;5 331;4द्ध 3;5 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण के दोनो आरोपी रोशन सिंह पिता हरिकिशोर सिंह उम्र 24 वर्ष एवं विशेष सिंह पिता विकास सिंह उम्र 19 वर्ष साकिनान अल्का बिहार महतारी चौक उरकुरा थाना खमतराई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# हिस्ट्रीशीटर की चाकू मारकर हत्या, आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में आजाद चौक थाना अंतगर्त मंगलम भवन के पास हिस्ट्रीशीटर चाकूमारकर हत्या कर दी गई पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया हैं।

बताया गया कि प्रार्थिया कमलेश्वरी निषाद ने थाना आजाद चौक में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने पुत्र गोपी निषाद के साथ शिवनगर आजाद चौक में रहती है। आज प्रार्थिया का पुत्र गोपी निषाद प्रातः मंगलम भवन चौक की ओर घुमने गया था कि मंगलम भवन चौक पास स्थित मुरारकर काम्पलेक्स पास शुभम साहू पुरानी रंजिश को लेकर उसके पुत्र गोपी निषाद की चाकू मारकर हत्या कर दिया कि प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी शुभम साहू के विरूद्ध थाना आजाद चौक में धारा 103 1 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। हत्या की घटना को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद चौक को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफतार करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी करते हुये आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुये प्रकरण में आरोपी शुभम साहू को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है। मृतक गोपी निषाद थाना आजाद चौक का हिस्ट्रीशीटर था जिसके विरूद्ध अपराधिक मामलों के 09 प्रकरण दर्ज है।

# अलग-अलग स्थानों से 5 दोपहिया की चोरी, शातिर चोर पकड़ाया



**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने के प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बंगोली मुरा मोड़ स्थित मिश्रा पेट्रोल पंप पास एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन की पतासाजी करते हुए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सूरज यादव निवासी विधानसभा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें मोटर सायकल के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल.मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा मोटर सायकल को खरोरा क्षेत्र से चोरी करना बताया गया। चोरी की अन्य वाहनों के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा रायपुर के पंडरी बूढ़ा तालाब एवं मण्डी गेट पास से अन्य 04 नग एक्टिवा वाहन को भी चोरी करना बताया गया। जिस पर आरोपी सूरज यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की कुल 05 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग पये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा की संगीतमय प्रस्तुति ने मन मोहा



**धरसींवा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। रामनवमी के पावन अवसर पर बसना में आयोजित च्अनुज नाईटज्ज कार्यक्रम में धरसींवा विधायक एवं छॉलीवुड सुपरस्टार पद्मश्री अनुज शर्मा की भक्ति-रस में डूबी शानदार प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में श्री शर्मा ने अपने प्रसिद्ध भक्ति गीतों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनका अनुज नाईट बैंड ग्रुप भी आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों के दिलों पर छा गया। संगीतमय भक्ति रात्रि में भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों को समर्पित गीतों ने हर किसी को प्रभु की भक्ति में सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा, च्मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को मर्यादा, सत्य, धर्म, दया और करुणा जैसे गुणों के लिए जाना जाता है। उनके आशीर्वाद से बसना विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।ज्ज इस भव्य आयोजन में बसना विधानसभा के माननीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, अनेक जनप्रतिनिधि, स्थानीय कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम ने क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की और यह आयोजन बसना की भक्ति परंपरा में एक अविस्मरणीय अध्याय के रूप में जुड़ गया।

# टोल प्लाजा में अवैध वसूली, केन्द्रीय मंत्री गडकरी को पूर्व विधायक ने लिखा पत्र

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा द्वारा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुहारी स्थित टोल प्लाजा को हटाए जाने संबंधित चर्चा के लिए समय की मांग की। उपाध्याय ने कहाए वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुहारी टोल प्लाजा में चल रहे अवैध वसूली की शिकायत करेंगे एवं जब तक कुहारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। विकास ने कहा कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुहारी टोल प्लाजा को हटाए जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थीए लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के लिए समय की मांग की गई हैए ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया जा सके। विकास ने कहाए इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले दिनों में कुहारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे।

# सीएसईबी के स्टोर से एल्युमिनियम तार चोरी, 4 आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएसईबी के गुढियारी स्थित स्टोर से एल्युमिनियम तार चोरी के मामले में पुलिस ने 4 आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी जतिन्द्र चंद्र बोस ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि पिछले वर्ष सीएसईबी स्टोर डिविजन में भयंकर आग लगने की वजह से नुकसान होने से सभी माल कुछ जले एव कुछ फ्रेस तितर बितर होने से कार्यपालक अभियंता द्वारा उक्त घटना के बाद से प्रार्थी को दिन और रात्रि में सिफ्ट बाईस गार्ड डियुटी बताने पर 5अप्रैल की रात्रि 10 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 00 बजे तक डियुटी पर था रात्रि करीबन 3.00 बजे से सीएसईबी परिसर में राउण्ड के दौरान अज्ञात 3.4 व्यक्ति परिसर में रखे अधजला एल्युमिनियम का तार को चोरी करके ले जा रहे थे प्रार्थी द्वारा चिल्लाया जिस पर अज्ञात आरोपीगण द्वारा मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिये तथा पीछा करने पर पत्थर फेंक कर चोंट पहुंचाने के लिए हमला किये अपने बचाव में अपने साथी गार्ड को आवाज देने पर गार्ड आये आरोपीगण द्वारा दिवाल फांद कर अधजला एल्युमिनियम तार कण्डक्टर वायर के 06 बण्डल कीमती 60,000 रूपये को अपने साथ लेकर भाग गये प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना गुढियारी में धारा 296ए351;2 333 331;4 305 3;5 कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान गुढियारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र सिंह सरन ऊर्फविक्का खिलावन साहू ऊर्फछोट संजय मोंगराज एवं रूपेश कुमार साहू को घेराबंदी कर चोरी गये एल्युमिनियम तार एवं 02 दो पहिया वाहन को बरामद करए आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 1 गंभीर

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक और हिट एन्ड रन का मामला सामने आया है एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामला मोवा थाना क्षेत्र का है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना पंडरी के दुबे कॉलोनी मोड़ के पास हुई बीती रात बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को एक कार ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# भारतीय पत्रकार महासंघ ने जनहित एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सज्जाद खान को किया सम्मानित




**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय पत्रकार महासंघ, रायपुर (छ.ग.) आयोजक वैदिक ग्रुप के तत्वावधान में आज दिनांक 08 अप्रैल 2025 को वृन्दावन हाल, रायपुर में आयोजित हिन्दू नववर्ष एवं ईद मिलन समारोह में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सैय्यद सलमा ने संस्था, अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के संस्थापक मोहम्मद सज्जाद खान को उनके द्वारा वर्षो से किये जा रहे जनहित एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान देने तथा उल्लेखनीय कार्यों के लिए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि मो. सज्जाद खान जी ने हर धर्म-हर कौम को मानवता के एक सूत्र में बांध कर मानव सेवा कर, कौमी एकता, भाईचारा कायम कर समाज में सामाजिक सद्भाव पैदा किया है। साथ ही मो. सज्जाद खान अपनी संस्था के माध्यम से विगत 28 वर्षों से नि:स्वार्थ समाज सेवा के क्षेत्र में अपने दायित्वों को निर्वाह कर जीवन को मानव सेवा के लिए समर्पित करते हुए जनहित एवं सामाजिक कार्य करते हुए आ रहे हैं, जिसमें भूखों की भूख मिटाने के लिए निशुल्क भोजन सेवा, गरीब निर्धनों को कपड़ा, बीमारों के इलाज, गरीब बच्चियों के विवाह में मदद इत्यादि शामिल हैं।

इस सम्मान के लिए संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने धन्यवाद करते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है यदि कोई भी संस्था सामाजिक सद्भाव, भाईचारा से देश और समाज कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य करती हैं, तो ऐसे सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले लोगों की हौसला अफजाई हो सके और आने वाले दिनों के लिए और भी बेहतर दीनदुखियों, जरूरतमंदो, देश ओर समाज के लिए कार्य कर सके।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ जुबैर खान, राजेंद्र शर्मा, अरहम खान एवं वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# रायपुर में आफ्टर पार्टी के नाम पर नशे का धंधा



- युवा कांग्रेस बोली- क्लबों में बेची जा रही ब्राउन शुगर-कोकीन
- एसएसपी से की शिकायत

**रायपुर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में आफ्टर पार्टी के नाम पर देर रात 3 बजे तक शहर के क्लब हाउस में पार्टियों का आयोजन हो रहा है। यूथ कांग्रेस ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के हाइपर क्लब समेत अन्य बार.क्लबों में देर रात तक अवैध रूप से शराब परोसे जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से कई क्लबों में सुबह 5 बजे तक शराबए एमडीएमएए ब्राउन शुगरए कोकीन जैसे घातक नशे खुलेआम बेचे जा रहे हैं। साथ ही विदेशी जैसे घातक नशे खुलेआम बेचे जा रहे हैं। साथ ही विदेशी युवतियों द्वारा कैबरे और आफ्टर पार्टी के नाम पर खुलेआम देह व्यापार भी संचालित हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हाइपर क्लब में निलंबित स्वास्थ्य विभाग का बाबू जेम्स बेक एक बड़ा अनैतिक रैकेट चला रहा है जहां युवाओं को फंसाकर अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने एल ओ डी जूक ऑन द रॉक्सए सीमर्स क्लब और पियानो प्रोजेक्ट जैसे क्लबों में नशे के सामान की खुलेआम बिक्री की शिकायत भी की।पुलिस प्रशासन से इन क्लबों की सीसीटीवी जांच लाइसेंस सत्यापन कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यूथ कांग्रेस ने कहा कि अन्यथा संगठन को धरना.प्रदर्शन और चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## संपादकीय

### प्रेम सम्बन्धों में हिंसा क्यों?

*लगभग हर रोज इस तरह की खबरें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं जिनमें प्रेम सम्बन्धों के चलते हिंसा का इस्तेमाल होता है- कभी ऐसा रिश्तों की तो कभी एकतरफा प्यार के कारण। इनमें कोई एक पक्ष किसी न किसी कारण से अपने साथी की प्रताड़ना करता है या हिंसक तरीके अपनाता है। इसे टाला जाना चाहिये क्योंकि ऐसी हिंसा करने वाला हो या उसे झेलने वाला, दोनों का जीवन उसके बाद सहज नहीं रहता। देखा जाता है कि ऐसी हिंसा के बाद दोनों ही पक्ष शरीर व मन पर गम्भीर चोटें झेलते हैं। इससे लोगों के उनके जीवन और कैरियर तक बर्बाद होते पाये गये हैं। हत्याएं तक होती हैं।*

*ऐसा ज्यादातर युवावस्था के दौर से गुजरने वाले विवाहित और प्रेमी जोड़ों के साथ होता है इसलिये पालकों एवं अभिभावकों को अपने बेट-बेटियों को बढ़ती उम्र में ही सम्बन्धों की बारीकियां बतलाई जानी चाहिये। जो लोग ऐसी स्थिति की चपेट में आ ही जाते हैं, उन्हें उससे उबरने में भी मदद की जानी चाहिये। नयी जीवन शैली में जहां एक ओर युवा वर्ग मनोरंजन की दुनिया को देखकर अपने प्रेम सम्बन्धों को गढ़ना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ परम्परागत परिवार तथा समाज से उसे अवरोध मिलते हैं। किसी एक पक्ष के इन रिश्तों से पीछे हटने पर ऐसी हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इस तरह की वारदातों के कई आयाम व पहलू होते हैं। यह भी नहीं कि ऐसा केवल किसी एक इलाके में होता हो। ग्रामीण क्षेत्र हों अथवा शहरी या फिर आदिवासी- सभी जगहों पर वैवाहिक जीवन से लेकर प्यार के रिश्तों में हिंसा अपनाई जाती है।*

*मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केसरा गांव में मनोज मांझी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी फूलकुंवर तथा लक्ष्मण मांझी को अलग-अलग कमरों में टांगी से काट डाला क्योंकि उसने लक्ष्मण को अपने घर में उस समय देख लिया था जब वह कुछ काम करके लौटा था। सरगुजा के लखनपुर के चुकनडांड गांव के एक युवक का कोरबा की एक नाबालिग से सम्बन्ध था। इस सिलसिले में पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। रायपुर के ब्राह्मणपारा की एक युवती अपने काम पर भाठागांव जा रही थी कि वहीं के एक युवक ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया क्योंकि वह उससे बात करना चाहता था पर युवती इंकार करती थी। रायपुर के ही खम्हारडीह की एक फैशन डिजाइनर के घर में घुसकर 6 लड़कियों ने कोई कपड़ा लौटाने के नाम पर मार-पीट की। असली कारण इनमें से एक लड़की का किसी युवक से इश्क बतलाया जाता है जो वारदात की असली वजह है। ऐसे सभी तरह के रिश्तों में कोई भी अप्रत्याशित मोड़ आने पर बेहद समझदारी भरे कदम उठाने चाहिये। हिंसा का सहारा लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं।*

उल्टा पुल्टा

पत्नी, आपको मेरी सुंदरता ज़्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति, मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।

# सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाएं

## शिकायतों के निराकरण को देवें सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर



**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार प्रदेश के साथ जिले में भी सुशासन की सशक्त स्थापनाए जनसमस्याओं के त्वरित समाधानए जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षाए जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण की शुरूवात आज से हुई है। इस तिहार के माध्यम से शासन.प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा। कलेक्टर श्री सिंह आज अधिकारियों की समय.सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के संबंध में उक्त बाते कही। उन्होंने विभागवार लंबित समय.सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। सााथ ही अधिकारियों को निराकृत प्रकरणों के विलोपन हेतु फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। समाधान पेटी के साथ जिस कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गई है, वह आवेदन पत्र का अवलोकन कर निर्धारित स्थान पर संबंधित से उनका मोबाईल नंबर उल्लेखित कराना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविरों में जिला प्रमुख अधिकारी अपनी स्वयं उपस्थिति सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि अधिनस्त मैदानी अमलों की अनावश्यक बैठकें आयोजित न करें, उन्हें निर्धारित समय में काम करने का अवसर दें। काम के प्रति कोताही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान कलेक्टर के अनुमति के बिना अधिकारी.कर्मचारियों को अवकाश की स्वीकृति नहीं होगी। इसी प्रकार कार्यालय में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्त्तव्य विमुख शासकीय सेवकों को नोटिस जारी के बाद उनकी ओर से जवाब नहीं आने पर अधिकारी एकपक्षीय कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सभी जिला अधिकारियों को ऑनलाईन आवेदन निराकरण हेतु यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, भिलाई नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय, दुर्ग नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल, भिलाई.3 चरौदा नगर निगम आयुक्त डी.राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं सभी एसडीएम सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### आज गंजमंडी में प्रात: नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप

**दुर्ग**, 8 अप्रेल (देशबन्धु)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत विश्व स्तर पर नवकार महामंत्र की महिमा की ऊर्जा का विश्वव्यापी लाभ लेने कल 9 अप्रेल को प्रात: 7.36 से 9.36 तक सामूहिक जाप का पाठ किया जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत सहित विश्व के 108 देशों में एक साथ एक स्वर में होगा। दुर्ग में यह आयोजन गंजमंडी गंजपारा में होगा। सकल जैन समाज के हजारों लोग इसमें शामिल होगें।

### मूक बधिर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी पुलिस हिरासत में

**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। कातुल बोर्ड में आज सुबह 19 वर्षीय मुक बधिर युवती के साथ मुंह बोले चाचा ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मौके पर लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची मोहन नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि कातुलबोर्ड निवासी 19 वर्षीय युवती मूकबधिर है। सुबह वह घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पिता का दोस्त आरोपी तामेश्वर यादव जिसका अक्सर घर आना जाना रहता है वह पहुंचा। इस दौरान घर में कोई नहीं था और युवती सो रही थी। यह देखकर आरोपी की नियत खराब हो गई और उसने जबरन युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

# मासूम के साथ दुष्कर्म हत्या के घटना से हर कोई व्यथित



- यादव समाज ने किया प्रदर्शन
- वकीलों ने आरोपी की पैरवी न करने का लिया फैसला
- कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री, गृहमंत्री का पुतला दहन

**दुर्ग**, 8 अप्रेल (देशबन्धु)। उरला ओमनगर में हुई कल की दुष्कर्म हत्या की घटना को लेकर आज पूरे शहर में व्यापक प्रतिक्रिया रही। आज यादव समाज ने इस घटना के खिलाफ जर्बदस्त प्रदर्शन किया। इधर दुर्ग अधिवक्ता संघ ने इस मामले के आरोपी सोमेश यादव की पैरवी न करने का निर्णय लिया। इस घटना की आज पूरे दिन व्यापक प्रतिक्रिया रही। घर परिवार से लेकर सार्वजनिक बैठकों दफ्तरों में दिन भी यहीं कांड चर्चा का मुद्दा रहा। जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिक धार्मिक क्षेत्रों में कार्य करने वालों लोगों ने इस मामले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की। यह घटना घर परिवारों विशेषकर महिलाओं के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता का विषय बन गया है। समाज के विभिन्न वर्गो ने इस मामले में फास्ट ट्रेक अदालत में सुनवाई कर अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने इसे लेकर विरोध दर्ज करते हुए पटेल चौक में मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक बालोद संगीता सिन्हा के नेतृत्व में एक जांच कमेटी का भी गठन किया है। नागरिकों ने इस मामले के लिये लगातार बढ़ते जा रहे नशीली दवाओं के सेवन की लत को जिम्मेदार मानते हुए इनकी उपलब्धता पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**कांग्रेस ने किया पुतला दहन :** आज शाम को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पटेल चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला दहन करते हुए दुर्ग शहर के साथ ही प्रदेश में बढ़ती अराजकता, बलात्कार हत्या के तथा लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिये प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेसजनों ने कल हुई दुष्कर्म हत्या के मामले में आरोपी को क़ड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। पुतला दहन कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर वरिष्ठ पार्षद आर.एन.वर्मा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष परमजीत भुई, संदीप वोरा, जयंत देशमुख, अजय मिश्रा, रत्ना नारमदेव, अय्यूब खान, राजकुमार पाली, अलताफ अहमद, एवं कांग्रेस के पार्षदगण व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।

**अधिवक्ता संघ नहीं करेगा आरोपी की पैरवी :** दुर्ग अधिवक्ता संघ ने 6 वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के मामले की भर्त्सना करते हुए इस मामले में आरोपी सोमेश यादव की पैरवी करने से इंकार कर दिया है। दुर्ग अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने एकमत होकर आरोपी को किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता न देने की शपथ ली है। अधिवक्ताओं ने मामले की सीबीआई जांच की मांग तथा मोहन नगर थाना की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये है।

**यादव समाज ने किया प्रदर्शन :** घटना के विरोध में यादव समाज ने बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें दुष्कर्म पीड़िता की मां, परिजन व बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। लोग हाथों में तख्तियां लेकर न्याय की मांग कर रहे थे और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

**दुष्कर्म हत्या : मामले में कांग्रेस ने गठित की जांच कमेटी**

इधर सूत्रों के अनुसार 6 वर्ष की बच्ची के साथ अनाचार और हत्या के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी भारी रोष व्यक्त करते हुए आज पूरे राज्य में प्रदर्शन किया तथा इस पूरे मामले की जांच के लिये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# औंरी में शराब दुकान खोलने का विरोध, कलेक्टर को ज्ञापन



**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। पाटन तहसील के अंतर्गत बोरवाय ग्राम पंचायत के ग्राम औंरी में शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव का ग्राम पंचायत के पंचों व नागरिकों ने कड़ा विरोध करते हुए कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने ग्राम औंरी ममें शराब दुकान नहीं खोलने की मांग की है।

कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया है कि शराब दूकान खोलने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत बोरवाय के सरपंच ने पंचों को विश्वास में लिये बगैर किया है। पंचों ने प्रस्ताव से भी अनभिज्ञनता व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें बगैर कुछ बताये सरपंच ने रात्रि 10 बजे उनसे हस्ताक्षर कराकर उक्ताशय का प्रस्ताव बवाकर शासन को प्रेषित किया है। गांव में शराब दुकान खुलने से अशांति का माहौल हो जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम औंरी में शराब दुकान खोलने की अनुमति न दी जाए। ज्ञापन पंच सहित 50 से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किये है।

# कुडो चैंपियनशिप में दुर्ग बना ओवर ऑल चैंपियन





**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। तृतीय सबजूनियरण् जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष कुडो चैंपियनशिप का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभाग्रह दुर्ग में सम्पन्न हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 17 जिले के कुल 265 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

दुर्ग जिले से सबसे ज्यादा 53 गोल्ड-7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज कुल 63 पदक जीतकर ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। आयोजन की मुख्य अतिथि दुर्ग नगर निगम के महापौर अलका बाघमारा रही।

जिला कुडो संघ की सचिव लीलिमा सोनी ने मिडिया को जानकारी दिया की स्वर्ण पदक विजयी खिलाड़ी महाराष्ट्र के पुणे में 16 से 22 मई तक होने वाले तृतीय राष्ट्रीय कुडोचैंपियनशिप में हिस्सा लेंग। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कुडो संघ की चेयरमेन अनुराधा सिंह पद्मानभपुर पार्षद लीलाधर पाल कसारीडीह वार्ड 44 पार्षद मनीष कोठारी चित्रकार मनीष ताम्रकार कुडो कोच भूपत साहू मनीष साहू, इंदु साहू एवं तृप्ति साहू जीतेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित थे।

# सिविल लाईन में मनाया गया पोषण तिहार

## महापौर ने साइकिल रैली का किया शुभारंभ





**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास द्वारा आज मां सतरूपा शीतला मंदिर के पास सिविल लाईन में पोषण पखवाड़ा के प्रथम दिन पोषण त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार ने पोषण पखवाड़े के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थय जीवन और संतुलित आहार की जरूरत पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती बाघमार ने पोषण की शपथ दिलाई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा निकाली गई साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में चंप्पा साहू, पर्यवेक्षक सीमा मिश्रा, होमेश्वरी साहू, सी.पी.चंद्राकर, श्वेता सिंह, दीपमाला चोनेंद्र, शाही मानिकपुरी, रेखा नेताम, डॉ रूबीना अंसारी और भावना निकलस सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चे और नागरिक मौजूद रहे। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर साइकिल यात्रा ने न केवल स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी आव्हान किया।

# सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर के 15 वें स्थापना दिवस पर निकाली गई भव्य पालकी यात्रा

**दुर्ग**, 8 अप्रेल (देशबन्धु)। सत्ती चौरा स्थित मां दुर्गा मंदिर के 15 वें वार्षिकोत्सव (स्थापना दिवस) पर मां दुर्गा की भव्य और विशाल पालकी यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे, बैंड बाजा, आतिशबाजी, बग्घी गोड़ी से सुसज्जित पालकी यात्रा निकाले जानवे से पहले, नवरात्रि के नौवे दिन मातृशक्ति ने मंदिर में स्थापित चांदी की उत्सव मूर्ति को बाहर निकालकर पालकी में विराजमान कराकर पूजा अर्चना की। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव एवं दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने पालकी को कंधे में उठाकर पालकी यात्रा का शुभारंभ किया।



दुर्गा मंदिर सत्ती चौरा से प्रारंभ होकर गंजपारा से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, मोती काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, चंडी चौक, सिद्धार्थ चौक होते हुए वापस दुर्गा मंदिर पहुंची जहां आगे के धार्मिक कार्यक्रम किये गये। पालकी यात्रा में माता की पालकी के अलाावा माताजी की चलित झांकी, जस झांकी मंडली रास्ते में लगभग दर्जनभर से ज्यादा स्थानों पर विभिन्न राजनीतिक संगठन धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठनों ने पालकी यात्रा में शामिल लोगों को पेयजल, मीठा पेयजल, बिस्कुट फल, पोहा, फलाहारी, का वितरण कर स्वागत किया। जगह जगह पालकी को रोककर लोगों में माताजी की पूजा अर्चना की। रास्ते भर लोग तालियां बजाकर माताजी का जयकारा करते रहे। मंदिर समिति की ओर से योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि मंदिर पहुंचने पर एक बार फिर से माताजी की आरती की गई। शोभायात्रा में विशेष रूप से अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, सुरेन्द्र गुप्ता, राजेश ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# संभागायुक्त-कलेक्टर ने समाधान पेटी का अवलोकन कर आवेदन प्रक्रिया का लिया जायजा



**दुर्ग**, 8 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग के आयुक्त एस.एन.राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज सुशासन तिहार के प्रथम चरण में नगर निगम दुर्ग अंतर्गत शासकीय चन्द्रशेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नया पारा में रखी गई समाधान पेटी का अवलोकन किये। उन्होंने यहां पर आवेदन लेने के लिए नियुक्त कर्मचारियों से आवेदन प्रारूप एवं लोगों की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम के आयुक्त सुमीत अग्रवाल और एसडीएम हरवंश सिंह मिरी साथ थे।

ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिले में सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में 8 से 11 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों की समस्या संबंधी आवेदन लिये जाएंगे। जिले के जनपद कार्यालय दुर्ग, धमधा एवं पाटन तथा सभी नगर पालिका नगर पंचायत कार्यालय में समाधान पेटी रखी गई है। इसके अलावा कलेक्टोरेट कार्यालय सभी एसडीएम कार्यालय और सभी तहसील कार्यालय में भी समाधान पेटी रखी गई है।

नगर निगम दुर्ग में 6, रिसाली में 4, भिलाई 3 चरौदा में 3 एवं भिलाई में 6 स्थानों पर समाधान पेटी रखी गई है। उक्त समाधान पेटी में नागरिक नि:संदेह अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### आंबेडकर जयंती पर शराब बिक्री बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन

**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई ने आज कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ.अंबेडकर जयंती मनाई जाती है तथा इस अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश भी होता है। अन्य त्यौहारों की तरह अंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित कर शराब बिक्री मांस विक्रय बंद किया जाए।

# मशरूम कल्टीवेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वनस्पतिशास्त्र, माइक्रोबायो, प्राणीशास्त्र तथा रसायनशास्त्र विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला "हैण्ड्स-ऑन ट्रेनिंग ऑन मशरूम कल्टीवशन" का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि मशरूम कल्चर के महत्व को समझाया तथा मशरूम से संबंधित स्वरोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में डॉ. एम.पी. ठाकुर, डीन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने स्पॉन प्रोडक्शन, प्योर कल्चर, मदर स्पॉन एवं सिस्टर स्पॉन प्रोडक्शन विषय पर छात्राओं को विस्तार पूर्व क जानकारी दी एवं डॉ.एच.के.सिंह, साईन्टिस्ट प्लान्ट पैथोलॉजी विभाग एग्रीकल्चर कॉलेज रायपुर द्वारा ऑइस्टर मशरूम प्रोडक्शन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### स्पैरो कंपनी से पीड़ित नागरिक समाधान शिविर में कर सकते है आवेदन

**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। लेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आज नगर निगम दुर्ग के लंबित समय.सीमा प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई है। पूर्व में नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत स्पैरो कंपनी द्वारा संपत्ति कर की वसूल की जा रही थी। उक्त कंपनी द्वारा नगरवासियों से लगभग 60 लाख रूपए की वसूली गई राशि नगर निगम दुर्ग में अब तक जमा नहीं की गई है। नगर निगम अमले द्वारा ऐसे लोगों के घर संपत्ति कर वसूली पहुंचने पर बताया जा रहा है कि स्पैरो कंपनी के माध्यम से संपत्ति कर जमा करा दिया गया है। कलेक्टर द्वारा स्पैरो कंपनी से पीड़ित लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समाधान करने की पहल की गई है। निगम क्षेत्र ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# तृप्ति राज्य स्तरीय शिविर में पुरस्कृत

**दुर्ग,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, (छ.ग.) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा कु. तृप्ति साहू ने हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग (छ.ग.) का प्रतिनिधित्व करते हुए अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर में प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर की सहभागिता से बच्चों में देश सेवा, समाज सेवा की भावना के साथ ही व्यक्तित्व का विकास होता है। शिविर में छात्रा द्वारा सक्रिय रूप से सांस्कृतिक साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## विधायक की पहल का निगम कर्मियों ने माना आभार



**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा विधानसभा में नगर निगम भिलाई से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पिछले 7 वर्ष से लंबित उपादान, अवकाश नगदीकरण भुगतान के लिए प्रश्न उठाने के बाद इस समस्या का निराकरण कर दिया गया है। इतना ही नहीं 251 ऐसे रिटायर्ड कर्मचारियों में से लगभग 180 लोगों के एकाउंट में यह राशि ट्रांसफर भी की जा चुकी है। गौरतलब हो कि भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने नगर निगम भिलाई को संचित निधि की राशि एवं फ्री.होल्ड की लंबित राशि की स्वीकृति के लिए विधायक रिकेश सेन की इस सार्थक पहल पर आज उनसे मुलाकात कर आभार व्यक्त किया है। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे ने बताया कि विधायक रिकेश सेन के प्रयास से लगभग 15 करोड़ लंबित भुगतान का मार्ग प्रशस्त हुआ। महासंघ वर्ष 2018 से सेवानिवृत्त 251 कर्मचारियों के उपादान, अवकाश नगदीकरण की मांग कर रहा था। यह भुगतान लंबे समय से रूके होने की वजह से निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा था। विधायक रिकेश की पहल से भिलाई निगम की संचित निधि से 10 करोड़ तथा फ्री- होल्ड से लगभग 4 करोड़ से अधिक का यह भुगतान संभव हुआ है। महासंघ ने बताया कि अब तक लगभग 180 रिटायर्ड कर्मियों के खाता में राशि आ चुकी है। शेष कर्मचारियों में से कुछ का निधन हो चुका है। जिनके उत्तराधिकारी को चिन्हित कर लंबित भुगतान दिया जाएगा। कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष रीता चतुर्वेदी, भिलाई के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, सचिव रोहित बंजार, विश्वजीत सेन गुप्ता, अर्पित द्विवेदी, तोषण साहू, लोकेश बया मौजूद रहे।

# जामुल नगर में मिला युवक का शव

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र में राजीव नगर स्थित नहर में अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। बताया जा रहा है कि शव पुराना होने के कारण शव पूरी तरह से अकड़ चुका था। फिलहाल जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को राजीव नगर क्षेत्र में नहर में लाश मिलने से सनसनी मच गई। दरअसल मंगलवार दोपहर को एक शख्स पुल से गुजर रहा था तो उसकी नजर शव पर पड़ी। इसके बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों ने जामुल पुलिस को सूचना दी तो टीम वहां पहुंची। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ नहर के आसपास लग गई। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव पूरी तरह से अकड़ चुका था। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि शव दो दिन पुराना हो सकता है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है। हत्या है या आत्महत्या यह जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गुमशुदा लोगों की पता साजी कर रही है।

**सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत**

भिलाईनगर। केम्प-1 फोरलेन रोड पर साक्षरता चौक के ठीक सामने देसी दारू भट्टी के साइड पर नेशनल हाईवे रोड क्रॉस कर रहे युवक को कल रात अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में पहले शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया। लेकिन स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने स्पर्श अस्पताल रेफर कर दिया था। परंतु परीक्षण के पश्चात डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। छावनी पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि कल रात को कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी स्पर्श अस्पताल के पास निवासी सत्येंद्र साव दुर्ग जाने के लिए घर से निकला था। साक्षरता चौक के पास स्थित डिवाइडर से नेशनल हाईवे रोड क्रॉस कर रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन के द्वारा उसे जोरदार ठोकर मार दी गंभीर अवस्था में सत्येंद्र साव को शासकीय अस्पताल सुपेला इलाज के लिए ले जाया गया परंतु गंभीर स्थिति होने के कारण डॉक्टर ने उसे स्पर्श अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहां पहुंचने पर परीक्षण के पश्चात डॉक्टर ने सत्येंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



## सासंद विजय ने कहा मां है तो पूरा ब्रह्मांड है



'**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राम नवमी के अवसर पर भजन संध्या एवं महाभंडरा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, विशिष्ट अतिथि रिंकेश सेन विधायक, दया सिंह, चन्देश्वरी बाधे, पार्षद अध्यक्ष सिया कल्याण समिति नेहरू नगर भिलाई भजन संध्या सुनील सिहौरे, भजन प्रस्तुत किए। सांसद विजय बघेल ने कहा कि मां के अद्भुत प्यार में मां है तो पूरा ब्रह्मांड है भजन संध्या में धर्म हम सबको प्रेम सिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते इसी सनातन धर्म से भारत विश्व गुरु बनेगा। चन्देश्वरी बाधे ने कहा कि मेरी ताकत आप से ही मिलती है। राम नवमी मनाने का भगवान श्री राम का जीवन मानवीय जीवन के लिए आदर्श स्वरुप ह। उनका हर रुप विशेष रहा चाहे व पुत्र के रूप में हों या भाई के रूप में हों या पति के रूप में या राजा के रूप में, उन्होंने सदैव तपस्या साधना त्याग का मार्ग चुना। अभ्यास को जीवन प्रत्येक प्रसंग ऐसा है जो मनुष्य जीवन के लिए आदर्श है, अनुकरणीय है मुझे मेरे परिवार में ख्याल आया परिवार कैसे बढ़ता है। इस अवसर पर डी पार्वती रहे विजय जायसवाल, वीणा चन्द्राकर उपस्थित रहे।

## आश्रितों को सुविधा दिलाने चर्चा

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नंदिनी अहिवारा बी एस पी नंदिनी मांइन्स में रह रहे आश्रितों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करने के लिए डा. के. ठाकुर सीएमओ, डॉ. गुरमीत सिंह और जामुलकर जीएम नंदिनी माइंस, शशिभूषण प्रसाद उप प्रबंधक नंदिनी खदान, ने नंदिनी अस्पताल का दौरा किया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 4 अप्रैल 2025 से ब्लड टेस्ट को सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार सेक्टर-9 जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय भेजा जाएगा। रिपोर्ट्स अगले दौरे के दौरान एकत्र की जाएंगी और नंदिनी अस्पताल में मरीजों को वितरित की जाएंगी। ताकि मरीजों को किसी प्रकार की तकलीफ न होवे। बताया कि ब्लड रिपोर्ट आने के बाद मरीज का आवश्यकता अनुसार ईलाज किया जावेगा।

## सेक्टर-9 बर्न यूनिट ने अंकिता को दी नई जिंदगी



**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र मुख्य चिकित्सालय के बर्न विभाग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित सेवाए चिकित्सकीय दक्षता और मानवीय संवेदना जब एक साथ कार्य करती हैं। तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है। यह प्रेरणादायक कहानी है श्रीमती अंकिता कुमारी बदला हुआ नाम की। जिन्हें 19 फरवरी 2025 को ऑक्सीजन एंबुलेंस द्वारा गंभीर स्थिति में सेक्टर 9 अस्पताल स्थित बर्न विभाग में भर्ती कराया गया। उस समय वे सेप्टिक शॉक में थीं। उनका रक्तचाप और ऑक्सीजन सैचुरेशन अत्यंत निम्न स्तर पर था। जैसे ही वे चिकित्सालय पहुंचींए चिकित्सकों की टीम ने तत्परता से उनका उपचार प्रारंभ किया। कुछ ही दिनों में उनकी हालत स्थिर होने लगी और उनका ब्लड प्रेशर एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य स्तर पर आ गया। श्रीमती अंकिता की स्थिति अत्यंत गंभीर थी क्योंकि उनका लगभग 80 प्रतिशत शरीर जला हुआ था और स्किन ग्राफ्टिंग के लिए शरीर के 10 प्रतिशत हिस्से से त्वचा निकाली गई थी। प्रारंभिक उपचार के बाद हाई.रिस्क कंसेंट लेकर पहला ऑपरेशन किया गया जिसमें उनके बाएँ हाथ से सड़ी हुई त्वचा निकाल कर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। बर्न विभाग की विशेषज्ञ टीम ने प्रोटीन युक्त पोषण, संक्रमण नियंत्रण, तथा सकारात्मक मनोबल बनाए रखने के प्रयासों से उनकी हालत को नियंत्रित किया। जिसके फलस्वरूप ग्राफ्टिंग प्रक्रिया सफल रही और धीरे धीरे घाव भरने लगे व उनके स्वास्थ्य में सुधार आने लगा। इसके पश्चातए 4 मार्च को दूसरा बड़ा ऑपरेशन किया गया जिसमें दाहिने हाथए छाती और गर्दन पर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। इस प्रक्रिया में स्किन बैंक की त्वचा का उपयोग करते हुए सैंडविच तकनीक अपनाई गई। लगभग 15 दिनों के भीतर जहाँ ग्राफ्टिंग की गई थी और जहाँ से त्वचा निकाली गई थी। वे अपने पैरों पर खड़े होकर चलने-फिरने में सक्षम हो गईं। अब भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए थे और शरीर में नई त्वचा निकालने की जगह उपलब्ध नहीं थी। ऐसी स्थिति में पहले से त्वचा निकाले गए स्थान से पुनः त्वचा निकालकर उसे छोटे.छोटे टुकड़ों में काटकर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। यह तीसरा बड़ा ऑपरेशन था। अंकिता अब नियमित फिजियोथेरेपी से उनका शरीर भी सक्रिय हो गया। समूचे उपचार में निश्चेतना विभाग की विभाग प्रमुख व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी के मार्गदर्शन में तीनों ऑपरेशन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ उदय कुमार, डॉ अनिरुद्ध मेने सर्जरी विभाग के सदस्यों, डॉ.सौरभ मुखर्जी की टीम ने श्रीमती अंकिता के स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखी और संक्रमण नियंत्रण से लेकर पोषण प्रबंधन तक की जिम्मेदारी निभाई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जिनके कुशल नेतृत्व और प्रेरणा से यह संपूर्ण कार्य संभव हो पाया। डिस्चार्ज के समय उन्होंने स्वयं अंकिता कुमारी से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और पूरी टीम को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सराहा। श्रीमती अंकिता कुमारी ने अत्यंत भावुक होकर डॉ. रविंद्रनाथ को पुष्पगुच्छ भेंट किया और कहा कि यह चिकित्सालय न केवल जीवन रक्षक है. बल्कि विश्वास और उम्मीद का प्रतीक भी है। इस संपूर्ण प्रकरण ने यह सिद्ध किया है कि जब चिकित्सा सेवा में ज्ञान. समर्पण और मानवीय संवेदना का संगम होता है. तब चमत्कार केवल आशा नहीं, एक वास्तविकता बन जाता है। संयंत्र के सेक्टर-9 के बर्न विभाग हर जलते हुए सपने को फिर से जीने का अवसर देती है।

## दफई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत कुटेश्वर लाइम स्टोन माइन्स के समीपस्थ ग्राम दफई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 98 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। जिनमें 63 महिला व 35 पुरूष शामिल थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए इस शिविर में सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर के आयोजन में डॉ मोहम्मद जहूरए फार्मासिस्ट श्री मोसेस तिग्गा सहित कुटेश्वर माइंस की डिस्पेंसरी टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया। संयंत्र अपने आस.पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

## वकील रेप पीड़ित आरोपी का न लड़े केस

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग में एक 6 वर्ष की मासूम के साथ दरिंदगी पूर्ण हरकत कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग करते हुए दुर्ग के सुधि अधिवक्ताओं से यह मार्मिक अपील की है। श्री सेन ने कहा कि दुर्ग में नवमी कन्या भोज के लिए घर से निकली मासूम को दर्दनाक मौत देकर कुछ लोगों ने मानवता को शर्मसार किया है। इस दिल दहला देने वाली घटना में छह साल की बच्ची का रेप कर के उसके सगे चाचा ने उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से दिल दहलाने वाली यह घटना है। मैं बहुत दुखी हूं, मैंने तत्काल मुख्यमंत्री से बात की है। मैं बार एसोसिएशन और अधिवक्ताओं से अपील करता हूं कि ऐसी दरिंदगी पूर्ण हरकत करने वाले आरोपी का कोई भी केस न लड़ें। उसे निश्चित रूप से फांसी की सजा होगी। वही इस घटना की निंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्रकार, एमआईसी सदस्य केशव चौबे, लालचंद वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष पाण्डेय, देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष धनश्याम देवांगन, सहित अनेक सगठनों समाजसेवियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोप को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।



## भिलाई-3 में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के सुविधा उपलब्ध कराने हमे जो दायित्व सौंपे गए हैं उसको हम सभी को बिना भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने ओर उसके लिए बेहतर प्रयास कर केंद्र व राज्य सरकारों की स्वास्थ्य गत नीतियों ओर योजनाओं को पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि हम पीड़ित मानव सेवक है इसलिए हम इस विभाग में सेवा के चुने गए हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ती विभिन्न संक्रामक रोगों के रोकथाम व बचाव में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण होती है जब मैं स्वयं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो कर लोगों को उनके स्वास्थ्य जीवन के प्रति जागरूक करूंगा तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की परिकल्पना पूर्ण होगी मेडिकल आफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 डा शिखर अग्रवाल इस वर्ष के थीम पर कहा कि स्वस्थ शुरूआत आशावादी भविष्य अर्थात रोजमर्रा की दिनचर्या स्वस्थ जीवनशैली से करें बेड हेबिट छोड़े तो भविष्य आशावादी रहेगा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि स्वास्थ्य ही सच्चा धन है अपने जीवन में पौष्टिक आहार शामिल करें योगा ओर व्यायाम को प्रतिदिन सुबह ओर शाम जब समय अनिवार्य रूप से करें। इस दौरान मरीज के परिजनों व ओपीडी में आए उपचार कराने पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों से लोगों सहित डा अर्चना पांडेय, आर एम ए श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, फार्मासिस्ट श्रीमती तृप्ति चंद्राकर स्मृता बागडे, लैब टैक्नीशियन आलिया खातून, ड्रेसर समीर रात्रे, सटाफ नर्स सविता सोधिया, आकांक्षा पोलेश, श्रीमती चम्पा कली सोनी, सरस्वती ठाकुर, मीरा साहू, श्रीमती उषा वर्मा, श्रीमती जे कौर विरदी, के वेंकट राव, हिमांशु सूर्यवंशी सहित विभिन्न पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स द्वारा वर्ल्ड हेल्थ डे आयोजित



**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय में 37 सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग के निर्देशानुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन एनसीसी कैडेट्स द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में मनोविज्ञान विशेषज्ञ अधिष्ठाता एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी उपस्थित रहीं। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वास्थ्य केवल रोगों से मुक्ति नहीं, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सम्पूर्ण सुख की अवस्था है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य को भी उतनी ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए जितनी कि शारीरिक स्वास्थ्य को दी जाती है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच को स्वस्थ जीवन के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस, प्राचार्य डॉ. एम. जी. रोईमोन तथा उप प्राचार्य एवं रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डा. जेम्स मैथ्यू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट संतोष यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय उपस्थिति रही।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने नपाध्यक्ष का प्रयास



**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वरोजगार की ओर जय बूढ़ादेव महिला स्वयं सहायता समूह अहिवारा द्वारा चावल पापड़, बड़ी, अचार बनाने का काम चल रहा है। नपा अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने आम जनों से अपील की है कि वे बहनों द्वारा बनाये गये सामानों को खरीद ताकि बहनें आत्मनिर्भर बन सके, जिससे उनकी सहायता होगी। उन्होनें इसकी शुरुवात स्वयं उनके पापड़ को खरीदकर की। उन्होनें बताया कि पूरे नगर में मसाला उद्योग जो हाथ के खलबट्टे में कुटें मिलेंग। नर्सरी के क्षेत्र में पौधे तैयार करेंगे इनके हौसले बढ़ाने की जरूरत है। इनके प्रोडक्ट को हम खुद एक नया मार्केट देंगे नगर पालिका अहिवारा क्षेत्र में उनके सारे सामान एक जगह मिल सके और एक छत के नीचे और बिक सके ऐसी हम व्यवस्था करेंगे। इस अवसर पर ईश्वर शर्मा 9 के पार्षद, इंद्रजीत रावत, पुरुषोत्तम वर्मा, श्रीमती इंदिरा अरुण बंजारे, कार्यकर्ता इंद्रभान पाटिल, अरुण शर्मा द्वारा सामान को खरीदी कर बहनों को आत्मनिर्भर बनने में मदद की।

## चौबीस हजार गायत्री मंत्र से अनुष्ठान

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई,गायत्री साधना केन्द्र रिसाली, शिव गायत्री मंदिर, खुर्सीपार, शांतिनगर, सुपेला, कोहका, उम्दा रोड भिलाई-3, हुडको सहित अंचल के सभी गायत्री संस्थानों में चैत्र नवरात्र का पर्व मनाया गया। इस दौरान सभी साधक अपने गुरु पंडित श्रीराम आचार्य के संदेश वचनों तथा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से प्रेषित निर्देशों का पालन करते हुए 30 मार्च से 6 अप्रेल तक चौबीस हजार गायत्री मंत्र का जप कर लघु अनुष्ठान पूर्ण किये। जिसकी पूर्णाहुति 6 अप्रेल को पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ आयोजित कर किया गया। जहाँ सबके मंगलमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यज्ञ कुण्ड में आहुति समर्पित की गई। इस दिन सभी परिजनों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अवतरण दिवस को स्मरण कर समाज स दुष्प्रवृत्ति का नाश तथा सज्जनों को संगठित कर परिवार, समाज तथा राष्ट्र में सुख.शांति समृद्धि की स्थापना के लिए विशेष आहुति समपर्ति की गई। इस बीच संस्थान के कार्यकर्त्ता मोहन उमरे ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि अपने घरों से पानी को व्यर्थ न बहायें पानी के एक-एक बूंद का सदुपयोग करे। अपने घर के बाहर पानी से भरा टब अवश्य रखे जिससे गर्मी में मवेशियों को पानी मिल सके। इस गर्मी के दिनों में जब आप घर से कहीं बाहर जाए तो अपने स्कूटर, मोटर साइकिल, कार या अन्य वाहन में अपने घर में रखे अनुपयोगी जूता चप्पल को साथ में रख ले और राह चलते गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद राहगीर लोगो को देवे, अगर ऐसा कर सके तो बिना चौबीस हजार मंत्र जाप किये लघु अनुष्ठान का पूण्य लाभ प्राप्त हो सकता है। इस गर्मी में जितना बन सके भूखे को भोजन और निःस्वार्थ भाव से प्यासे को पानी पिलाना न भूल। जिन्हें माता रानी का दर्शन करना हो ये उपाय करके देख ले। सभी गायत्री संस्थानों में यज्ञ हवन आरती, शांतिपाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वासुदेव शर्मा, एस.पी. सिंह, मोहन उमरे, दयावीर मिश्रा, अजीत सोनबोइर, डॉ.पी.एल. साव, बीआर श्रीवास, श्रीमती यामनी सोनबोइर, डॉक्टर एस.कुमार, नेमराज वर्मा, अनिल वर्मा, श्रीमती योगिता वर्मा, श्रीमती शारदा गोयल, समयलाल साहू, सुश्री सांता साहू, सरस्वती उमरे, लता ऋषि चन्द्राकर, रामस्वरूप साहू, गिरधारी लाल साहू, पृथ्वीपाल साहू, महेन्द्र वर्मा, धीरेन्द्र साहू, आनंदी सिन्हा, जगन्नाथ सोरी, हरिद्वारका साहू, लक्ष्मण देवांगन, मेघवर्मा, मूलचंद वर्मा, रामाधार महिलांग, प्राणेश विस्वास, श्रीमती मीनाक्षी विस्वास, शामिल थे।



## जामुल के कार्यालय में सुशासन तिहार के तहत आवेदन

**भिलाईनगर,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा सुशासन की स्थापना और जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं का समाधान सुगमता से और पारदर्शी तरीके से करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जामुल नगर पालिका कार्यालय में आवेदन लेने के लिए व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका जामुल में इसके लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किए जाएँगे। जहां सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। नगर पालिका जामुल कार्यालयों में समाधान पेटी रखी गई है। जिसमें नागरिक अपनी शिकायतें लिखित रूप में 8 अप्रैल से आवेदन डाल रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान तय समय-सीमा में करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। जनता की सुविधा हेतु ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा रहेगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य संबंधित विभागों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अभियान का शासन की पारदर्शिता बढ़ाना, जनभागीदारी सुनिश्चित करना का शीघ्र समाधान करना है। इस योजना का लाभ लोगों तक मिले इसका पुरा ध्यान रखा जा रहा है। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

**प्राक्चयन परीक्षा 20 को**

**महासमुंद**, 8 अप्रैल (देशबंधु)। प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025.26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर 20 अप्रैल तक डाउनलोड किया जा सकता है।



# ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



**छुईखदान,** 8 अप्रैल। समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला कार्यकारिणी ने श्रीराम नवमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना एवं भजन का आयोजन किया।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने इस आयोजन के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि प्राचीन रियासतकालीन श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम जी का जयकारा लगाते हुये मंत्रोच्चार सहित विशेष पूजा-अर्चना की गई. भगवान श्रीराम दरबार के श्रृंगार पूजन के बाद प्रसाद का भोग लगाया गया तथा सभी संगठन सहयोगी बहनों ने ''श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन'' गाकर भगवान श्रीराम की आरती की। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्षा श्रीमती बिंदु तिवारी एवं मंदिर के पुजारी पं.मनोज चौबे जी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है. इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिये भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था रखी गयी थी. यह आयोजन विगत 12 वर्षों से अनवरत किया जा रहा है।

जिला स्तरीय इस आयोजन में छुईखदान से जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा, श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती सरिता शर्मा, श्रीमती रेणु चौबे, श्रीमती रेणु त्रिपाठी, श्रीमती अंजू तिवारी, श्रीमती श्रद्धा तिवारी, श्रीमती सीमा मिश्रा श्री मती कविता मिश्रा तथा खैरागढ़ से श्रीमती अंजू पांडेय, श्रीमती निर्मला जी, श्रीमती कमला जी, श्रीमती धात्री जी, श्रीमती आशा जी एवं गंडई से श्रीमती शैल त्रिपाठी सहित अधिकांश सामाजिक एवं सनातनी बहनों ने अपनी सहभागिता रही।

## नपा क्षेत्र में सुशासन तिहार, वार्डवार शिविर



**डोंगरगढ़,** 8 अप्रैल। ाज्य सरकार के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में सुशासन तिहार मनाया जाएगा। 8 से 11 अप्रैल तक पहला चरण रहेगा। इस दौरान शहर के सभी 24 वार्ड के लिए वार्डवार शिविर लगेगा। इसके लिए सोमवार की शाम नगर पालिका सभागार में सभी पार्षदों व शिविर के लिए ड्यूटी में लगें कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने सुशासन तिहार की जानकारी दी। महामंत्री श्री भारती ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है या नहीं। इसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर के माध्यम से लोगों की मांग व शिकायतों को आवेदन के फार्मेट में लेंगे। सरकार योजनाओं की वास्तविकता को जाननें के लिए सुशासन तिहार मना रही है। 8 से 11 अप्रैल तक पहला चरण चलेगा। इसके बाद दूसरा चरण एक माह का रहेगा। इस दौरान शिविरों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। वहीं तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा। इस दौरान वार्डवार समाधान शिविर आयोजित होंगे। सभी पार्षदों को इसकी जानकारी वार्ड के अंतिम व्यक्ति को देने का आव्हान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने किया। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में आवेदन कर सकता है। बैठक में सभी वार्ड के पार्षद उपस्थित रहे।

## अस्पताल परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**गुण्डरदेही,** 8 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही द्वारा मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के तहत मंडल के पदाधिकारियो ने नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया गया वही अस्पताल मे भर्ती मरीज को दुध केला व बिस्किट का वितरण किया गया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष व महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता मौजुद थे।

# प्रदेश का सुशासन दिवस सरकार की नाकामी पर पर्दा डालने की एक कोशिश : छाबड़ा



**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में मनाया जा रहे सुशासन दिवस को छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी छुपाने का एक बहाना बताया है यह किस तरह का सुशासन है जहां प्रदेश में पंचायती राजके चुनाव संपन्न होने के बाद भी नव नियुक्त ग्राम सरपंचों को उनका प्रभार नहीं दिया जा रहा है राज्य के सारे ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल पर बैठे हुए हैं चुनाव से पहले मोदी की गारंटी नाम से इन्हें कहा गया था कि सरकार बनते ही पंचायत सचिवों को राज्य सरकार के कर्मचारियों का दर्जा प्रदान किया जाएगा उनके वेतनमान की बढ़ोतरी की जाएगी किंतु राज्य में भाजपा की सरकार बैठे आज डेढ़ साल बीत जाने को हो रहा है के बाद भी पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर सड़क पर धरने में बैठे हुए हैं भाजपा का यह कैसा सुशासन हैजहां लोग न्याय पाने के लिए तरस रहे हैं चाहे बलौदा बाजार में सतनामी समाज के लोग हो या कवर्धा मेंअन्य समाज के लोग सब लोगों के ऊपर भाजपा की सरकार ज्यादिती कर रही है किसान पूरी तरह से परेशान है किसानों को उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है आम आदमी महंगाई की मार से मार रहा है युवा नौजवान बेरोजगारी से परेशान है भाजपा सरकार नौकरियां दे नहीं पा रही है आम जनता पानी से परेशान है भाजपा सरकार आम जनता को जीवन के मूलभूत सुविधाओं में से एक पानी जिसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती उसे भी प्रदान नहीं कर रही है उद्योगों के नाम से जलाशयों को बचाकर रखा गया है भले ही आम जनता मर जाए उससे भाजपा सरकार को कोई लेना-देना नहीं है इस तरह देखा जाए तो भाजपा का यह सुशासन दिवस केवल और केवल छत्तीसगढ़ की जनता का ध्यान समस्याओं से हटाने का एक प्रयास मात्र है जनता अच्छी तरीके से समझ रही है कि ना तो ये सुशासन दिवस में आम लोगों की समस्याओं को हल कर पाएंगे और ना ही लोगों को राहत प्रदान कर पाएंगे महज सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने के लिए सुशासन दिवस मनाया जा रहा है अगर बात बेमेतरा की ही की जाए आज पूरी बेमेतरा की जनता भाजपा कार्यकर्ताओं के रेति चोरी के परिणाम भुगत रही है अगर ऐनिकेट से रेती की चोरी समय रहते रोक ली जाती तो आज बेमेतरा की जनता को पानी के लिए हाहाकार नहीं मचाना पड़ता जिले में पुलिस प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है हर तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी तथा जिले के खनिज पदार्थ को लूटने का ही काम चल रहा है प्रदेश के यह सुशासन शायद शराब माफियाओं के लिए भी हो सकता है जिन्हें एक प्रकार से छत्तीसगढ़ सरकार ने खुली छूट दे रखी है प्रदेश में जितने चाहो उतनी शराब खपाओ यही कारण है कि बेमेतरा जिले में भी भाजपा के जनप्रतिनिधियों की शह पर बड़ी मात्रा में शराब पकड़ा गया किंतु प्रशासन द्वारा उसे पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई आज जिले में छह शराब दुकान खुल गई है राज्य में 67 नई शराब दुकान खोली गई है भाजपा सरकार का यही सुशासन है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बालोद,** 8 अप्रैल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार.प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी स्टेट प्लॉन ऑफएक्शन के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में 07 अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर बालोद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा अपने व्याख्यान में सभी को अपने कार्य के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि साथ ही स्वास्थ्य ही संपदा है एवं अपनी संपदा को बनाये रखना अति आवश्यक है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में गलत खान.पान व फोन के दुष्प्रभाव में लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ना बताया तथा प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को 01 घंटे व्यायाम योग की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं उपस्थित पक्षकारों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, किरण कुमार जांगड़े, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद, श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ;विशेष न्यायाधीशद्ध पॉक्सो कोर्ट बालोद ताजुद्दीन आसिफ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ;एफ्टीएसीण्द्ध श्वेता उपाध्याय गौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालोद संजय कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद भारती कुलदीप, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद व जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं सदस्यगण, महेश सूर्यवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद व समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के कर्मचारीगण तथा समस्त पैरालिगल वालिटियर्स उपस्थित थे।

## विवि में विभिन्न विषयों पर शोध कार्य पूर्ण कर चुके शोधार्थियों का हुआ ओपन वाइवा



**कुलपति की उपस्थिति में सपन्न हुई मौखिकी परीक्षा**

**खैरागढ,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों पर अपना शोध कार्य पूर्ण कर चुके शोधार्थियों का ओपन वाइवा( मौखिकी परीक्षा) संपन्न हुआ। कुलपति सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल की उपस्थिति में 28 एवं 29 मार्च को आयोजित ओपन वाइवा में सभी शोधार्थियों ने बेहतर तरीके से अपना वाइवा संपन्न किया। इस दौरान डॉ.हरिओम हरि के निर्देशन में एम.एम.वी. कम्पनी द्वारा सन् 1960 से 1999 तक निर्गत सितार वादन की ध्वनि मुद्रिकाओं में तबला संगति का विश्लेषणात्मक अध्ययन (पंडित रविशंकर, उस्ताद अब्दुल हलीम जाफर, पंडित निखिल बनर्जी एवं उस्ताद विलायत खां के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाले अवनद्ध वाद्य विभाग के शोधार्थी सुब्रत कुमार पटेल, प्रो.एम.एन. भाले के निर्देशन में इंपैक्ट ऑफ इंडियन क्लासिका तबला इन श्रीलंकन म्यूजिक एजुकेशन विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाले अवनद्ध वाद्य विभाग के शोधार्थी दीलिपा धनंजय, प्रो. डॉ.एम.सी. शर्मा के निर्देशन में कंट्रीब्यूशन ऑफ फिमेल पेंटर्स टू कंटेम्परारी मिथिला पेंटिंग विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाली चित्रकला विभाग की शोधार्थी दीक्षा झा तथा प्रो.डॉ.एम.सी. शर्मा के ही निर्देशन में भारतीय समकालीन चित्रकला में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का योगदान विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाले चित्रकला विभाग के शोधार्थी अम्ब्रीश कुमार मिश्र, डॉ. योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में जन शिक्षण में लोक रंगमंच के महत्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाले थियेटर विभाग के शोधार्थी श्रीधर पाण्डेय का ओपन वाइवा संपन्न हुआ। आगामी शिक्षा समिति की बैठक में अनुमोदन एवं शोध को इंफ़्लिबनेट वेबसाइट में अपलोड करने के बाद शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के अलावा प्रभारी शोध प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो.डॉ.नमन दत्त, प्रो. डॉ.राजन यादव सहित अन्य प्राध्यापकगण व शोधार्थीङ्क विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## भैंसबोड में मानस चौपाल का समापन

**ऐसे आयोजन से गांव में सुख-समृद्धि एवं शांति रहती है बनी : पीयूष सोनी**



**डौण्डी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा डौण्डी लोहारा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम भैंसबोड में नवरात्र के पावन अवसर में मानस चौपाल में रात्रि में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि पीयूष सोनी उपस्थित हुए जिसमें मानस चौपाल के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक नीलकमल वैष्णव का जगराता कार्यक्रम रखा गया था सबसे पहले आयोजन समिति के द्वारा समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक वंदन करके स्वागत किया गया ।पीयूष सोनी ने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया एवं समस्त ग्रामवासियों को नवरात्र के पावन अवसर पर मंगल शुभकामनाएं दिया एवं कहा कि ऐसे आयोजन से गांव में सुख समृद्धि एवं शांति बनी रहती है हर गांव में ऐसे मानस चौपाल का आयोजन होना चाहिएआयोजक समिति के द्वारा पीयूष सोनी का श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बालोद जिला के हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष प्रकाश आर्य ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री कैलाश राजपूत, कुशल ठाकुर, घना राम ठाकुर, नीलकंठ गोयल, ग्राम के सरपंच चित्रांश ठाकुर, तुलु राम, विजय शर्मा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जिले में खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध प्राप्त की गई 1313.27 करोड़ की राशि

**बालोद,** 8 अप्रैल। खनिज विभाग जिला बालोद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध 1313.27 करोड़ की राशि प्राप्त की गई है। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भडारण पर नकल कसने लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसका परिणाम यह है कि शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1110 करोड़ के विरूद्ध 1313 करोड़ का राजस्व लक्ष्य प्राप्त की गई है जो कि खनिज राजस्व लक्ष्य का 118 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिजों के अवैध उत्खनन के 36 मामले दर्ज कर राशि 22 लाख 78 हजार 200 रुपये अवैध परिवहन के 150 मामले दर्ज कर राशि 40 लाख 48 हजार 394 तथा अवैध भंडारण के 12 मामले दर्ज कर राशि 03 लाख 88 हजार 515 रुपये का समझौता शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया गया। इसके साथ ही शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में अर्थदण्ड व राजसात में निर्धारित लक्ष्य 43 लाख रुपये के विरूद्ध 67 लाख 15 हजार रुपये की राशि प्राप्त की जा चुकी है।

## अज्ञात शव मिला

**कुम्हारी,** 8 अप्रैल। थाना कुम्हारी के उरला लोधी बाड़ी के बगल में नहर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है स्थानीय थाना प्रभारी जे आर कुर्रे ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है मृतक होटल इंद्रप्रस्थ के पीछे मरा पड़ा हुआ था देखने से मानसिक रोगी लग रहा है मृतक की सूचना सभी थाना प्रभारी को दे दी गई है ताकि वे थाना के गुम इंसान का पता करें पता चलने पर थाना कुम्हारी के मो नंबर 9479192048, 94791920990 में सूचित करें।

# भाजपा का स्थापना दिवस अटल योग सदन में मनाया गया




- भाजपा पार्टी राजनीतिक दल नहीं, एक विचारधारा है : महेन्द्र सिंह
- हम सभी को मिलकर मोदी नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प को करना सिद्ध : नपाध्यक्ष साहू

**दल्लीराजहरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस के पावन अवसर पर अटल योग सदन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया, इसके पश्चात मिठाई वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। उसके पश्चात मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराकर संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण का संदेश दिया ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, भाजपा जिला मंत्री राजेश दसोड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद वाधवानी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा भाजपा पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को साथ लेकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने में जुटी है। आज जब हम 46 वें स्थापना दिवस मना रहे हैं, यह हमारे लिए आत्मचिंतन एवं नवसंकल्प लेने का अवसर है। कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की असली शक्ति हैं और हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करना है ।ज्ज्नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा भाजपा पार्टी की जड़ें संगठन की मजबूती और सेवा भाव में हैं। हमें गर्व है कि हम एक ऐसे संगठन से जुड़े हैं, जिसने बिना भेदभाव के जनसेवा को सर्वोपरि माना है ।जिला मंत्री राजेश दसोड़े ने कहा- च्च्यह दिन हमें उन सभी महान नेताओं की याद दिलाता है, जिन्होंने पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया। हमें आने वाले चुनावों के लिए सजग और सक्रिय रहना है, ताकि हम हर बूथ पर पार्टी को और अधिक मजबूत बना सकें।ज्ज कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भाजपा की ऐतिहासिक यात्रा, विचारधारा, तथा जनहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन को और अधिक गतिशील एवं प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया ।पूर्व एल्डरमैन मोनू चौधरी ने कहा भाजपा। की स्थापना एक ऐसे विचार के साथ हुई थी, जो राष्ट्रवाद, सुशासन और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर आधारित है। वर्षों की तपस्या, समर्पण और निष्ठा के साथ पार्टी ने जनसेवा को अपना धर्म बनाया और आज देश के कोने-कोने में भाजपा एक सशक्त और विश्वसनीय राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है ।कार्यक्रम का संचालन शंकर साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुरेंद्र बेहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर च्च्भारत माता की जयज्ज और च्च्वंदे मातरम्ज्ज के उद्घोष के साथ स्थापना दिवस को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

## आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन सक्रिय



**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025ज्ज की अब तक की तैयारियों और आगे की कार्य योजना को लेकर आज बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड मुख्यालय स्थित रेस्ट हाउस में जिला प्रभारी सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं, मांगे और शिकायतें होती है, जिनका निराकरण भी आप लोग करते है । सुशासन तिहार 2025ज्ज में आम जनता की समस्याओं, मांगे और शिकायतें प्राप्त होंगी जिनका निराकरण और उनका त्वरित निराकरण करना है। इसलिए आमजन की प्राप्त समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. प्रसन्ना ने बताया कि 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त होने वाले आवेदनों की प्रक्रिया और आगे लगाए जाने वाले समाधान शिविरों की कार्य योजना की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन स्तर के मामलों को शासन को अग्रेषित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, अन्य मंत्रीगण, मुख्य सचिव एवं सचिवगण भी औचक निरीक्षण कर सकते हैं। अत: सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्य करें।

बैठक में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में आज से सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत, जिला मुख्यालय, तहसील कार्यालय, नगरीय निकाय कार्यालय, हाट-बाजार और कॉमन सर्विस सेंटरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्थान पर समाधान पेटियां लगाई गई हैं ताकि नागरिक निर्भय होकर अपनी समस्याएं उसमें डाल सकें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने आगे बताया कि आगामी 5 मई से 31 मई तक क्लस्टर आधारित समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायतों में एक-एक शिविर तथा सभी नगरीय निकायों में भी समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले में कुल 53 समाधान शिविर प्रस्तावित हैं। विकासखंड स्तर पर एसडीएम को नोडल अधिकारी और जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक मैं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, एस डी एम बेरला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मासूम के साथ...

एक कमेटी गठित की है। जांच कमेटी की कमान विधायक संगीता सिन्हा को सौंपी गई है। विधायक हर्षिता बघेल, यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू, एवं पूर्व महापौर राजनांदगांव हेमा देशमुख को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

समाज के सभी वर्गो ने की भर्त्सना, पुलिस चौकी की मांग : कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ केअध्यक्ष अलख नवरंग ने घटना की निंदा करते हुए शंकर नगर से लगे विजय नगर क्षेत्र में एक पृथक पुलिस चौकी स्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं की बिक्री के लिये यह इलाका काफी कुख्यात है और नशीली दवाईयों के सेवन से ही यह घटना बढ़ रही है।

उक्त घटना की कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान, सत्ती चौरा दर्गा मंदिर समिति के सदस्य योगेन्द्र शर्मा बंटी, पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, सत्यवती वर्मा, ज्ञानू बांगड़े, रौनक जमाल, रत्ना नारमदेव, सहित अनेक लोगों ने कड़ी निंदा करते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

### सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर...

शर्मा, बसंत शर्मा, दीपक चावड़ा, राजेन्द्र शर्मा, पार्षद कुलेश्वर साहू, नरेन्द्र गुप्ता, मनोज शर्मा, विवेक मिश्रा, राहूल शर्मा, ईशान शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल थे।

### स्पैरो कंपनी से पीड़ित ...

के ऐसे नागरिक जिन्होंने स्पैरो कंपनी को संपत्ति कर पटाये हैं वे स्पैरो कंपनी के रसीद संलग्न कर आवेदन दुर्ग निगम कार्यालय में रखी गई समाधान पेटी में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप के साथ रसीद संलग्न करना जरूरी है। रसीद के अभाव में उनकी समस्या का समाधान संभव नहीं होगा।

### तृप्ति राज्य स्तरीय शिविर...

यह राज्य स्तरीय शिविर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ में डिजिटल साक्षरता एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर आयोजित की गई थी इसमें छात्रा ने बौद्धिक परिचर्चा, पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, आदि पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। नशा मुक्त समाज पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कु. तृप्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मुक्ता बाखला. डॉ अनुजा चौहान, ज्योति भरणे ने छात्रा का बधाई दी।

# शासकीय कार्य में पारदर्शिता लाने एवं योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने 11 तक लिए जाएंगे आवेदन

**बालोद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय कार्य में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सुशासन तिहार 2025 का संचालन किया जा रहा है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के इस विशेष प्राथमिकता वाले सुशासन तिहार के सफ्ल आयोजन एवं आम जनता तक इसका समुचित प्रचार.प्रसार तथा सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों का गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित करने हेतु आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा.निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव जैन ने सभी अधिकारियों को तीन चरणों में संपन्न होने वाली इस सुशासन तिहार के सफ्ल आयोजन एवं आम जनता से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत मंगलवार 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय के कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आम जनता से आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों के निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्रों को प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के सभी निर्धारित स्थानों पर समाधान पेटियों की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। आम नागरिक अपने आवेदन पत्र को समाधान पेटी में जमा करने के अलावा मौके पर उपस्थित अधिकारी.कर्मचारियों को भी अपना आवेदन प्रेषित कर सकता है। इसके अलावा राज्य शासन के द्वारा आम जनता के सहुलियत हेतु आनलाईन आवेदन स्वीकार करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपना आवेदन आनलाईन प्रेषित कर सकता है।

संयुक्त जिला कार्यालय के वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर नूतन कंवर, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार 8 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले इस सुशासन तिहार के महत्वाकांक्षी आयोजन की जानकारी आम जनता एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों को हो सके इसके लिए इसका समुचित प्रचार.प्रसार कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के अलावा एवं शहरी क्षेत्रों में भी इनका व्यापक प्रचार.प्रसार कराने को कहा। जिससे सभी लोगों तक इसकी जानकारी हो सके। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को इसके लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के अलावा इस कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने पर्याप्त संख्या में अधिकारी.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने निर्धारित स्थलों पर समाधान पेटी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि आम जनता से आनलाईन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि कामन सर्विस सेंटर का भी आनलाईन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक आवेदनों को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

श्री जैन ने कहा कि दूसरे चरण में लगभग 01 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके पश्चात् तीसरे एवं अंतिम चरण मे 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सुशासन तिहार को अधिक प्रभावी एवं सार्थक बनाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करने तथा आवेदन लेने उनकी प्रविष्टी मानिटरिंग एवं समाधान प्रक्रियाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण करने के भी निर्देश दिए।

## निधन

### श्रीमती पुष्पादेवी डागा



**रायपुर,** 8 अप्रैल। कुसुम विला, एयरटेल ऑफिस के सामने, रिंग रोड नं. 1 निवासी श्रीमती पुष्पादेवी डागा धर्मपत्नी मोहनलाल डागा का निधन 7 अप्रैल को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे बलदेव डागा की माता एवं अनिरूद्ध, अनुराग व अभिनव की दादी थी।

### जयकर गोण्डाने



**महासमुंद,** 8 अप्रैल। स्थानीय क्लब पारा निवासी जयकर गोण्डाने सेवानिवृत्त नगर पालिका लिपिक का निधन 77 वर्ष की आयु में सोमवार 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे सतीश गोण्डाने, कृष्णा गोण्डाने के पिता व सानिध्य, धैर्य के दादा थे। अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को मुक्तिधाम में किया गया।

# कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री साय का पुतला




**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या तथा प्रदेश मे महिलाओ के साथ लगातार घट रही अपराध की संवेदनशील घटना को लेकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की अगुवाई मे प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया,इस बीच सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित कांग्रेस जनों ने प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा की जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई है महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है , पूरे प्रदेश में हत्या ,बलात्कार लूट जैसी घटनाएं हो रही है । दुर्ग मे 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले ने लोगो को झकझोर के रख दिया है, पीड़ित पक्ष के परिवार के साथ जिस तरह से पुलिस ने बर्ताव किया है वह पुलिस प्रशासन और प्रदेश की कानून व्यवस्था की विफलता को दिखाती है। उन्होंने प्रदेश की बिगड़ते कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार गांव गांव मे शराब परोसने मे लगी हुई है और अपराध का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है आज महिलाएं और बच्चो मे भय का माहौल व्याप्त होते जा रहा है । सरकार का कानून व्यवस्था पर नियंत्रण समाप्त हो चुका है ऐसे मे प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए इस अवसर पर अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष कर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रामेश्वर साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला मिथिलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा जोगेंद्र छाबड़ा सुनील नामदेव सुरेंद्र तिवारी टी आर जनार्दन प्रांजल तिवारी सनत धर दीवान श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती शकुंतला मंगल साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा श्रीमती कविता साहू अध्यक्ष महिला कांग्रेस बेमेतरा सुशीला जोशी सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा मनोज शर्मा राम ठाकुर रवि रजक योगिता साहू हेमिन यादव रूबी सलूजा रश्मि मिश्रा रीता पांडे श्रीमती योगिता साहू राजा चौबे राजू साहू चंद्र प्रकाश शीतलानी दीपक दिनकर राजा साहू रेवेंद्र देवांगन रोशन दया सिंह वर्मा भरतभूषण साहू अर्पित परगनिहा राकेश सोनी सिद्धांत दीवान मनीष वर्मा अतुल साहू आशीष तिवारी कन्नौन अली धरम वर्मा सोमनाथ मिर्जा सीताराम यदु रामखेलावन साहू रूप लाल निषाद नीलेश वैष्णव मोहन वर्मा प्रज्वल वर्मा प्रकाश साहू रोमन वर्मा मोहित वर्मा सिद्दीक खान भागवत मारकंडे सज्जाद खान श्यामलाल चतुर्वेदी ऋतिक तिवारी अनिल सेन शिवनारायण परगनिया जयंत जांगड़े रूपेंद्र जांगड़े लालू कुरैशी वेंकट साहू मनीष साहू महेंद्र निषाद सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# ग्राम पांहदा में श्री सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह का भव्य समापन

## योगेश तिवारी बने मुख्य अतिथि



**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पांहदा में आयोजित दो दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का समापन पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न हुआ।

समारोह के समापन दिवस पर कबीर पंथ के गुरु गोसाई डां भानु प्रताप नाम साहेब ने अपने दिव्य प्रवचनों में संत कबीर साहेब के जीवन दर्शन, सत्य, अहिंसा और समानता के अमूल्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को अपनाने का आह्वान किया।

इस दौरान कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा भजन, कीर्तन एवं सत्संग का भव्य आयोजन हुआ। समस्त परिसर च्साहेब बंदगी साहेब!ज्ञ के उदघोष से गूंज उठा और पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया।

सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने इस पावन अवसर पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया।

भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा, च्संत कबीर साहेब का दर्शन आज भी समाज को सत्य, प्रेम और समानता की ओर अग्रसर करता है। हमें उनके विचारों को जीवन में अपनाकर एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कुसुम कैलाश साहू (सरपंच), संजय साहू (उपसरपंच), बंशी निषाद (पूर्व सरपंच), कुमारदास साहेब, रवेंद्रदास साहेब, लेखराम साहेब, हेमंत साहेब, मोतीलाल साहेब, नारायणदास साहेब, परमेश्वरदास साहेब, संतोष दास साहेब, धर्मेंद्र साहू, अतुल तिवारी, होरीलाल तिवारी, गणेश साहू, सेशमणि साहू, छन्नूराम साहेब, नीलमणि साहू, शत्रोहन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, कबीरपंथी संतगण एवं समिति सदस्यगण।

समारोह का समापन साहेब की वाणी और भक्तिरस में डूबे श्रद्धालुओं के साथ आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# बरगा में पांच दिवसीय रामलीला का आयोजन

## राम जन्म से लंका विजय तक हुआ मंचन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**थानखम्हरिया,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। बरगा ग्राम में धार्मिक आस्था और संस्कृति की छटा बिखेरते हुए पांच दिवसीय रामलीला उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रयागराज से पधारे रामलीला मंडली ने भगवान श्रीराम के जीवन की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया, जिसमें राम जन्म, वनवास, सीता हरण, हनुमान लीला, राम-रावण युद्ध और लंका विजय जैसे प्रमुख प्रसंगों ने दर्शकों का मन मोह लिया।धार्मिक गीतों, संवादों और भावनात्मक दृश्यों से परिपूर्ण इस रामलीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूरे आयोजन का आनंद उठाया।

समापन समारोह के शुभ अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, पूर्व सरपंच बल्लू पाल एवं लच्छीराम साहू, पंचगण नारायण दादु साहू, श्रवण साहू, अशोक साहू, मनीराम साहू, मंगतु यादव, रुपेश साहू, ग्रामीण चेतन शर्मा, संजु, तखत साहू, गौतम साहू, भूपेन्द्र साहू, टीकेन्द्र साहू, रामेश्वर साहू , श्यामलाल साहू, डाकवर साहू, भुषण साहू, दौलत यादव, भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लेंजवारा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**विधायक दीपेश साहू बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल**



**बेमेतरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। आज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लेंजवारा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू उन्होंने 5 लाख रूपये की लागत से बनने वाले शासकीय उच्च माध्यमिक शाला में साइकिल स्टैंड निर्माण का भूमि पूजन किया एवं 5 लाख रुपये की लागत से कर्मा भवन निर्माण, 5 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट क्लास भवन निर्माण तथा 10 लाख रूपये की लागत से साहू समाज सामाजिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की नींव रखी। इस प्रकार आज कुल ग्राम पंचायत लेंजवारा मे 25 लाख रुपये के विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया द्य वही 30 लाख रूपये की लागत से लेंजवारा मे महतारी सदन का निर्माण करवाया जा रहा है द्य वही मंडी बोर्ड से किसान सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृत प्रदान की गई है इस प्रकार कुल ग्राम पंचायत लेंजवारा को 75 लाख रूपये के विभिन्न विकाश कार्यों की सौगात मिल चुकी है द्य

इस दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्री दीपेश साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार की मंशा गांव, गरीब और किसान के विकास की है। प्रदेश में चल रही महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह ?1000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ राज्य की ओर से भी सहयोग प्रदान किया है। साथ ही, दो वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान कर किसानों को राहत दी गई है। प्रति एकड़ 21 चिंटल की दर से 3100 रूपये की भाव से धान की खरीदी कर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। इसके अतिरिक्त उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को रसोई गैस की सुविधा दी जा रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। विधायक साहू ने कहा कि यह सरकार वादों पर नहीं, कार्यों पर विश्वास करती है। आज ग्राम लेंजवारा में जो विकास कार्य प्रारंभ हुए हैं, वे इसी संकल्प का हिस्सा हैं। ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य अधूरा नहीं रहेगा।

इस दौरान कार्यक्रम मे अरुण साहू कार्यकारी अध्यक्ष दशरू साहू सुयश साहू मेहतरू साहू देवेंद्र साहू सुखराम साहू कैलास साहू ईश्वर साहू दीनदयाल साहू साहू बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# ग्राम गौरमाटी में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन

## लोकसभा सांसद संतोष पांडे होंगे मुख्य अतिथि

**थानखम्हरिया,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम गौरमाटी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्मा जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन दिनांक 9 अप्रैल 2025, बुधवार को दोपहर 1ः00 बजे से प्रारंभ होगा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा सांसद श्री संतोष पांडे होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सियाराम साहू करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विधायक ईश्वर साहू, तथा अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी गण उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कवर्धा श्री ईश्वरी साहू, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, संरक्षक कबीरधाम ईश्वर साहू, रोशन दुबे, राजकुमारी राजेंद्र साहू, दशरथ साहू, विजय साहू, नरेश साहू, नेतराम साहू, वेदाराम साहू, रामकुमार साहू, संतोष साहू, बलदेव साहू, भारत साहू, कुलदीप मारकंडे, एवं जमीन विशेश्वर साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।ग्राम गौरमाटी के सरपंच प्रतिनिधि बृजेश्वर साहू ने समस्त ग्रामवासियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर को ऐतिहासिक बनाएँ।

# शीतला मंदिर का लोकार्पण विधायक ईश्वर साहू ने किया, आस्था का केंद्र बना पवित्र स्थल

**थानखम्हरिया,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपवर्ती ग्राम बिरनपुर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला जब क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने नवनिर्मित शीतला माता मंदिर का भव्य लोकार्पण किया। पूजन-अर्चन और ज्योति कलश दर्शन के साथ मां शीतला के चरणों में क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।




कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष साजा जितेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष साजा हिमांशु वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष धमधा प्रशांत अग्रवाल, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं ने मंच पर उपस्थित अतिथियों का भव्य स्वागत सम्मानपूर्वक किया। विधायक ईश्वर साहू ने 'जय शीतला माता' के उद्घोष के साथ अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि 'मां शीतला गांव की रक्षा और शीतलता प्रदान करने वाली देवी हैं, यह मंदिर आस्था और आत्मिक शांति का अद्भुत केंद्र बनेगा।'

अपने भावुक संबोधन में विधायक साहू ने 8 अप्रैल 2023, नवरात्रि विसर्जन के दिन पुत्र भुनेश्वर साहू की नृशंस हत्या का उल्लेख करते हुए भावनात्मक क्षण साझा किया, जहां उनकी आंखें भी नम हो गईं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही लोकप्रिय पंडवानी कलाकार रितु वर्मा की शानदार प्रस्तुति, जिसमें उन्होंने महाभारत के पात्रों का जीवंत चित्रण कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान भाजपा नेता अनिल सिंघानिया द्वारा पंडवानी गायिका ऋतु वर्मा का सप्रेम सम्मान भी किया गया।

मुख्य रूप से साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, तोषू सिंह वर्मा (सेवा सहकारी समिति कांपा अध्यक्ष ) कामता पटेल, बंसीलाल पटेल, ग्राम सरपंच श्रीमती कैलाश जीवन वर्मा, लीलाराम यादव, भवन लाल साहू ,जीवन वर्मा , लीलाराम विश्वकर्मा , रामकुमार साहू, सोनू वर्मा मेघु राम साहू शिक्षक, देवनारायण कुलेश्वर साहू , हुकुम कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन लोक राम साहू द्वारा किया गया।यह आयोजन ग्राम बिरनपुर के धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

# प्रदेश पंचायत सचिवो को मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने सचिव संघ ने पीएम को लिखा पत्र

**खैरागढ़,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश पंचायत सचिवो को मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने सचिव संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सचिवों ने पत्र में बताया है कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023ङ्क24 मे हुऐ चुनाव मे मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र मे शामिल कर 100 दिन के अन्दर पंचायत सचिवो का शासकीयकरण करने का वादा किया गया है किन्तु डेढ साल बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंचायत मंत्री विजय शर्मा द्वारा हमे शासकीयकरण का सौगत नहीं दिया गया है जिसके चलते हम अनिश्चितकीलन हडताल करने पर मजबूर हुऐ है। प्रदेश के 11 हजार 644 ग्राम पंचायत के सचिव 30 वर्षों से शासन-प्रशासन के लगभग 27 विभाग की योजनाओ का क्रियान्वयन एवं संचालन कर ग्राम के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने का काम कर रहे है किन्तु छग सरकार द्वारा पंचायत सचिवो की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को अनदेखा कर रही है। आपके अर्थात मोदी की गारंटी वचन पत्र के तहत हमारी मांग को पूरा कराने सचिव स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह 7 जुलाई 2024 को इंडारे स्टेडियम रायपुर मे विष्णु देव साय मुख्यमंत्री, डॉ.रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, विजय शर्मा पंचायत मंत्री, लक्ष्मी राजवाडे महिला बाल विकास मंत्री एवं मोदी की गारंटी घोषणा पत्र के संयोजक विजय बघेल सांसद दुर्ग की उपस्थिति मे मुख्यमंत्री एवं सभी मंत्रियों द्वारा हमे आश्वस्त किया गया था कि आप लोगो की मांग मोदी की गारंटी मे है तो निश्चित रूप से जल्द पूरी करेंगे जिसके लिए कमेटी बनाने की घोषणा की गई और एक माह मे रिपोर्ट देने की बात कही गई किन्तु आठ माह बीत जाने के बाद भी समिति का रिपोर्ट नहीं आया और यह भी बात कही गई कि वित्तीय वर्ष 2025ङ्क26 के बजट मे शासकीयकरण की सौगत देंगे पर बजट मे भी पंचायत सचिवो का शासकीयकरण नहीं किया गया जिससे प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव क्षुब्द, आकोशित एवं ठगा महसूस कर रहे है। प्रदेश पंचायत छग के प्रान्तीय आव्हान पर 18 मार्च 2025 से ब्लाक/जिला मुख्यालय मे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुऐ है।




उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार से निवेदन किया है कि प्रदेश के समस्त 11 हजार 644 पंचायत सचिवो को मोदी की गारंटी के तहत अतिशीघ्र शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाए।

# अपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

**पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका अध्यक्ष की संयुक्त बैठक आयोजित**



**कवर्धा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में अवैध कब्जा, अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कवर्धा शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सिग्नल प्वाईंट, शहर के गार्डनों की सुरक्षा, चौक-चौराहो पर सीसी टीवी कैमरा सहित अन्य पुलिसिंग व्यवस्था पर चर्चा हुई। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शहर से गुजरने वाले सड़क के किनारे अवैध कब्जों को व्यवस्थित करने तथा अव्यवस्थित खड़े वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्किंग कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाली गतिविधियों को समाप्त करना है।

**बस स्टैण्ड की व्यवस्था सुधारने निर्देश** - बैठक में बस स्टैण्ड में खड़ा होने वाले अनावश्यक वाहनों को तत्काल हटाये जाने हेतु निर्देशित किया। बस स्टैण्ड में अनावश्यक बस खड़ा होने से साफ-सफाई ठीक ढंग से नही हो पाता तथा बस के पीछे अवैध कार्यो को अंजाम दिया जाता है जिससे अपराध बढ़ता है बैठक में बस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वाहनों को तत्काल हटावें, नंबर आने पर ही वाहनों को बस स्टैण्ड में प्रवेश करायें, अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

**अवैध कार्यो के खिलाफ कार्यवाही करने बनेगी टीम** - पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका अध्यक्ष संयुक्त टीम बनाने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे नशा का सेवन करने से बचें। समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने और बच्चों को नशे से बचाने के लिए हम सबको प्रयास करना होगा। छोटे बच्चों को नशे से दूर रखना और नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज में सामूहिक प्रयास किए जाना होगा। नशा के कारण ही अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है नगर पालिका अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि ऐसे स्थानों पर पेट्रोलिंग लगातार कराया जाये व अपराधिक गतिविधियों में लिप्त किसी भी को ना बख्शा जावे। ताकि लोगों को अनैतिक कृत्य करने वालों में खौफ बना रहे। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करके एक संयुक्त टीम तैयार किया जाये। उक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही किया जावेगा।

**अवैध कब्जों को लेकर होगी सख्त कार्यवाही** - बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में हो रहे सड़क किनारे अवैध कब्जे और यातायात में बाधा डालने वाली गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा मिल सके। साथ ही, सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने और लोगों के लिए एक बेहतर शहरी वातावरण प्रदान करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और अवैध कब्जों को समाप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**नगर पालिका अध्यक्ष ने की अपील** - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क के किनारे अव्यवस्थित वाहन पार्किंग ना कर निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्किंग करें, शहर की सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस विभाग व नगर पालिका इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा और किसी भी अव्यवस्था को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई करेगा। उन्होनें वाहन मालिक एवं शहरवासियों से इस मुहिम में सहभागी बनने की अपील की और कहा कि यह कदम शहर के सुव्यवस्थित शहर व समुचित विकास के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने जिले के बस और ट्रक मालिकों से अनुरोध किया कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# नगर पंचायत पिपरिया में मनाया जा रहा सुशासन तिहार

**कवर्धा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन का साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल महत्वपूर्ण उपलब्धियों से आम नागरिकों के बीच शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जिसके तहत नगर पंचायत पिपरिया द्धारा सुशासन तिहार के अवसर पर कार्यालय भवन में दिनांक 08/04/2025 से 11/04/2025 तक कार्यालयीन समयावधि सुबह 10ः00 बजे से शाम 05ः00 बजे तक च्समाधान पेटीज्ञ रखा गया है,जिसमें आम नागरिक अपनी शिकायत/मांग संबंधी आवेदन निर्धारित समयावधि में रखे गये च्समाधान पेटीज्ञ में ड़ाल सकते हैं। जिसका निराकरण किया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि9 छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप नगर पंचायत पिपरिया के विकास कार्यो को गतिशीलता दी जा रही है। श्री साहू ने उक्त अवसर पर कहा कि9 नगर पंचायत पिपरिया में महिलाओं को महतारी वंदन योजनाओं का लाभ मिल रहा है,प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत जरूरतमंद परिवारों को लाभांवित किये जाने हेतु सतत् प्रयासरत है। नगर विकास के कार्यो के लिए हमारे लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का योगदान सदैव नगर को मिल रहा है। तथा भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग के लिए अपेक्षाकृत रहेंगे। और नगर को नई दिशा देगें ताकि आने वाले समय में हमारे नगर को विशेषता के तौर पर पहचाना जा सके। उक्त अवसर पर नगर पंचायत पिपरिया के उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे नगर को स्वच्छ पेयजल,स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करना है,जिससे आम नागरिकों को अविरल शुद्ध पेयजल मिल सके तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए गंदगी से ब्याप्त बीमारियों को पनपने से रोका जा सके। इसके लिए हम समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ साथ निकाय के अधिकारी/कर्मचारियों से परामर्श लेकर कार्यो का निराकरण किया जायेंगा।

# दबंगाई से करता था जमीनो के सौदे का खेल छः लाख की धोखाधड़ी में पुलिस ने धर दबोचा

■ आरोपी प्रणय गुप्ता पहुंचा जेल

**राजनांदगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। आसमान छूती जमीनों की कीमत और किसानो को बेवकूफ बना कर धोका देने के अनेकों मामले सामने आए हैं। धनपति बनने की होड़ और गरीबों को डरा धमकाकर और अपने गुंडागर्दी का धौस जमा कर लोग जमीनों को हथियाने तरह तरह के प्रपंच रच रहे हैं। ज़मीन के धोखाधडी के शिकार महिला के मामले में पुलिस की कार्यवाही ने गुनहगारों के मजबूत हौसलों को कमजोर और दिन दुखियों और मजबूर लोगो को पुलिस की कार्यवाही हौसला बढाने और विश्वास बढ़ाने वाली दिखाई दे रही है।दिनांक 12.03.2025 को प्रार्थियां श्रीमती देवकी बाई पति स्व. योगेश साहू, आयु 37 वर्ष, निवासी भिलाई, कुरूद, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आरोपी प्रणय गुप्ता. पिता राजाराम गुप्ता आयु 38 वर्ष, निवासी अटल विहार, पेण्ड्री, थाना– लालबाग, पुलिस ने बताया कि कृषि भूमि स्थित ग्राम गिधवा, प.ह.नं. 01. तहसील देवरी बंगला, जिला बालोद ,खसरा नम्बर 97. रकबा 0.41 हेक्टेयर के जमीन का के साथ एक इकरारनामा उक्त भूमि का हुण्डा पक्का सौदा राशि– 8 लाख रूपये में करते हुए निष्पादित किया गया था. बयाना राशि छ्लाख– रूपये चेक के माध्यम से व नगद प्राप्त कर उस भूमि का सौदा अन्य व्यक्ति त्रिवेणी यादव पति जीत लाल यादव, निवासी बसतपुर राजनांदगाँव के साथ किया जाकर धोखाधड़ी करने के संबंध में प्रार्थियां द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर



शिकायत की जांच बाद थाना कोतवाली में अनावेदक प्रणय गुप्ता के विरूद्ध अप0क्र0 118/25 धारा 318 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे विवेचना के दौरान आरोपी प्रणय गुप्ता पिता राजाराम गुप्ता उम्र 36 साल साकिन पेण्ड्री अटल विहार थाना लालबाग घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर आज दिनांक 08.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

प्रकरण के आरोपी द्वारा थाना ठेलकाडीह ग्राम फतेहपुर कि जमीन का सौदा किसान को धोखा देकर रजिस्ट्री करा लेने की शिकायत थाना ठेलकाडीह जिला के0सी0जी0 में प्राप्त होने की जानकारी मिली है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली प्र0आर0 जी0सिरील कुमार, प्र0आर0 शम्भूनाथ द्विवेदी एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# महावीर जयंती पर सन सिटी में निकली प्रभात फेरी




**राजनांदगांव,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 7 अप्रैल को सन सिटी में सुबह 6 बजे सर्वप्रथम निर्माणाधीन मंदिर परिसर में श्री प्रेमचन्द गोलछा के द्वारा झंडारोहण किया गया,

इसके पश्चात गाजे बाजे के साथ भव्य प्रभात फेरी शुरू हुई जो ए ब्लॉक से सन सिटी एन. एक्स होते हुए महावीर सन सिटी पहुंची जिसमें शहर के जैन संघ के प्रतिनिधि एवं अनेक परिवार भी शामिल हुए, पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया साड़ी पहन कर आई थीं,

प्रभात फेरी का सन सिटी में जगह जगह बारात जैसा स्वागत किया, अन्य समाज के लोगों ने भी फूलों की वर्षा कर स्वागत किया, इसके पश्चात उपस्थित सभी के लिए नवकारसी की व्यवस्था भी रखी गई थी,

सन सिटी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा व महावीर ग्रुप के चेयरमैन विनोद बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया, सन सिटी से प्रमुख रूप से मिश्रीलाल गोलछा, नरेंद्र कोटड़िया, अतुल चोपड़ा, दिलीप गोलछा, राहुल कोठारी, दीपक कोठारी, निर्मल गोलछा, अभय जैन, अशोक गोलछा, मुकेश गोगड़,अक्षय सांखला एवं पूरा जैन परिवार उपस्थित रहा,उक्त जानकारी लालू सांखला द्वारा दी गई।

# आयुक्त ने ली जल विभाग के वाल्वमेनों की बैठक

## टंकी पूरा भरने पश्चात एवं निर्धारित चुडी तक वाल्व खोलने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज वाल्वमेन की बैठक लेकर वाल्व खोलने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में वाल्वमेनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ग्रीष्म ऋतु में पानी ज्यादा खपत होने पर सुचारू पेयजल सप्लाई जरूरी होता है, जिसे ध्यान में रखकर सभी को कार्य करना है।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी वाल्वमेन टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करेगे, किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़–छाड़ नही करेगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाईन लिकेज, कम पानी आने, पानी नही आने आदि का अपने अपने क्षेत्र में जॉच करेंगे और संबंधित अधिकारी को अवगत करायेगे। उन्होंने कहा कि कई वाल्वमेन की शिकायत प्राप्त होती है कि उनके द्वारा कम चुडी खोला जाता है, या बिना टंकी भरे पानी सप्लाई की जाती है। इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिये, वाल्व में निर्धारित चुडी से अधिक न खोले और न ही कम चुडी खोले। उन्होंने कहा कि मोहारा शिवनाथ नदी का जल स्तर कम होने पर पानी सप्लाई मे कठिनाई आ रही है,इसे ध्यान में रखकर टंकी भरने के पश्चात ही वाल्व खोलना है, जिससे पूरे प्रेशर से सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो सके।

आयुक्त ने कहा कि पानी सप्लाई के समय दूसरे टंकी के वाल्वमेन से सम्पर्क कर एक साथ ही वाल्व खोले जिससे पर्याप्त प्रेशर में पानी सप्लाई हो सके। टंकी मे पानी स्टोर के समय एवं सप्लाई के समय सावधानी के साथ काम करे। उन्होंने कहा कि जहॉ पर वाल्व खराब है वहा तत्काल मरम्मत करावे तथा ग्रीष्म ऋतु के बाद उसे बदलने की कार्यवाही करे। इसके अलावा जहॉ दो टंकी भरती है वहा एक के बाद एक टंकी भरने के पश्चात ही एक साथ सप्लाई करे। ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखकर सभी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे, किसी भी प्रकार की असावधानी न हो और न ही किसी को शिकायत का मौका दे। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, फिटर श्री सोमनाथ, जल विभाग के लिपिक श्री तुषार शुक्ला सहित वाल्वमेन उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार

# प्रथम चरण में आवेदन जमा करने आयोजित शिविर में वार्डवासी उत्साह से पहुंचे

■ पहले दिन मांग एवं शिकायत संबंधी 729 आवेदन प्राप्त

■ महापौर मधुसूदन यादव वार्डो के शिविर में पहुँच जनमानस से की चर्चा,

■ आवेदन की जानकारी लेकर कहा कि समस्या का होगा समाधान



**राजनांदगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओ का लाभ देने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2025 का अच्छा प्रतिशात मिल रहा है और प्रथम चरण में समस्या संबंधी आवेदन देने के लिये वार्डो में आयोजित शिविर में वार्डवासी उत्साह से पहुँचे तथा अपनी समस्या व मांग के संबंध में आवेदन जमा किये। आज पहले दिन 51 वार्ड में आयोजित शिविर में 729 आवेदन प्राप्त हुये। शिविर में निगम के कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर जनमानस का आवेदन लेकर उन्हें विधिवत पावती दिये। महापौर श्री मधुसूदन यादव विभिन्न वार्डो मे पहुँचकर वार्डवासियों से रूबरू हो उनसे समस्या के संबंध मे चर्चा कर आवेदन जमा करने कहा।

सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण में दिनांक 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन जमा करने शिविर के तहत नगर निगम द्वारा पूरे 51 वार्डो में शिविर लगाया गया, जहॉ कर्मचारी उपस्थित रह वार्डवासियों को आवेदन के संबंध में जानकारी दिये और आवेदन जमा कर उन्हें पावती भी दी गयी। आज पहले दिन के शिविर में मांग व शिकायत के संबंध में 729 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदको ने मूलभूत सुविधा बिजली पानी सफाई के अलावा प्रधानमंत्री आवास, निर्माण कार्य, अतिक्रमण आदि के संबंध में आवेदन जमा किये। जिनका शिविर के बाद समाधान किया जायेगा।

महापौर श्री यादव ने शिविर में कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी की पहल पर जनमानस को शासन की योजना का लाभ देने उनकी समस्याओं से अवगत होने एवं उनसे सीधा संवाद करने सुशासन तिहार 2025 आयोजित किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण में आवेदन लेने के पश्चात दूसरे चरण में उसका निराकरण किया जायेगा एवं तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक आयोजित समाधान शिविरो में नागरिको को समाधान बता उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में लोग उत्साह से आकर अपनी समस्या से संबंधित आवेदन जमा कर रहे है, जिसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। उन्होंने जनमानस को शासन की योजना एवं शिविर का लाभ लेने अपील की है।

# एसडीएम और तहसीलदार ने किया प्रेस क्लब व्दारा संचालित डिजिटल लाईब्रेरी का शुभारंभ

**डोंगरगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रेस क्लब डोंगरगांव व्दारा विगत दिनों सांसद संतोश पांडे एवं विधायक दलेश्वर साहू व्दारा लोकार्पित डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनशाला का विधिवत शुभारंभ शनिवार को किया गया है. इस दौरान ग्रीश्मकालीन सत्र के प्रथम बैच के लिए बाईस से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया. कार्यक्रम में प्रेरक उद्बोधन के लिए एसडीएम श्रीकांत कोराम तथा तहसीलदार पी.एल.नाग की गरिमामय उपस्थिति रही. उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रतिभागी परीक्षाओं में चयनित विशय तथा अध्ययन विधि एवं डिजिटल लाईब्रेरी के उपयोग को विस्तार से बताया साथ ही प्रेस क्लब व्दारा संचालित किए जा रहे इस निःशुल्क वातानुकुलित डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनषाला की सराहना करते हुए प्रेस क्लब के इस कार्य में सदैव सहयोग का आष्वासन दिया है. बता दें कि प्रेस क्लब डोंगरगांव व्दारा नगर सहित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए क्लब परिसर में ही डिजिटल लाईब्रेरी, अध्ययनशाला एवं प्रतिभागी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पुस्तकालय के साथ साथ विशय विषेशज्ञों को मार्गदर्षन के लिए आमंत्रित किया जायेगा, जिसका लाभ क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा.



### प्रेस क्लब की पहल अनुकरणीय-एसडीएम कोराम

डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनशाला के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम श्रीकांत कोराम ने प्रेस क्लब व्दारा उपलब्ध कराये जा रहे संसाधनों का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकेंगें. उन्होंने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में आप इंटरनेट जैसे सुविधाओं का उपयोग कर अपने ज्ञान को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं साथ ही एक स्वच्छ और शांत वातावरण अध्ययन के लिए अतिमहत्वपूर्ण है जो कि यहां उन्हें प्रेस क्लब डोगरगांव व्दारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तहसीलदार पी.एल.नाग ने प्रेस क्लब की पहल को अनुकरणीय बताते हुए विद्यार्थियों को प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी करने के गुर सिखाया साथ ही अधिकारियों ने समय दर समय मार्गदर्षन के लिए आने की बात कही. इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, प्रेम गोस्वामी, दिवाकर सोनी, घनश्याम साव राजा राणा, गोविन्द गुप्ता महेन्द्र लेंझारे,, टुम्मन साहू, देवेन्द्र देवांगन , देवेन्द्र गुप्ता, प्रकाष गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही. कार्यक्रम के दौरान नमन दवे, मुन्नू दास, पिंटू दास कलामे, ललित कुमार डहरे, सुनीता मंडलोई, कृतिका यदुवंषी, टिकेष्वरी पटौती, पंकज यादव सहित अन्य विद्यार्थीगण उपस्थित थे.

### निःशुल्क सुविधा मिलेगी

शुभारंभ के अवसर पर प्रेस क्लब डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रेस क्लब व्दारा संचालित इस डिजिटल लाईब्रेरी का उपयोग क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के भी प्रतिभागी एवं विद्यार्थी कर सकेंगें. इसके लिए क्लब के व्दारा आवष्यक दिशा निर्देष बनाए गए हैं. इस संदर्भ में प्रेस क्लब के सभी सदस्यों का कहना है कि विद्यार्थियों के लिए पंजीयन निःशुल्क है. इसके लिए उन्हें परीक्षा तथा प्रवेष संबंधी प्रमाणपत्र तथा आवश्यक होने की स्थिति में माता पिता या पालक की सहमति आवश्यक होगी. वहीं संस्था प्रमुख का अनुशंसा पत्र भी पंजीयन हेतु प्रस्तुत करना होगा. पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्ण रूप से वातानुकुलित एवं साउंडप्रूफ कक्ष के साथ ही हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा वर्तमान में प्रदान की जा रही है.

# गड्ढों में लटकता विकास: कालेज के बगल की नाली की कथा

■ इसी मार्ग से पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का आना जाना लगा रहता है



**डोंगरगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। डोंगरगांव नगर पंचायत में विकास अब गड्ढों में लटक रहा है। सचमुच में! वार्ड क्रमांक 10 के वार्डवासी और सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों का रोज़ उस गड्ढे को प्रणाम करते हुए स्कूल पहुँचते हैं, जिसे नगर पंचायत ने दो महीने पहले च्विकासज्ज के नाम पर खोदकर छोड़ दिया है।

कहते हैं, यह गड्ढा एक नाली का भाग्य लेकर पैदा हुआ था — योजना थी कि यह नाली बनकर मुख्य नाले से मिल जाएगी, और क्षेत्र की निकासी समस्या को अलविदा कह दिया जाएगा। मगर, अफसोस! जैसे कई सपने अधूरे रह जाते हैं, वैसे ही यह गड्ढा भी अब सिर्फ एक गड्ढा बनकर रह गया है। मिट्टी सड़क पर बिखरी हुई है, फिसलन बढ़ रही है, और दुर्घटना कब होगी — यह सिर्फ भाग्य भरोसे है।

अब बात करें नगर पंचायत की, तो उनका मत है — च्हम तो वहीं गिराएंगे नाली का पानी, जहाँ हमें जचता है!ज्

विद्यालय प्रबंधन ने समझदारी दिखाते हुए प्रस्ताव रखा कि मेन गेट के सामने बदबू और मच्छरों की बारात न लाएं, नाली को बगल वाली गली से घुमा कर मुख्य नाले में मिला दें। बात सीधी थी, पर नगर पंचायत को सीधी बातों से चिढ़ है शायद!

तो नतीजा? नाली का निर्माण अधूरा, गड्ढा खुला, मिट्टी फैली, बच्चे परेशान, और जनता फिर से सोच में — क्या वाकई ये विकास है?

वार्डवासी उम्मीद लगाए बैठे थे कि अबकी बार निकासी की समस्या खत्म होगी। लेकिन नगर पंचायत की हठधर्मिता ने फिर साबित कर दिया कि यहाँ जनहित से बड़ा च्अपना हितज्ज होता है। काम आधा करके छोड़ देना, लोगों की बात अनसुनी करना और छात्रहित को ठेंगा दिखाना — यही है डोंगरगांव में स्टाइल हो गया है,

अब जनता मांग कर रही है कि कम से कम बच्चों का भविष्य और स्वास्थ्य तो देख लो! नाली को सही दिशा दो और गड्ढे से बाहर निकल कर कुछ असल विकास दिखाओ।

वरना अगली बार कोई गड्ढा दिखे, तो समझ लेना — वहां भी विकास लटक रहा है।

इस नाली निर्माण के बारे में नगर पंचायत सीएमओ विनम्र जेमा का कहना है कि 15 दिनों के भीतर जल्द से जल्द नाली का निर्माण किया जाएगा, स्कूल प्रबंधन ने आपत्ति दर्ज कराई गई थी उसका समाधान निकाला गया है अधूरा नाली निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा

# सत्यानंद आश्रम मे कल से योग साधना शिविर का शुभारंभ

**राजनांदगांव,** 8 अप्रेल (देशबन्धु)। शहर के जी ई रोड स्थित सत्यानंद योग आश्रम में कल 9 अप्रैल से योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त योग साधना शिविर 20 साल से अधिक आयु वर्ग के लिए स्वास्थ्य लाभ एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए आयोजित है। सत्यानंद योग आश्रम के स्वामी स्वयंभूनाथ जी ने बताया कि यह 7 दिवसीय योग साधना शिविर, बिहार योग विश्वविद्यालय, मुंगेर के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी गोरखनाथ सरस्वती द्वारा संचालित किया जाएगा बताया जाता कि शिविर में भाग लेने वाले अपने निवास से आश्रम आना–जाना कर सकते हैं। उन्हें अपने साथ दरी अथवा मेट अवश्य लानी होगी। योग साधना शिविर में भाग लेने के लिए पंजीयन शुल्क रखा गया है। शिविर का समय प्रातः 6 बजे से 8 बजे है। शारीरिक स्वस्थता, सौष्ठवता व आध्यात्मिक उन्नति के लिए आयोजित किए जा रहे इस शिविर का अवश्य लाभ उठाया जाना चाहिए।

# धमतरी पुलिस कस्टडी में दुर्गेंद्र के मौत की सीबीआई जांच हो,परिजनों को मुआवजा दे सरकार: कुंवर सिंह निषाद

■ दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई हो: संगीता सिंन्हा

■ बर्बरता पूर्ण मारा गया है दुर्गेंद्र को,, संवेदनहीन है भाजपा सरकार: ओंकार साहू

**राजनांदगांव,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी जिले के अंतर्गत आने वाले अर्जुनी थाने में ग्राम भंवरमरा के युवक दुर्गेंद्र कठोलिया की पुलिस कस्टडी में हुई मौत के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है और प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराने की बात कहते हुए भाजपा सरकार से मृतक दुर्गेंद्र के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा व उसकी धर्मपत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

इस संबंध में मंगलवार को धमतरी, बालोद व गुंडरदेही सहित खुज्जी के विधायक द्वारा ली गई एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि पुलिस कस्टडी में हुई दुर्गेंद्र कठोलिया के साथ बर्बरता पूर्ण की गई मारपीट से हुई मौत के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हम चार विधायकों की जांच समिति का गठन किया गया है। जांच कमेटी के संयोजक व गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि हम सभी चारों विधायक क्रमशः ओंकार साहू (धमतरी) श्रीमती संगीता सिन्हा (संजारी–बालोद) भोलाराम साहू ( खुज्जी) मृतक के धर वालों से मिलने गए थे। वहां मृतक के परिजनों का रो– रो कर बूरा हाल है। मृतक की छोटी बिटिया रोते– रोते हमसे पूछने लगी कि अब उसके लिए पुस्तक कापी कौन दिलाएगा, ? उनके पिता को मारने वालो के उनके माता–पिता के सामने मारा जाय, । ?पांचवी कक्षा में पढ़ने जाने वाली इस बच्ची का रुदन सुन कर विधायकों कि कलेजा कांप गया और इससे द्रवित होते हुए विधायकों ने सरकार से मृतक के घर वालों को 50 लाख का मुआवजा देने तथा मृतक दुर्गेश की पत्नी को शासकीय नौकरी देने की मांग की है।




### दुर्गेश पर 12 करोड़ रुपए गबन का आरोप

प्रेस वार्ता में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि दुर्गेश को किसानों के 12 करोड़ रुपए गबन के आरोप में पुलिस द्वारा ले जा कर जमकर ठुकाई की गई जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौरान पुलिस द्वारा तत्संबंध में दर्जन भर किसानों से आवाज उठाने के लिए भड़काया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी का कहना है कि लोगों को उनका पैसा दिया जा चुका है। जिनकी बांकी है उन्हें दिया जा रहा था। इस बीच पुलिस वालों द्वारा उसके पति को उठा ले गई। उसका पति लाल शर्ट और नीला जींस पहना हुआ था लेकिन उसे मृत अवस्था में एक अंडरवियर भर में देखा गया। यह पुलिस की बर्बरता को दिखाता है। निषाद ने बताया कि मृतक के परिजन बताते हैं कि गोरे रंग का दुर्गेश की मार कुटाई से पूरा शरीर काला पड़ गया था। उसका एक पैर टूटा हुआ था। परिजनों ने पुलिस वालों से मिलने की गुहार लगाई लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इस तरह पुलिस की बर्बरता ने सारी हदें पार कर दी थी। विधायक ओंकार साहू ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज बता रहा है कि दुर्गेश को पुलिस वालों द्वारा उठाकर ले जाया गया है और थाने ले जाकर जमकर मारपीट की गई है जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा का जिला होने के बाद भी आज तक कोई भी मृतक के घर वालों से जाकर मिलने नहीं गया है । यह भाजपा की विष्णु देव साय सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

निषाद ने बताया कि कांग्रेस के दबाव के चलते अर्जुनी थाना प्रभारी सन्नी दुबे को हटाया गया है। कांग्रेस इस मामले में थाने के सभी दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सुशासन दिवस का ढोंग

प्रेस वार्ता में संजारी– बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने बताया कि एक ओर भाजपा द्वारा प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर महिलाएं सुरक्षित नहीं है। बहु– बेटी की इज्जत जा रही है। उन्होंने दुर्ग में एक चाचा द्वारा भतीजी के इज्जत को तार तार करने की घटना का उल्लेख किया। विधायक श्रीमती सिन्हा ने दुर्गेश कठोलिया को पुलिस वालों द्वारा बेवजह मार दिया जाना बताया और इसकी उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को पूरी तरह फेल बताते हुए इस घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। प्रेस वार्ता में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, कांग्रेस महामंत्री पंकज बांधव व अन्य कांग्रेसी जन उपस्थित थे।,

उल्टा पुल्टा

लड़की- मैं अपने पापा की परी हूं.
लड़का- मैं भी अपने पापा का पारा हूं.
लड़की - पारा..? ये क्या है?
लड़का- मुझे देखते ही उनका पारा चढ़ जाता है।

संपादकीय

## प्रेम सम्बन्धों में हिंसा क्यों?

लगभग हर रोज इस तरह की खबरें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं जिनमें प्रेम सम्बन्धों के चलते हिंसा का इस्तेमाल होता है- कभी ऐसा रिश्तों की तो कभी एकतरफा प्यार के कारण। इनमें कोई एक पक्ष किसी न किसी कारण से अपने साथी की प्रताड़ना करता है या हिंसक तरीके अपनाता है। इसे टाला जाना चाहिये क्योंकि ऐसी हिंसा करने वाला हो या उसे झेलने वाला, दोनों का जीवन उसके बाद सहज नहीं रहता। देखा जाता है कि ऐसी हिंसा के बाद दोनों ही पक्ष शरीर व मन पर गम्भीर चोटें झेलते हैं। इससे लोगों के उनके जीवन और कैरियर तक बर्बाद होते पाये गये हैं। हत्याएं तक होती हैं।

ऐसा ज्यादातर युवावस्था के दौर से गुजरने वाले विवाहित और प्रेमी जोड़ों के साथ होता है इसलिये पालकों एवं अभिभावकों को अपने बेट-बेटियों को बढ़ती उम्र में ही सम्बन्धों की बारीकियां बतलाई जानी चाहिये। जो लोग ऐसी स्थिति की चपेट में आ ही जाते हैं, उन्हें उससे उबरने में भी मदद की जानी चाहिये। नयी जीवन शैली में जहां एक ओर युवा वर्ग मनोरंजन की दुनिया को देखकर अपने प्रेम सम्बन्धों को गढ़ना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ परम्परागत परिवार तथा समाज से उसे अवरोध मिलते हैं। किसी एक पक्ष के इन रिश्तों से पीछे हटने पर ऐसी हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इस तरह की वारदातों के कई आयाम व पहलू होते हैं। यह भी नहीं कि ऐसा केवल किसी एक इलाके में होता हो। ग्रामीण क्षेत्र हों अथवा शहरी या फिर आदिवासी- सभी जगहों पर वैवाहिक जीवन से लेकर प्यार के रिश्तों में हिंसा अपनाई जाती है।

मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले केसरा गांव में मनोज मांझी नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी फूलकुंवर तथा लक्ष्मण मांझी को अलग-अलग कमरों में टांगी से काट डाला क्योंकि उसने लक्ष्मण को अपने घर में उस समय देख लिया था जब वह कुछ काम करके लौटा था। सरगुजा के लखनपुर के चुकनडांड गांव के एक युवक का कोरबा की एक नाबालिग से सम्बन्ध था। इस सिलसिले में पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। रायपुर के ब्राह्मणपारा की एक युवती अपने काम पर भाठागांव जा रही थी कि वहीं के एक युवक ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया क्योंकि वह उससे बात करना चाहता था पर युवती इंकार करती थी। रायपुर के ही खम्हारडीह की एक फैशन डिजाइनर के घर में घुसकर 6 लड़कियों ने कोई कपड़ा लौटाने के नाम पर मार-पीट की। असली कारण इनमें से एक लड़की का किसी युवक से इश्क बतलाया जाता है जो वारदात की असली वजह है। ऐसे सभी तरह के रिश्तों में कोई भी अप्रत्याशित मोड़ आने पर बेहद समझदारी भरे कदम उठाने चाहिये। हिंसा का सहारा लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं।

# अनुशासित, ईमानदार और मेहनती है सोनकर समाज

## छत्तीसगढ़ सोनकर समाज चौबेबांधा राज ने मनाई धूमधाम से रामनवमी पर्व, पंचायत के पदाधिकारी का किया सम्मान





**राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज चौबेबांधा राज ने प्रभु श्री रामचंद्र की प्रगटोत्सव धूमधाम से मनाई। सोनकर भवन में पंडित गुलाब शर्मा के मंत्रोंचार के साथ पूजा अर्चना किया तथा महा आरती हुई। आरती में समाज के पदाधिकारी समेत सभी सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभा सम्मेलन के कार्यक्रम में राज के सदस्य पंचायत प्रतिनिधि बने हुए हैं उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच दुलीचंद आंडे, उपसरपंच मनहरण साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत सोनकर, राज के उपाध्यक्ष नेकराम सोनकर, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रीति सोनकर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेंद्र सोनकर, वार्ड पंच सुशीला सोनकर, हुकुमचंद सोनकर का श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच दुलीचंद आंडे ने कहा कि सोनकर समाज अनुशासित, ईमानदार और मेहनती है। इनके मेहनत का ही परिणाम है कि आज हम सब ताजी और अच्छी सब्जी खाते हैं। समाज की बेटे और बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे काम कर गांव और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत सोनकर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज इतिहास बनाया है। जगह-जगह विद्यालय खोल कर लोगों को शिक्षित करने का काम कर रही है।

महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रीति सोनकर ने कहा कि समाज की एकता अनुशासन और संगठन की ताकत लगातार दिख रही है। महिला और युवा प्रकोष्ठ के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हें आगे बढ़ाया। वही स्वच्छता अभियान चलाकर हम सभी प्रसन्न हैं। समय-समय पर रचनात्मक कार्य लगातार किया जा रहा है।

**शोभायात्रा में लगे जय श्री राम के नारे:** शोभायात्रा में किसी ने झंडा पकड़े रहे तो किसी ने कलश सर पर रखे हुए थे। कुछ महिलाएं तो राम दरबार की फोटो हाथ में लेकर जय जय श्री राम का उच्चारण कर रही थी। यह यात्रा सामाजिक सोनकर भवन से होकर हनुमान मंदिर, शिवाजी चौंक, गौरा चौंक, जय स्तंभ चौंक, शांति चौंक, भाटापारा होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। बच्चों से लेकर युवा बुजुर्ग एवं महिलाएं इस यात्रा में सम्मिलित हुए, गजब का उत्साह देखने को मिल रही थी। छोटे-छोटे बच्चे भी झंडा लेकर जय श्री राम का जय घोष कर रहे थे।

**खीर पुरी का प्रसाद वितरित:** यात्रा वापस सोनकर भवन के पास आने के बाद खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद खाने के लिए बड़ी संख्या में ग्राम वासी भी उपस्थित हुए। इस मौके पर किसलाल सोनकर, जीवनलाल सोनकर, दुखू राम सोनकर, सुखराम सोनकर, गुलशन सोनकर, प्रभु सोनकर, उमेश सोनकर, लोचन सोनकर, दुष्यंत सोनकर, तिलक सोनकर, नीलकंठ सोनकर, महेश सोनकर, हेमराज सोनकर, छोटेलाल सोनकर, हूमन सोनकर, रामधीन सोनकर, डिगेश सोनकर, सालिक राम सोनकर, अंकालू सोनकर, सनत सोनकर, जय कुमार सोनकर, प्रभा सोनकर, किरण सोनकर, देवकी सोनकर, हेमबाई सोनकर, पूनम सोनकर, जयंती सोनकर, त्रिवेणी सोनकर, लक्ष्वंतीन सोनकर, रामति सोनकर, इंदु सोनकर, विमला सोनकर, दिलीप सोनकर, मंसाराम सोनकर, नारद सोनकर, धन्नु राम सोनकर, रोहित सोनकर, करण सोनकर, सूरज सोनकर, हरि सोनकर, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा



**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशन्धु)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक छ.ग. शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, श्रीमती नीलम सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नरेश केसरवानी, श्रीमती सुनीता वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय संकेत शुक्ला, डोमन लाल वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, रेवाराम साहू, कृष्णा सेन आदि उपस्थित थें। जिन्होने उपस्थित सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत व सम्मान किया गया।

इस अवसर पर टंकराम वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जितने भी वायदे आम जनता से किये थे वह सभी वायदे सरकार द्वारा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश हित में नये नये बड़े बड़े निर्णय ले रही है जैसे कश्मिर से 370 ए हटाकर कश्मिर को पूर्ण रूप से भारत के संविधान से जोड़ने का काम मुस्लिम महिलाओं को 3 तालाक के खिलाफ कानून बनाकर उनके स्वाभिमान को दिलाने का काम, और अभी हाल में ही वक्फ बोर्ड के खिलाफ कानून बनाकर दोनो सदनों में पारित कराया गया। इसी तरह प्रदेश में भी तेज गति से विकास कार्य कराये जा रहे है फिर चाहे रेल्वे का विस्तार नई नई रेल्वे लाईन के लिए पैसे की व्यवस्था, नये नये स्कूल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थें।

# भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



**धमतरी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत विविध धार्मिक व सांस्कृति आयोजन हो रहे है। जिसके तहत आज प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक धनकेशरी मंगलभवन में रक्तदान शिविर का आयोजन धमतरी ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। जिसमें समाजजनों बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। रक्तदान शिविर के प्रभारी मयूर पारख, नितिन बरडिया, अंकित बंगानी, धीरेन्द्र नाहर, पंकज कोटडिया, वंशित जैन, डा. संगम लुकंड, डा यश गोलछा रहे।

# लचर कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशन्धु)। छत्तीसगढ़ में लचर कानून व्यवस्था को लेकर आज स्थानीय गार्डन चौक बलौदाबाजार में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रदेश में आए दिन, बलात्कार, हत्या, लुट, हिंसा आगजनी जैसे मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है। अभी हाल ही में दुर्ग जिला के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या का मामला बहुत शर्मसार कर देने वाली घटना है, तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की संवेदनशील घटनाएं घटित हो रही हैं। प्रदेश सरकार या तो इसे गंभीरता से नहीं ले रही है या फिर कानून व्यवस्था उनसे नहीं संभल रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दुर्ग जिला के उक्त पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लाचार कानून व्यवस्था को सुधारने सहित गृह मंत्री के इस्तीफा की मांग को लेकर आज स्थानीय गार्डन चौक में कांग्रेस जनों ने विरोध स्वरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वय रूपेश ठाकुर, विक्रम गिरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, संतोष तिवारी, लखेश साहू, मनोज प्रजापति, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पूर्व पार्षद गोविन्द पात्रे, पार्षद शेख सलमान, सुभाष राव, निलेश बंजारे, दिगम्बर साहू, धर्मेंद्र वर्मा, अविनाश मिश्रा, कृष्णा टंडन, सुखदेव साहू, देवेंद्र बंजारे, ईश्वर कुर्रे, जय, भोला एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# जनता को अपनी समस्याओं के लिए भटकने की जरूरत नहीं होंगी, जल्द होगा निराकरण : नपा अध्यक्ष महेश यादव



**राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय में जनता की समस्याओं से रूबरू होने के लिए जन समस्या आवेदन प्राप्त कर समाधान पेटी रखकर शिविर लगाया गया।

उक्त शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद भारत यादव, तुषार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, मंशा कुर्रे, अजय पटेल, बलराम यादव, सुरेश पटेल, कुलेश्वर साहू पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू उत्तम निषाद ने शुभारम्भ किया।

उक्त अवसर पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप लोगों को अपने समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत ना हो इसके >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुशासन तिहार के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर



## आवेदन लिखने में सुशासन मित्र करेंगे सहयोग, संध्या चौपाल का होगा आयोजन

**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर सुशासन तिहार के निर्देशों का शतप्रतिश अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवेदन प्राप्ति स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन प्राप्त करने के दौरान आवेदन प्राप्ति स्थल में ऐसे आवेदक जो आवेदन नहीं लिख पाते उनके सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी सहित वालांटियर्स को सुशासन मित्र बनाएं और आवेदन लिखने में इनका सहयोग लें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओ कों सुशासन मित्र बनाएं। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई एवं पोलिटेक्निक कोलेजो में सुशासन तिहार के सम्बन्ध में निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का आयोजन कराएं। कलेक्टर ने कहा कि 12 अप्रैल से 31 अप्रैल तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में संध्या चौपाल का आयोजन करना है जिसमें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जन सामान्य को देना है। उन्होने कहा कि संध्या चौपाल का आयोजन करीब 50 दिन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# क्रिकेट का राष्ट्रीय स्तर का समर कैंप कल से



**महासमुंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद जो की विगत 12 वर्षो से मिनी स्टेडियम महासमुंद में संचालित हो रही है। यह महासमुंद जिले की एकमात्र पेशेवर क्रिकेट एकेडमी है!

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संचालक और हेड कोच एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी निरंतर राज्य और जिले के लिए अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करने का काम कर रही है! टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद का छत्तीसगढ़ में एक बड़ा नाम है। यहाँ से प्रति वर्ष हर वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ी चयनित होते हैं। अभी तक टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद ने महासमुंद के लिए रणजी खिलाड़ी से लेकर राज्य स्तरीय, राष्ट्रिय स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ी महासमुंद को अभी तक दे चुकी हैं! इन खिलाड़ियों में शशांक चंद्राकर, कृतेश साहू, त्रिपेश साहू, तुषार चंद्राकर, आयुष द्विवेदी, अनमोल द्विवेदी, मनोज पटेल, रवीना साहू, चंद्रकांत देवांगन ऐसे अनेक खिलाडी महासमुंद को दे चुकी है। जिन्होंने छग राज्य में शहर व जिला का नाम रौशन किया है जिससे महासमुंद को गौरान्वित होने का मौका मिला है। श्री कुरैशी ने बताया कि आने वाले समय में भी एकेडमी अपने निरंतर परिश्रम से महासमुंद से बड़े खिलाडी राज्य और राष्ट्र के लिए खेलते नजर आएँगे। टर्मिनेटेर क्रिकेट एकेडमी के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट समर कैंप आयोजित किया जा रहा है! ज्ञात हो की टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी प्रति वर्ष क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत कराने हेतु ग्रीष्म कालीन क्रिकेट प्रशिक्षण कैंप आयोजित करते आ रही है! इस राष्ट्रीय स्तर के समर कैम्प के माध्यम से एकेडमी खिलाड़ियों को क्रिकेट के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के साथ.साथ खिलाड़ियों को उनकी खेल डाइट, विशेष शारीरिक और मानसिक फ्टिनेश के प्रशिक्षण सत्र और क्रिकेट के आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्रशिक्षण और हर हफ्ते मैच भी प्रदान करती है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षत खिलाड़ियों के लिए लाइव मैच की भी व्यवस्था है जिन्हे अभिभावक घर से भी उनके मैच का आनंद ले सकते है। इस वर्ष समर कैम्प 10 अप्रैल से 10 जून तक निरंतर 2 माह प्रतिदिन शाम 3. 30 से 6. 30 बजे तक टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी मिनी स्टेडियम महासमुंद में पेशेवर क्रिकेट कोचेस के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कैम्प में 5 वर्ष से 25 वर्ष तक के खिलाड़ी इस कैंप में अपना एड्मिशन करा सकते है। जिन खिलाड़ियों को इस राष्ट्रीय स्तर के समर क्रिकेट कैंप में एड्मिसन लेना हो वो शाम 4 बजे से 6 बजे तक टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के कार्यालय मिनी स्टेडियम महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कलेक्टर



## कलेक्टर ने किया जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण, मुनादी व दीवार लेखन के दिए निर्देश

**महासमुंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण की जिले में शानदार और उत्साहपूर्ण शुरुआत हुई। आम जनता तक सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने जनपद पंचायत पिथौरा के सुदूर ग्रामों बम्हनी, बैतारी, झगरेनडीह तथा बागबाहरा जनपद के तेंदुकोना, मोंगरापाली और सम्हर पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सुशासन तिहार के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया। इसी के साथ जिले के पांचों विकासखंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त किए गए 51 नोडल अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचाने हेतु मुनादी करवाई जाए तथा दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, साथ ही आम जनता की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी इसका अहम हिस्सा है। सुशासन तिहार को लेकर ग्राम वासियों में उत्साह और भागीदारी की भावना देखने को मिली। कलेक्टर श्री लंगेह ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना। इस दौरान पिथौरा में अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह एवं बागबाहरा में अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने तिहार की तैयारियों व क्रियान्वयन की जानकारी दी।

# बंशीलाल को अपने बेटे से मिलेगा जीवन निर्वाह भत्ता



## कलेक्टर ने एसडीएम को दिए निर्देश

**धमतरी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी जिले के ग्राम लडेर निवासी बंशीलाल ने जमीन गलत नाम पर चढ़ जाने और पुत्र द्वारा मारपीट करने की शिकायत की गई है, जिस पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम कुरूद को बुजुर्गों की देखभाल से संबंधित कानूनों के तहत् बंशीलाल को उसके बेटे से जीवन निर्वाह भत्ता दिलाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जनदर्शन में मिली शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है।

जनदर्शन में मराठापारा निवासी आरती यादव ने शासन की श्रमिक कल्याण योजना मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के तहत् मिलने वाली राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया था, जिस पर कलेक्टर ने श्रमपदाधिकारी को उक्त राशि शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिये है। वहीं सरपंच ग्राम पंचायत सेमराबी एवं अन्य लोगों ने खेती हेतु पानी देने संबंधी मांग पत्र कलेक्टर श्री मिश्रा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने कहा। इसी प्रकार भेंडरा के पर्थ कुमार ने खेत के उपर से हाईटेंशन तार जाने से फसल को होने वाली क्षति का मुआवजा प्रदान करने आवेदन दिया, कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को उचित कार्यवाही करने कहा। करेगांव निवासी जैनीबाई ने मंदिर के आसपास हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, कलेक्टर ने तहसीलदार नगरी को उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसी प्रकार चर्रा निवासी बृजलाल सिन्हा ने पुस्तैनी जमीन से कब्जा हटाने हेतु, आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बेलरगांव तहसीलदार को जांच करने कहा। इसी प्रकार सांकरा निवासी मिश्री लाल सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् किश्त की राशि प्रदान करने आवेदन दिया, कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत नगरी को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मनोविकास केंद्र एवं वृद्धाश्रम में हुआ विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवम् अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्री वाटिका वृध्दा आश्रम एवं मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार में सोमवार को चिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अमिता जायसवाल ने मनोविकास में प्रदाय की जा रही सुविधाओं, थैरेपी आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपस्थित अभिभावकों से चर्चा की।सुश्री जायसवाल द्वारा नालसा एक्ट अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षकों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। सुश्री जायसवाल ने वृध्दाश्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिको से मुलाकात करते हुए बताया कि 7 अप्रैल को हम विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रहे हैं, जो न केवल स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि हमें इस पर गंभीरता से विचार करने का अवसर भी देता है। स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य केवल रोग या कमजोरी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति की सम्पूर्ण भलाई है। स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज होता है। हमारी नीतियाँ, योजनाएँ और संसाधन तभी प्रभावी हो सकते हैं जब नागरिक स्वस्थ हों। यह आवश्यक है कि हम प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजना एवम् भरण पोषण से संबंधित विधिक जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी वरिष्ठजनो से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, पौष्टिक आहार लें, व्यायाम करें, और मानसिक स्वास्थ्य की भी उतनी ही चिंता करें। शिविर में ग्रामीण चिकित्सा सहायक अविनाश केशरवानी, नोडल आफिसर सोशल वेलफेयर आशा शुक्ला,सीनियर स्पेशल एजुकेटर सुशील पटेल नेत्र चिकित्सा सहायक वेगेश्वर यदु नेत्र चिकित्सा सहायक, स्टाफ नर्स प्रमीला जांगडे, ललित साहू, आरती कश्यप, सुमन, मनीषा, रोहित वर्मा, देवेन्द्र बंजारे, शिवकुमार पैकरा, लोकेश्वर बंजारे सहित पैरालीगल वालिटियर्स दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे।

# समयानुसार प्रत्येक कार्य को करें: श्यामसुंदर पटेल

**बिलाईगढ** 8 अप्रैल(देशबंधु)।ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ से लगे हुए ग्राम गोविंदबन में ग्रामवासियों के द्वारा विश्वमंगल हेतु एकदिवसीय संगीतमयी राम-राम भजन एवं राम कथा का आयोजन आने वाले रामनवमी के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें ग्राम खुरसुला से शिवराम डडसेना रामनारायण डड़सेना, रिकोटार से जयराम जायसवाल रामसेवक साहू देवनारायण साहू, पुरगांव से सीताराम डडसेना सेवानिवृत्त गुरुजी, धाराशीव से लीलाराम पटेल, पचरी से वेदराम साहू, सुतीउरकुली से संतराम साहू फिरतूराम साहू एवं ग्राम गोविंदवन से डां पुनाऊ साहू ने सु मधुर स्वर में राम-राम भजन का गायन किये। ट्रांस महानदी क्षेत्र के प्रमुख रामायणी ग्राम बांसउरकुली निवासी भाई श्याम सुंदर पटेल ने भी मंच में बैठकर कथा सुनाया। उन्होंने श्री रामचरितमानस के बालकांड की चौपाई निसि प्रवेश मुनि आयसु दीन्हा। सबहीं संध्याबंदनु कीन्हां।। की व्याख्या करते हुए कहा कि संध्या के समय जानकर मुनि विश्वामित्रजी के कहने से श्रीरामचंद्रजी अपने अनुज लक्ष्मणजी के साथ सूर्य वंदना करने के लिए गए एवं सूर्य वंदना किये । भगवान श्रीरामचंद्रजी एवं लक्ष्मणजी प्रतिदिन सुबह शाम भगवान भुवन भास्कर की वंदना किया करते थे ।भगवान भुवन भास्कर ऊर्जा के अखंड स्रोत हैं। सूर्य प्रकाश में ही पेड़ पौधे वृद्धि करते हैं। मनुष्य को विटामिन डी भी मिलता है। भगवान सूर्य अपने निर्धारित समय में उदय एवं अस्त होते हैं। सूर्य के तरफ खुले नेत्र से देखने पर आंख बंद हो जाता है। सूर्य प्रकाश को अच्छी तरह से हम नहीं देख पाते। इसका तात्पर्य है कि सूर्य हमें बिना कुछ कहे उपदेश दे रहे हैं कि मेरे तरफ मत देखो। जिस तरह मैं निर्धारित समय में उदय एवं अस्त होता हूं उसी तरह तुम निर्धारित समय पर अपने नियत कर्तव्य कर्मों को करो। संसार में सुखपूर्वक ज्यादा दिन तक जीवित रहना है। सुख शांति प्राप्त करना है तो प्रत्येक कार्य को समय पर निष्पादित करना चाहिए ।समय का ख्याल व्यक्ति को रखना चाहिए। समय अनुसार कार्य करने वाला ज्यादा दिन तक स्वस्थ सुखी रह सकता है ।उसकी प्रशंसा भी समाज में होता है। शायद इसीलिए किसी नितिकार ने ठीक ही कहा है— नियमितता ही जीवन है अनियमितता ही मृत्यु है।

आगे कथा सुनाते हुए मानस प्रवक्ता भाई श्यामसुंदर पटेल ने और कहा कि हम लोगों का प्रत्यक्ष हित करने वाला इस लोक में अपने माता-पिता ही हैं। प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों के हित के लिए यथाशक्ति सोचते एवं करते ही हैं ।किंतु यह दुर्भाग्य है कि अब हम लोग दिनों-दिन माता-पिता के देखभाल में अनदेखा कर रहे हैं। हमारे भारत देश में भी वृद्धाश्रम की संख्या दिनों- दिन बढ़ रही है। सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि जहां साक्षरता दर अधिक है वहीं वृद्धाश्रम भी अधिक है ।हमारे देश में केरल राज्य इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसका तात्पर्य है कि आधुनिक शिक्षा हमें कर्तव्य पालन, परिश्रम, सेवा सुश्रुषा से दूर कर रही है। गंभीरता पूर्वक एकांत में बैठकर चिंतन करने पर पता चलता है कि वर्तमान समय में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ प्राचीन धर्म ग्रंथो, रामायण गीता भागवत आदि का अध्ययन भी व्यक्ति के लिए जरूरी है। इन ग्रंथो के अध्ययन से कर्तव्य परायणता समाज सेवा आदि की प्रेरणा मिलती है। राम कथा के अद्भुत व्याख्याकार एवं वक्ता युग तुलसी पंडित डॉ रामकिंकर उपाध्याय जी ने कहा है कि वर्तमान समय में देश समाज के हित के लिए ज्ञान एवं विज्ञान, प्राचीन एवं नवीन, पराविद्या एवं अपरा विद्या का समुज्जवल पूर्ण स्पंदन चाहिए ।वर्तमान समय में जिस तरह से दुनिया प्रगति की ओर बढ़ रहा है उसके लिए नवीन ज्ञान की भी आवश्यकता है। लेकिन पुराने धर्मग्रंथो की बातों को पूर्णतया भुला दिया जाए तो नवीन ज्ञान भी समाज के लिए दुखदाई ही होगा। इसलिए इन दोनों में सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। संस्कार विहीन जीवन व्यक्ति परिवार सबके लिए कष्टकारी है ।टीवी मोबाइल आदि का समयानुसार सकारात्मक सोच के साथ उपयोग किया जाए तो वह व्यक्ति व परिवार के लिए हितकारी है। यदि असमय या अत्यधिक समय तक अलशील दृश्यों को देखकर काल्पनिक आनंद की अनुभूति करने लगे तो यह सभी व्यक्ति समाज परिवार के लिए सुख के स्थान पर दुखदाई ही होगा।

# पिपराही प्राथमिक शाला में न्यौता भोज आयोजित



**भरूवाडीह/ बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पिपराही सरपंच श्रीमति महेश्वरी राकेश वर्मा के द्वारा प्राथमिक शाला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जहां स्कूल के बच्चे खीर-पुड़ी, सब्जी, सलाद, पापड़ आचार, दाल,दाल, चॉंवल, सब्जी बालु साही के साथ बड़े ही उत्साह से भोजन ग्रहण किये। इस अवसर पर उपसरपंच श्रीमति बिंदेश्वरी धनेश्वर वर्मा, शाला समिति अध्यक्ष श्रीमति लुकेश्वरी वर्मा, संकुल समन्वयक खुबचंद सिन्हा, प्रधान पाठक मोहित राम वर्मा, सहायक शिक्षक रामकुमार वर्मा, श्रीमति तारामती वर्मा, पंच राजेन्द्र वर्मा, शान्ति दास पात्रे, हीरामती वर्मा और प्रमिला यादव आदि उपस्थित थे।

# वार्षिक सम्मलेन और सम्मान समारोह सम्पन्न

**बिलाईगढ** 8 अप्रैल(देशबंधु)। संत थॉमस स्कूल परिसर में सहयोग एक आस फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक सम्मलेन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश भर से चुनिंदा लोगों को सम्मान किया गया। गत 05 अप्रैल को मालखरौदा के थॉमस स्कूल में अतिथियों आगमन हुआ ।इसके बाद कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी की धार संगीत पर सावधान की स्थिती में खड़े होकर सम्मान किया गया। उसके बाद अतिथियों की बारी बारी से पुष्पहार से सम्मानित किया गया। सहयोग एक आस फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष प्रताप चंद्रा ने संस्था की विस्तृत जानकारी प्रदान किया कि किस प्रकार यह संस्था शासन से मान्यता प्राप्त करके एन जी ओ की तरह लोगों की मदद कर रहा है। ये संस्था ऐसे लोगों को चुन चुन करके सम्मान करते है जो कठिन परिस्थिति में भी नहीं घबराते और अपना मुकाम तक पहुंच जाते है। तथा जरूरत मंद लोगों की मदद बिना स्वार्थ के करते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे , अध्यक्षता शिरोमणि चंद्रा संचालक चन्द्र एकेडमी द गाइड बिलासपुर। विशिष्ट अतिथियों में जितेन्द्र विजय बहादुर, लोकेश्वरी देवा लहरे पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष,विजय लारेंस संचालक सन्त थॉमस स्कूल, डॉ पी प्रसाद लहरे संचालक मात्री सेवा सदन , यादराम हिरवानी सामाजिक कार्यकर्ता और क्रांतिकारी जेल यात्री बिलाईगढ़ , खेमलाल खटकर, धनेश यादव बिलाईगढ़ प्रदेश मीडिया प्रभारी झेरिया यादव समाज। आयोजक समिति में अध्यक्ष प्रताप चंद्रा, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश चंद्रा, सचिव लंकेश्वर महंत , कोषाध्यक्ष लंकेश्वर प्रसाद बरेठ, सुरेश यादव, कौशलेश खांडे, हेमकुमार यादव , आत्माराम साहू, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।




# ग्राम झोंका में आयुष स्वास्थ मेला संपन्न

**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। आयुष ग्राम रसेडी द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू के सौजन्य से त्रैमासिक आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला झोका में 6 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें 210 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर के दौरान वात रोग, मधुमेह, बीपी, प्रतिशाय, अजिर्ण के मरीज मिले। जिन्हे दवाई वितरण कर विशेष स्वास्थ सलाह दी गई।



शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना डा. एल.एस. धुव्र, डा. माधुरी डहरिया, सरपंच हरिराम ध्रुव, उपसरपंच बिंदा बाई ध्रुव, पंच द्रोपति ध्रुव, ग्राम प्रमुख रामप्रसाद ठाकुर, पंच विमल बांधे, जगदीश प्रसाद सोरी उपसरपंच प्रतिनिधि द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। ग्राम में पहली बार शिविर आयोजन से अच्छे उत्साह के साथ ग्रामवासियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर में फामरसिस्ट विनोद कुर्रे, लक्ष्मण वर्मा, सावित्री योगी, औषधालय सेवक योगेन्द्र गेण्डरे, टेकराम साहू, योग प्रशिक्षक सुशील जायसवाल, भरत साहू ने अपनी सेवाऐं दी। इस अवसर पर चित्रलेखा पाटिल, सुमित्रा ध्रुव, जयपाल सिंग ठाकुर, समोखन बांधे, रामानुज ध्रुव, संतोष सुरी, शिवकुमार नेताम, आदि उपस्थित थें। उक्त जानकारी शिविर प्रभारी डा. एल.एस. ध्रुव ने दी।

# सुशासन तिहार में हर आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें : अमिताभ जैन

**गरियाबंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। समूचे प्रदेश सहित गरियाबंद जिले में सुशासन तिहार शुरू हो गया है। इसे लेकर सोमवर को मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शासकीय कार्य में पारदर्शिता लाना और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। मुख्य सचिव ने कहा कि सुशासन तिहार तीन चरणों में होगा। इसमें आम जनता से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण जरूरी है। सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में 8 से 11 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने मुख्य सचिव ने सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आवेदन लेने, उनकी प्रविष्टि, मॉनिटरिंग और समाधान की प्रक्रिया के लिए अधिकारियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। वीसी में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, एडीशनल एसपी जितेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**सरायपाली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)विहिप बजरंग दल एवं हिन्दू समाज सरायपाली के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई डीजे, श्री राम जानकी जी की जीवंत झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ हुई बस स्टैंड उड़िया पारा होते हुए गुरुनानक चौक दुर्गा मंदिर बाजारपारा होते हुए फव्वारा चौक संतोषी मंदिर श्री राम मंदिर में महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन कर समापन किया गया। महाप्रसाद के पश्चात् संतोषी मंदिर सेवा समिति के सहयोग महाभंडारा का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा को सफलतापूर्वक करने के लिए नगर एवं आसपास के गांवों से हिंदू भाई-बहनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विहिप बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी की बहनें भी सम्मिलित हुईं। 12अप्रैल को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर श्री राम जानकी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध का आयोजन रखा गया है।



# सुशासन तिहार के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें: कलेक्टर दीपक अग्रवाल




**गरियाबंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और संबन्धित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 8 अप्रैल से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में लोगों की मांग और समस्याओं से जुड़े आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए हर पंचायत और नगरीय निकाय कार्यालय में समाधान पेटी लगाई जाए। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप में फॉर्म पर्याप्त संख्या में छपवाकर कार्यालयों में रखें। ताकि लोगों को आवेदन देने में कोई परेशानी न हो। अधिकारी सुशासन तिहार के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।कलेक्टर ने कहा कि प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री सुशासन पोर्टल में सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में डाटा एंट्री ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को सुशासन तिहार के दौरान आवेदन देने की जानकारी दी जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाए जाएं। मुनादी भी कराई जाए।

# हनुमान चालीसा के जाप से गुंजायमान हुआ शहर

**महासमुंद** 8 अप्रैल (देशबंधु)। रामनवमी के अवसर पर श्री हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया गया। स्थानीय सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति कचहरी चौक द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के पावन पर्व पर सुबह 08 बजे हवन, पूजन, आरती, दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई तथा पंजरी प्रसाद का वितरण किया गया ।संध्या 7 बजे से 8 बजे तक भारत वर्ष ही नही अपितु संपूर्ण विश्व में एक साथ एक ही समय व एक ही तिथि पर पं. विजय शंकर मेहता उज्जैन के आव्हान पर पर श्री हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया गया। जिसके तहत मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 17 वे वर्ष 17 वे अनुष्ठान के रूप मे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक महा पाठ का आयोजन बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के माध्यम से किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि इस वर्ष सैकड़ों की संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा मौजूद थे। चालीसा पाठ पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में मंदिर समिति के सुरेंद स्वामी, चंद्रशेखर साहू, संतोष शुक्ला, जगमोहन चंद्राकर, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरतसिंह ठाकुर, जितेंद्र इदीकर,अनूप उपासे, कुलवंत सिंह, बंटी, संजय साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, सौरभ बाफना, अजय साहू, हेमंत साहू, घनश्याम सोनी, धीरेंद्र लोनारे, बद्री नारायण माहेश्वरी, सत्यनारायण तिवारी आदि का सहयोग रहा।




# डोंगरडुला में रामनवमी पर त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन



**नगरी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत डोंगरडुला में रामनवमी के अवसर पर राज्य स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय मानस सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश भर के तीस से अधिक मानस मंडलियों ने हिस्सा लेकर ग्राम वासियों को राम कथा का रसपान कराया। रामनवमी के दिन कार्यक्रम का समापन हुआ जिसके मुख्य अतिथि मुनेन ध्रुव जनपद सदस्य थे, विशेष अतिथि स्मृति नेताम सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी नेताम पूर्व सरपंच ,पुष्पा मंडावी जनपद सदस्य, मुकेश बघेल पूर्व उपाध्यक्ष, डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉकअध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी संघ, रघुराम यादव ग्राम पटेल, सुरेंद्र साहू उपसरपंच, रूपेंद्र ध्रुव सरपंच कल्लेमेटा, प्रताप साहू पूर्व उपसरपंच थे। इस दौरान समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि डोमार सिंह ध्रुव ने कहा, इस गांव में अनवरत पंद्रह वर्षों से मानस सम्मेलन का आयोजन होना ग्राम की एकता को प्रदर्शित करता है। श्रीराम हमारे जीवन के लिए आदर्श है उनकी त्याग,संयम ,सेवा का अनुशरण किया जाना चाहिए।

मुकेश बघेल ने कहा है कि गांव के इस आयोजन से ग्राम वासियों में एकजुटता स्थापित होता है तथा हम सबको मिलकर गांव की व्यवस्था को बनाए रखना है।मुख्य अतिथि मुनेन ध्रुव ने कहा है कि रामचरितमानस सम्मेलन के आयोजन से हमें राम के आदर्शों को समझने मौका मिलता है हमें उनके गुणों का अनुकरण करना चाहिए। श्रीध्रुव ने ग्रामवासियों की मांग पर अपनी निधि का सबसे पहले उपयोग इस ग्राम के विकास करने की बात कही। जीवन बघेल अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति द्वारा आभार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम का संचालन अनराज साहू एवं पेमंत साहू के द्वारा किया गया। तीन दिनों तक भंडारे की व्यवस्था अनिल वाधवानी,चंद्रहास साहू,एवं साहू पारा के लोगो के द्वारा किया गया था।इस दौरान तीन दिवसीय मानस सम्मेलन को सफल बनाने में ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष जीवन बघेल सचिव पुराणिक नेताम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू ,मनराखन साहू, श्यामलाल साहू धनीराम ध्रुव,लखन लाल साहू हेमनाथ साहू ,डमरू साहू,चिंताराम मंडावी,रोहित साहू, महेंद्र ध्रुव,निर्मल साहू ,देव कुमार साहू ,चंद्रहास साहू,जितेंद्र साहू,चतुर्भुज साहू,तासीराम यादव ,दीपक मरकाम,एमेंद्र देवदास तथा युवा संगठन,महिला संगठन सहित डोंगरडुला,चचानवाही, बेहड़ापारा,कोटाभर्री ग्रामवासियों का योगदान रहा है।

# नयापरा में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**पिथौरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत लहरौद नयापारा खुर्द में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुरागधारा कविता वासनिक राजनांदगाव का भव्य आयोजन रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि बसना विधायक सम्पत अग्रवाल शामिल हुए साथ ही जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृततलहरे जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हा नन्द पटेल, नवनिर्वाचित सरपंच जयश्री अनिल सोइ, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, भाजपा नेता सीता राम सिन्हा जनपद सदस्य कवलजीत छाबड़ा पूर्व पार्षद अनिल सोइ मंचस्थ थे

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा श्री रामचंद्र जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की हमारा सौभाग्य है की हम श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के निवासी है इसलिए रामनवमी का हमसबके लिए अलग ही महत्व है ।जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरर्षोत्तम घृतलहरे ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुवे रामनवमी की बधाई देते हुवे कहा की जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में हर चुनौती का सामना किया वैसे ही आपको भी हर चुनौती से लड़ने की शक्ति रामचंद्र जी दे। और आप सब समाज के लिए आदर्श स्थापित कर सके। युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को रामनवमी की बधाई देते आयोजन समिति को सफल आयोजन की बधाई देते हुवे अपील की की श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे सत्य और धर्म के मार्ग पर चले ।कार्यक्रम का स्वागत भाषण साहित्यकार प्रवीण प्रवाह ने किया एवं संचालन सुधीर प्रधान ने किया ।

कार्यक्रम से पूर्व राम नवमी के पावन अवसर पर सुबह भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई । कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख घनश्याम तिवारी, एवं जय माँ शीतला समिति नयापारा खुर्द समिति कौशल साहू, डॉ वीरेंद्र प्रजापति,दिनेश नायक, सुशील कुमार ओगरे, सोनू तिवारी,संजय पाण्डेय, अविनाश मित्तल, राजेश कश्यप, सह सभी समिति सदस्यों एवं महिला मण्डली सुरेखा अवस्थी, विनीता रात्रे, अंजू प्रजापति, ज्योती मित्तल, शिप्रा पांडे,सरिता अवस्थी, पूनम मिश्रा, अंजलि तिवारी, श्रीमती कनक नायक,के सम्मिलित प्रयास से सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ सुबह सर्वप्रथम बाइक रैली निकली गयी जिससे सारा गांव राम ना से गूंज गया ततोश्चात शोभायात्रा निकली गयी जिकी झांकी ने पुरे ग्राम का मैन मोह लिया पुरे आयोजन के अतिम में अनुराग धारा ने आस पास के गांव के लोगो का भी मैन मोह लिया जिसकी मुख्य कलाकार कविता वासनिक जी पद्मभूषण जी के मधुर आवाज ने पुरे क्षेत्र को संगीत मय कर दिया इस अवसर पर विधायक महोदय ने इस उत्तम आयोजन के लिए सभी ग्रामवासियो को शुभकामनायें दि एवं खुले मन से प्रशंशा की।

**प्राक्कयन परीक्षा 20 को**

**महासमुंद**, 8 अप्रैल (देशबंधु)। प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025.26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर 20 अप्रैल तक डाउनलोड किया जा सकता है।

# प्रभु श्री रामचंद्र के समान दूसरा कोई चरित्र नहीं : द्रोणसिंह ठाकुर



**नवापारा राजिम**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिणमुखी संकटमोचन सुंदरकांड मंदिर समिति सरकारी हॉस्पिटल के सामने रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर लोकमंगल एवं जनकल्याण से अनुप्रमाणित भारतीय संस्कृति के गौरवमयी जीवन दर्शन की अनुपम कृति श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ किया गया। विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन एवं आरती के पश्चात नव कन्या भोज ,भोजन भंडारे में प्रसादी एक साथ ही सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

द्रोण सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि –श्रीराम विष्णु के अवतार हैं, वे आदि पुरुष हैं, जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। रामावतार भगवान विष्णु के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवतारों में सर्वोपरि है। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार श्रीराम नाम के दो अक्षरों में रा तथा म ताली की आवाज की तरह हैं, जो संदेह के पंछियों को हमसे दूर ले जाती हैं। ये हमें देवत्व शक्ति के प्रति विश्वास से ओत-प्रोत करते है।संपूर्ण भारतीय समाज के लिए समान आदर्श के रूप में भगवान रामचन्द्र को उत्तर से लेकर दक्षिण तक सब लोगों ने स्वीकार किया है। हिन्दी में तुलसी दास जी की रामायण सर्वत्र प्रसिद्ध है ।मनुष्य के जीवन में आने वाले सभी संबंधों को पूर्ण तथा उत्तम रूप से निभाने की शिक्षा देने वाले प्रभु श्री रामचन्द्रजी के समान दूसरा कोई चरित्र नहीं हैं। राम रीति, नीति, तथा प्रीति सभी जानते हैं। राम परिपूर्ण हैं, आदर्श हैं। राम ने नियम, त्याग का एक आदर्श स्थापित किया है। कार्यकम को सफ्ल बनाने में समिति के सदस्य अनिल दुबे,शालू इशानी, शेखर देवांगन राकेश देवांगन, कुलेश्वर राजू साहू, कन्हैया कंसारी, संतु साहू , टीकम साहू, विक्रांत राव, संजू पटेल, किशन साहू, गुलशन साहू, सुरेश पुष्पेंद्र , मनोज कंसारी, भूषण ,कीर्तन किशोर साहू, ममता शर्मा प्राची सिंह ,वेणु ,लेखनी, डाली, कीर्ति यादव शिव शक्ति महिला समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ,पार्षद सहदेव कंसारी के साथ ही बड़ी संख्या में भक्त जन इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

## महाविद्यालय में हुआ 15 दिवसीय समर इमेजिनेशन कैम्प का समापन

**नवापारा राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 15 दिवसीय समर इमेजिनेशन कैम्प 'कल्पनाओं की उड़ान- एक नई दृष्टि से रामायण, प्रोवीन इनर साइंस' के तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसका 'समापन' धूमधाम से किया गया। 15 दिन चले इस कैंप में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने अनेक नई चीजें सीखी। प्रतिभागियों को अपने अंदर झांकने और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने मंच प्राप्त हुआ। उक्त समर कैंप को रामायण के आधार पर एक नई दृष्टि के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां प्रभु राम न सिर्फएक राजा है बल्कि हमारे लिए ऐसे आदर्श हैं, जो हमारे अंदर की सकारात्मक शक्तियां जैसे आत्मविश्वास, अनुशासन माता-पिता का सम्मान, प्रेम और देखभाल को जागृत करते हैं। आज सोशल मीडिया जैसे साधनों ने हमें और हमारे मासूम बच्चों को एक रावण के रूप में चारों ओर से घेर लिया है जिसने हमें अपने लक्ष्य से भटका दिया है, हम अपने अंदर की शक्तियों को समझ नहीं पा रहे हैं, क्योंकि हमने स्वयं को मशीनों पर निर्भर कर दिया है। भगवान राम की कथा को समझते हुए अपने सांस्कृतिक वैभव को भी बच्चों ने जाना और अपने जीवन से जोड़कर उसे समझा। इस 15 दिवस के समर कैंप में बच्चों ने अद्भुत गतिविधियां की जिसमें स्टार्गेजिंग, टीम एक्टिविटीज, शार्क टैंक, विजन बोर्ड पैकिंग, पिज़्ज़ा मेकिंग, चाओटिक कैनवस और एक्का एक्सरसाइज। बच्चों ने बिना झिझक के झूमा गाया और अपनी बातें रखी।



# एक्टीवा चोरी एवं अन्य 4 मो.सा. सहित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**खरोरा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। उमनि/वपुअ श्री लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खड़ोरा के नेतृत्व में संपत्ती संबंधी अपराध में अंकुश लगाने मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है।

विवरण– इस प्रकार है कि 7 अप्रैल को थाना खरोरा पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि 1 व्यक्ति ग्राम बंगोली मुरा मोड़ पेट्रोल पंप के पास पांच मोटर सायकल रखकर बेचने के लिये ग्राहक की तलाश करक रहे हैं कि सूचना तस्दीक हेतु थाना प्रभारी खरोरा निरीक्षक दीपक पासवान के नेतृत्व में स.उ.नि.परस राम आरक्षक सुरेन्द्र चौहान, आरक्षक– मुकेश चौहान गवाहों को साथ लेकर मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचा जहां पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम पता *सुरज यादव* पिता राजू यादव उम्र 24 साल साकिन सोरम थाना रूद्री जिला धमतरी हाल पता नरदहा ई.डब्ल्यु.एस. कॉलोनी 7/8 थाना विधानसभा जिला रायपुर का रहने वाला बताया ।जिससे पूछताछ करने पर उक्त पांच वाहनो को अलग अलग क्षेत्र से चोरी कर बेचने के लिये ग्राहक की तलाश करना बताया। गवाहो के समक्ष संदेही का मेमोरण्डम लेख किया गया जो बताया कि पिछले माह मार्च 2025 में घुम-घुमकर *मंडी गेड रायपुर से मोटर सायकल एच एफ डीलक्स, कपड़ा मार्केट पंडरी रायपुर से एक्टीवा, रायपुर के अन्य क्षेत्र से एक्टीवा, दिनांक 01/04/2025 को ग्राम खरोरा नया बस स्टैण्ड से एक्टीवा, दिनांक 06/04/2025 को बुढ़ा तालाब रायपुर से एक्टीवा को चोरी कर करके बेचने के लिये ग्राम बंगोली मुरा मोड़ मिश्रा पेट्रोलपंप के पास इकट्ठा किया है, सभी के नंबर प्लेट को रास्ते में फेक देना बताया। एक मोटर सायकल एच एफ डीलक्स एवं तीन एक्टीवा को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया तथा एक्टीवा ग्रे रंग चेचिस नंबर स्ध्4छ्स्न505श्वत्न7139750 थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 192/25 धारा 303 (2)ड्डहस्में चोरी मशरूका मोटर सायकल एक्टीवा क्रमांक ष्ट्ठ 04 स्न 9487 होना पाया गया जिसे असल अपराध में पृथक से जप्त की गयी है। संदेही को जप्तशुदा वाहन के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात नही होना बताया जिनके कब्जे से उक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर वाहन चोरी करने के माकुल संदेह पर विधिवत समय सदर में गिरफ्तार कर सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।



# जिले के आखिरी गांव में पहुंचा सुशासन



**पिथौरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में मनाए जा रहे सुशासन तिहार का आज 8अप्रैल को शुभारंभ हुआ। ग्रामीण एवं शहरी आबादी की समस्याओं का निराकरण करने एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आज जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शुभारंभ हुआ पहले दिन ही कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पिथोरा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम और महासमुंद जिले अंतिम छोर में बसे ग्राम –बम्हनी में दस्तक दिया उन्होंने ग्राम पंचायत बैतारी और झगरेनडीह में भी सुशासन तिहार का अवलोकन किया तथा अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दिया कि सुशासन तिहार शासन के प्राथमिकता क्रम में है अतएव ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी अपने काम में कोताही न बरतें बल्कि पूरी संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को नियमानुसार स्वीकार करें। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि 8अप्रैल से 11अप्रैल तक 4दिन लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे जिनका दूसरे चरण में निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण के तहत 5मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार के पहले दिन ही जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम बम्हनी के लोग अपने गांव में कलेक्टर को देख कर आश्चर्यचकित हुए और प्रसन्नता व्यक्त किए।

# बाबूलाल साहू को उत्कृष्ट प्रधान पाठक का मिला सम्मान

**पलारी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 2024 का सम्मान पलारी ब्लाक के प्राथमिक शाला घोटिया के प्रधान पाठक बाबू लाल साहू को दिया गया। बलौदा बाजार आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती,सहा संचालक बी आर पटेल व जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाबूलाल साहू ग्राम हरिनभट्ठा के निवासी हैं जो पूर्व में शा उच्च माध्यमिक विद्यालय जर्वे,शा उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन, प्राथमिक शाला दतान ख में पदस्थ रह कर उत्कृष्ट सेवा दे चुके हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। समय और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित श्री बाबूलाल साहू को उत्कृष्ट प्रधान पाठक के सम्मान से सम्मानित किए जाने पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी एन के वर्मा,सहा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश महेश्वरी, बीआरसीसी जेएल जोशी , वरिष्ठ प्रचार्या यू के नागवंशी, संकुल प्राचार्य कुसमी के पी साहू, संकुल समन्वयक टी.आर.डहरिया,प्रधान पाठक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अरविंद चन्द्रवंशी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक महोबे, खेलन चन्दाकर, रवि चन्द्राकार, सोमनथ साहू, पलारी नगर अध्यक्ष गोपी साहू, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, रोहित साहू, सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, सुनील कुर्रे, हेमंत कुमार वर्मा,मोहन बंजारे कर्मचारी फेडरेशन के ब्लाक संयोजक देवेन्द्र डंडी साहू, डॉ सुरेश साहू, बृजमोहन साहू, हेमंत वर्मा किशुन सेन तुका साहू चेतन साहू,रोशन साहू ,खिलेन्द्र साहू व घोटिया स्कूल से अरुंधती वर्मा,ज्योति सार्वा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण एवं पंचायत के सरपंच पंच,शिक्षक गण व इष्ट मित्रों तथा शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।



**मंत्री टंकराम वर्मा ने किया सम्मानित**

# राम नवमी पर निकली शोभायात्रा शांतिपूर्ण रही, हिंदु रक्षा मंच ने जताया सभी का आभार



**गरियाबंद**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीरामनवमी के अवसर कर सोमवार को हिंदू रक्षा मंच के तत्वाधान में प्रभु श्रीरामचंद्र की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा पूरे उल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। आयोजन को सफल बनाने में नगर के धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, किराना और जनरल व्यापारियों, फुटकर व्यवसायियों, सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों, मातृ संगठनों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडिया और हिंदू रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। हिंदू रक्षा मंच ने सभी के सहयोग और प्रयासों के लिए आभार जताया। हिंदू रक्षा मंच के प्रकाश चंद रोहरा, विनय दासवानी, परस देवांगन, संदीप सरकार, राजू तिवारी, तामेश्वर सोनी, पुष्पक देवांगन, उमेश सिंग, रितेश टांडी, बाबा सोनी, उत्तम सोनी, ऐश्वर्य यदु, हिमांशु गुप्ता, रिक्की गुप्ता, यश मिश्रा, तामेश्वर सोनी, जीवन सोनी, गैद सिन्हा, मुकेश पाण्डेय ने कहा कि जनता अद्भुत सहयोग मिला। मंच ने भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा जताई।

## जिला शिक्षा अधिकारी से मार्च माह के वेतन के लिए मिले मगरलोड स्कूल सफाई कर्मचारी



**मगरलोड,** 8 अप्रैल। विकासखंड मगरलोड सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मरकाम सचिव लोमस खूंटे, लोकेश्वर बंजारे धननु लाल साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले धमतरी से मिलकर मार्च माह के वेतन के लिए गुहार लगाई उन्होंने बताया विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में लगभग 225 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं लेकिन आज तक मार्च माह का वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा है अंश कालिन स्कूल सफाई कर्मचारीयों ने मार्च माह का वेतन जिला शिक्षा अधिकारी से दिलाने की मांग की है जिला शिक्षा अधिकारी में इस विषय पर शीघ्र वेतन भेजने की बात कही। इस मांग अवसर पर जिला अध्यक्ष मालिक राम गायकवाड और निलेश कुमार निषाद धमतरी भी मौजूद रहे।

## सुशासन तिहार पर नगरवासी करें आवेदन : बलजीत

**नगरी**, 8 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सुशासन को मजबूती देने के उद्देश्य से सुशासन तिहर 2025 का आयोजन किया गया है। जिसके तहत नगरी नगर पंचायत के 15 वार्डों में 8 से लेकर 11 तारीख तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, वार्ड में समाधान पेटी के माध्यम से नागरिकों से शिकायत सुझाव और मांगे प्राप्त की जाएगी नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। समाधान पेटी और ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा साथ ही इन आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने का प्रयास किया जाएगा वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के आम जनता की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी लोगों को मिल सके एवं तत्परता से निराकरण करने हेतु शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# श्री शिव महापुराण ज्ञान कथा यज्ञ हेतु निकली कलशयात्रा



**सिमगा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला समिति एवं समस्त शंकर नगर सिमगा के द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जो 8 अप्रैल से प्रारंभ होकर 12 अप्रैल को हवन पूजन एवं शोभायात्रा के साथ संपन्न होगा। श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान में विशेष सहयोगी परस पाटकर ने बताया कि हमारे शंकर नगर के शिव मंदिर में कथा व्यास पंडित प्रकाश नारायण शर्मा ग्राम किरवई जो श्री महापुराण की कथा का वाचन करेंगे। जंहा आज प्रथम दिवस की संध्या में कलश यात्रा के साथ वेदी पूजन एवं कथा महात्म्य का वर्णन किया गया ।इस कार्यक्रम में परम संरक्षक पार्षद अविनाश दास वार्ड पार्षद भारती गोलू पाटकर करण भाटिया रिंकू भाटिया नारायण निषाद पप्पू निषाद राजेश सिंह है। सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ लेवें।

# नहर एवं खारून नदी में निस्तारी के लिए पानी की मांग

**भखारा**, 8 अप्रैल। ग्राम पंचायत सेमरा (बी) एवं ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारियों ने जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर नहर एवं खारून नदी में निस्तारी के लिए पानी की मांग की है ।तालाबों को निस्तारी के लिए पानी भरना अति आवश्यक है एवं खारून नदी सुख जाने से पानी का लेवल कम हो गया है। इस मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन धमतरी में ग्राम पंचायत सेमरा(बी) की सरपंच दुर्गा सिन्हा,उपसरपंच दीपक चक्रधारी,विभिन्न वार्ड के पंचगण,ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजेश सिन्हा,ईश्वर साहू,सचिव मोती विश्वकर्मा,पवन ध्रुव,लखन सिन्हा सहित सदस्यगण उपस्थित थे।



# भाजपा पलारी, रोहांसी एवं संडी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न

**पलारी,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। आज भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन नगर स्थित कुर्मी सामाजिक भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां भारती के पूजा अर्चना के पश्चात मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता बहुमूल्य कार्यकर्ता है और हम सभी को 6 से 14 अप्रैल तक चलने वाली सेवा पखवाड़ा दिवस पर 11 एवं 12 तारीख को गांव गांव घर घर तक पहुंचना है। और लोगो को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा महेश्वर वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक योगेश चंद्राकर जिला अध्यक्ष आनन्द यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं को बताया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, प्रदेश अजा मोर्चा नरोत्तम बघेल, शंभू डहरिया, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, जिला प्रतिनिधि नंदकुमार वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, मण्डल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू, विजय कोसले, कुर्मी समाज राजप्रधान रामखिलावन वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### जनता को अपनी समस्याओं के लिए...

लिए सरकार खुद जनता तक पहुंचे और उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, उसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। लोगों से आवेदन लेकर एक निश्चित समय में उनके समस्याओं का निराकरण भी अधिकारी और कर्मचारी करेंगे। नगर पंचायत परिवार नगर के विकास के लिए संकल्पित है, नगर को व्यवस्थित और सुंदर बनाना हम सब की पहली प्राथमिकता होगी। उक्त अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी व आम जनता उपस्थित हुए।

### सुशासन तिहार के निर्देशों...

तक चलेगा। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त करने के अवधि के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियो कों दौरा करने तथा वहां पेयजल, सडक, बिजली, शिक्षा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, मानदेय, मनरेगा श्रमिको का परिश्रमिक भुगतान की समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बंशीलाल को अपने...

कार्यवाही करने कहा।

इसी प्रकार जनदर्शन में आज मुख्य रूप से तालाब किनारे अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, मिलियन माईल्स कंपनी से पैसा वापस दिलाने, नौकरी प्रदान करने, श्रवण यंत्र प्रदान करने, निर्माण कार्य में रोक लगाने, विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, सहित पेंशन, प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास, सड़क मरम्मत, पेयजल संबंधी कुल 78 आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए।

# सुशासन तिहार में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : अग्रवाल



**गरियाबंद,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक फील्ड विजिट करने और सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 8 अप्रैल से सुशासन तिहार की शुरुआत हो गया है। इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आवेदनों का एक माह के भीतर गुणवत्तापूर्वक निराकरण किया जाए। इसकी निगरानी मुख्यमंत्री सचिवालय हो रही है। हितग्राहियों से फोन पर संपर्क कर आवेदन की स्थिति की जानकारी भी ली जाएगी ।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सुशासन तिहार के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां काम शुरू नहीं हुआ है, वहां तुरंत कार्य प्रारंभ कराएं। अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करें। जो ठेकेदार लंबे समय से काम नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। सभी अधिकारी फील्ड में जाकर समस्याओं की पहचान करें और समाधान का प्रयास करें। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई के निर्देश दिए। रेत के अवैध उत्खनन पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा। यदि किसी क्षेत्र में चूक होती है तो संबंधित एसडीएम जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए सभी सीएमओ और सीईओ को पूर्व से आवेदन लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने को कहा। यदि कोई कर्मचारी बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं दर्ज करता है तो संबंधित जिला अधिकारी पर कार्रवाई होगी। बैठक में योजनाओं के सेचुरेशन, धान उठाव, ई-केवाईसी, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम जनमन योजना, सीएम डैशबोर्ड, फार्मर रजिस्ट्री, अनुकंपा नियुक्ति, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई। सीपीग्राम के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, नवीन भगत, प्रकाश राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

**बागबाहरा**, 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में कल 9 अप्रैल दोप. 2 बजे टाउन हॉल,सुनसुनिया रोड बागबाहरा में खल्लारी विधानसभा के पांचो मंडल के समस्त सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में येतराम साहू (जिलाध्यक्ष), चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद), प्रीतम दीवान (पूर्व विधायक), परेश बागबाहरा (पूर्व विधायक), श्रीमती अलका चंद्राकर (प्रदेश उपाध्यक्ष,महिला मोर्चा), श्रीमती मोनिका साहू (जिला उपाध्यक्ष), थानसिंह दीवान (जिला कोषाध्यक्ष), प्रेमशंकर पटेल (विधानसभा संयोजक), भीखम सिंह ठाकुर (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), शंकर तांडी (जिला मंत्री), रवि फिरोदिया (जिला पंचायत सदस्य) एवं अन्य समस्त वरिष्ठ नेतागण मार्गदर्शन देने हेतु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम में खल्लारी विधानसभा के पांचो मंडल के सक्रिय सदस्यों के साथ-साथ सम्माननीय समस्त प्रदेश/जिला/मंडल/शक्ति केंद्र/बूथ के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थित प्रार्थनीय है।

## हनुमान जी के प्रकाट्य दिवस पर चर्रा में हवन यज्ञ एवं प्रसादी भंडारा का आयोजन

**कुरूद,** 8 अप्रैल। ग्राम चर्रा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जयन्ती के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी पंचमुख हनुमान मंदिर बजरंग चौक चर्रा में सुबह पूजा आरती हवन यज्ञ 12 बजे सामुहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ, प्रसादी भण्डारा और भव्य शोभा यात्रा, रामदरबार झांकी के साथ निकाली जायेगी जो ग्राम भ्रमण के बाद वापस श्री दक्षिण मुखी पंचमुख हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी । समिति के सदस्य गीतांश यादव ने बताया कि श्री हनुमान लला के सिद्धी हमें उनके जीवन के गुणगान माता-पिता की सेवा श्रीराम भक्ति जैसी सेवा, बल बुद्धि का जनकल्याण में सदउपयोग करने जैसे महान उद्देश्यों को पूरी करने पर मिलती है। यह सिद्धी स्वयं विश्व के महान ग्रंथ रामचरित मानस के रचयिता संत शिरोमणि तुलसी दास जी ने हनुमान चालीसा के माध्यम से कही है । कलियुग में श्रीराम सेवक हनुमान जी ऐसी जीवित और सक्षम देवदूत है जो ऊर्जा , उत्साह, साहस, समर्पण रामभक्ति के हमेशा प्रेरणा श्रोत रहेंगे।

## शहीद मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित किए गए

**कुरूद,** 8 अप्रैल। नगर पंचायत कुरूद में अमर शहीद मंगल पांडे के जयंती अवसर पर उसके आदमगद प्रतिमा मे माल्यार्पण कर नगरवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, महेश सिन्हा, रामेश्वर ध्रुव, भाजपा के कार्यकर्तागण किशोर यादव, कमल शर्मा, चुनमुन चन्द्राकर, सुरेखा चन्द्राकर, खिलेन्द्र देवांगन, धनेश बैस, नरेन्द्र सोनी, भूपेन्द्र छोटू, खेमराज सिन्हा, पंकज केला सहित गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित होकर अमर शहीद मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित किए।



## निधन

### श्रीमती पुष्पादेवी डागा



**रायपुर,** 8 अप्रैल। कुसुम विला, एयरटेल ऑफिस के सामने, रिंग रोड नं. 1 निवासी श्रीमती पुष्पादेवी डागा धर्मपत्नी मोहनलाल डागा का निधन 7 अप्रैल को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे बलदेव डागा की माता एवं अनिरूद्ध, अनुराग व अभिनव की दादी थी।

### जयकर गोण्डाने



**महासमुंद,** 8 अप्रैल। स्थानीय क्लब पारा निवासी जयकर गोण्डाने सेवानिवृत्त नगर पालिका लिपिक का निधन 77 वर्ष की आयु में सोमवार 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे सतीश गोण्डाने, कृष्णा गोण्डाने के पिता व सानिध्य, धैर्य के दादा थे। अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को मुक्तिधाम में किया गया।

# स्ट्रीट फूड काउंटर और पान ठेले खूब फैला रहे अपशिष्ट

**भाटापारा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। स्ट्रीट फूड काउंटर और पान ठेले खूब फैला रहे हैं अपशिष्ट। पीछे नहीं हैं सब्जी, फल और किराना की दुकानें इस काम में। फौरी जांच में हुए इस खुलासे के बाद सख्ती की तैयारी पालिका प्रशासन ने चालू कर दी है।

कहां है डस्टबिन? यह सवाल संस्थानों में बहुत जल्द दस्तक देने वाला है क्योंकि अपशिष्ट प्रबंधन की यह सामग्री लगभग सभी संस्थानों से गायब हो चुकी है। इसलिए अंतिम ठिकाना वह नालियां बनीं हुई हैं, जहां की सफाई इन दिनों जोर- शोर से पालिका प्रशासन कर रहा है।

**भरपूर वेस्ट इनका:** जूस कॉर्नर। सबसे आगे है वेस्ट मैनेजमेंट में लापरवाही के मामले में। कुछ एक को छोड़ दें, तो बाकी सभी के पास अपशिष्ट प्रबंधन का यह सुरक्षित उपाय नहीं है। ऐसे में करीब की खाली जगह या फिर नालियां आसान ठिकाना बनी हुई हैं।



प्रबंधन को लेकर भरपूर लापरवाही

साथ-साथ लगने वाले स्ट्रीट फूड काउंटरों की भी सहभागिता नजर आ रही है। इसलिए सख्ती की शुरुआत यहीं से किए जाने की योजना बनाई जा रही है।

**हम किसी से कम नहीं:** सब्जी और फल। किराना, कपड़ा और फर्नीचर मार्ट। इन सभी संस्थानों से निकलने वाला अपशिष्ट भी सड़कों पर नजर आता है। डस्टबिन जैसे आसान और सहज उपाय को लेकर जैसी बेरुखी इन्होने बनाई हुई है, उसने भी शहर और नगर सरकार की परेशानी बढ़ाई हुई है। रोज निकलने वाले अपशिष्ट की मात्रा में इनकी हिस्सेदारी को बढ़ता हुआ देख रहा है शहर। शादी-ब्याह और होते आयोजन की वजह से यह मात्रा रोज बढ़त ले रही है।

**प्रतिबंध फिर भी प्लास्टिक खूब:** सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और विक्रय पर कड़े प्रतिबंध बावजूद की संस्थानें भंडारण और विक्रय खुले तौर पर कर रहीं हैं। कार्रवाई के लिए है अधिकृत है निकाय प्रशासन लेकिन जाने क्यों मौन साधी हुई है नगर सरकार। यही वजह है कि शत-प्रतिशत संस्थानें इसका उपयोग कर रही हैं। जिम्मेदार, शहर भी कम नहीं है क्योंकि कपड़ा और जूट बैग होते हुए भी प्लास्टिक की थैलियों को ही प्राथमिकता में रखे हुए हैं।

# भाटापारा में स्टेडियम का होगा जीर्णोद्धार

## पूर्व विधायक और नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में निरीक्षण

**भाटापारा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के माता देवालय सर्कस ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए सोमवार 7 अप्रैल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री शिवरतन शर्मा के साथ नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने स्टेडियम स्थल में अवलोकन व निरीक्षण किया, साथ ही उक्त अधूरे निर्माण को पूर्ण करने व जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



भाटापारा क्षेत्र के खेलप्रेमी युवाओं को एक बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने की सोच के साथ नगर पालिका परिषद भाटापारा में नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार 7 अप्रैल को पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने माता देवालय वार्ड में अधूरे स्टेडियम निर्माण को पूरा करने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता श्री अवधिया एवं उपअभियंता श्री कमलेश साहू को स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए, ताकि करायी जा सके।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री दिलीप छाबड़िया जी, सभापति श्री गोविंद पटेल जी, सतीश तलरेजा जी श्री प्रकाश ठाकुर जी, श्री शुभम सिंह राजपूत जी, श्री राकु मंधान जी, सुरेश किंगरानी जी, कैलाश बलानी श्री बलदेव मंधान जी, श्री मूर्लीधर राव जी, श्री श्रीधर राव जी एवं समस्त खेलप्रेमी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे फड़मुंशियों का कमीशन वृद्धि का अपना वादा पूरा करे सरकार : रमेश यदु

**बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशन्धु)। छत्तीसगढ़ लघु वनोपज सहकारी समिति फड़ मुंशी संघ के प्रदेश संयोजक का पद संभालते ही रमेश यदु ने आज छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वन मंत्री केदार कश्यप को एक पत्र भेज कर निवेदन किया है कि छत्तीसगढ़ में लगभग 11 000 फड़ मुंशी काम करते हैं तथा उनकी माली हालात छत्तीसगढ़ में सबसे खराब है, । जबकि उनके द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण के आलावा साल बीज, बहेरा, हर्रा संग्रहण में भी कार्य किया जाता है। साथ ही चरण पादुका वितरण, सर्वेक्षण कार्य, बीमा प्रकरण सहित वन विभाग की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन मे पूरे वर्ष भर कार्य करते हुए महती भूमिका निभाते हैं। लेकिन उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पाता।



इस संबंध में श्री यादव ने बताया कि एक साधारण मजदूर का मजदूरी 300से 500 रूपए दिया जाता है, तथा फड़ मुंशियों का कमीशन वर्ष भर में मात्र 7200 दी जाती है। जिससे उनके परिवार की माली हालत काफी खराब हो गया है। इस संबंध में पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए में कमीशन में वृद्धि कर 7200 के स्थान पर 25000 करने का मांग किया गया है। वहीं जन घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए फड़मुशियों को अन्य लाभ प्रदान करने के साथ चुनाव के समय किऐ वादे पूरा करने का मांग किया है।

# युवक की मौत कार्यवाही को लेकर कांग्रेसियों ने किया थाने में प्रदर्शन



**नवापारा-राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार की रात शहर के कुछ युवक हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर क्रेन पर चढ़कर झंडा लगा रहे थे इस दौरान स्काई लिफट मशीन वाहन गिर गया जिसमें तीन युवक घायल हो गए। इन युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मंगलवार की सुबह मृतक के परिजनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने थाने पहुंचकर एफ. आई.आर.कराने को लेकर प्रदर्शन किया।



कांग्रेसियों ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। मृतक की पहचान नितुल देवांगन के रूप में हुई है। घटना के बाद शहर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जीत सिंग, सौरभ शर्मा, रामा यादव, निर्माण यादव, पार्षद दीपाली राजपूत, अजय साहू, शाहीद रजा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ऐसैय्या ने बताया कि मामले में आरोपी वाहन चालक एवं अन्य के खिलाफ 106(1) के एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोहरसी शक्ति केंद्र में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**नवापारा राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा मंडल कोपरा के अंतर्गत लोहरसी शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के 46 में स्थापना दिवस लोहरसी मंडी प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर नव गठित भाजपा मंडल के अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने कहा कि 1980से भाजपा के स्थापना के बाद लगातार संघर्ष करते हुए लोगों का विश्वास अर्जित कर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनने का गौरव प्राप्त किया है। और आज पूरे भारत वर्ष अधिकांश राज्यों पर सरकार हैं जो निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने आहवान की कि हम सब को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी बताए सिद्धांतों को अनुशरण कर जनकल्याण के कार्य में सहभागिता निभाए। कार्यक्रम को पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू एवं पूर्व सरपंच मोहनलाल साहू ने भी संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी बताए आदर्शो को अनुशरण कर समाज के सबसे नीचे स्तर तक के लोगों तक पहुंचाने में अपना योगदान दे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू लोहरसी, मंडी अध्यक्ष धनीराम साहू, पूर्व सरपंच मोहन साहू, चंद्रशेखर साहू, सोहन साहू, आनन्द राम साहू, पोषण साहू, भूषण साहू, लोकेश साहू, लोमश राम यादव, नूतन साहू, बिदेश साहू, मनहरण लाल यादव, लखन लाल साहू, धनजंय साहू, घनश्याम साहू, पुखराज साहू, नेमीशरण साहू, भागीरथी निषाद एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# विष्णु के सुशासन से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवीन सहकारी समिति का गठन : अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,8** अप्रैल (देशबन्धु)। विष्णु के सुशासन एवं नरेन्द्र मोदी के गारंटी के तहत खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवीन सहकारी समिति का गठन होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नवीन सेवा सहकारी समिति गठन होने की सूचना राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित की गई है। जिससे क्षेत्र के हजारों किसान भाईयों में खुशी की लहर है। आज विष्णुदेव साय की सरकार ने गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर एवं व्यापारी सभी वर्गों की चिंता कर रही है। ऐसे में 13 नवीन सहकारी समिति गठित होने से खल्लारी विधानसभा के हजारों किसान भाईयों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होने जा रहे हैं। उक्त बातें अलका चंद्राकर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने कहीं है। अलका चंद्राकर पिछले 15 वर्षों से गांव-गांव ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर किसानों के सुख-दुख में हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। ऐसे में किसानों द्वारा नवीन समिति की मांग किया जा रहा था। 13 नवीन सहकारी समिति के अंतर्गत 61 गांव के किसान भाईयों को इसका लाभ मिलेगा। नवीन सहकारी समिति में बी के बाहरा, ओंकारबंद, दारगांव, डोंगरगांव, झिटकी, साल्हेभांठा, बोईरगांव, घोटियापानी, कलमीदादर, कौंसरा , कोल्दा, नवागांवकला एवं धनोरा शामिल है। अलका ने नवीन सहकारी समिति गठन होने पर यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी एवं महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 125000 रुपए स्वीकृत करने की मांग

**नवापारा राजिम,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, वित्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रु.) स्वीकृत करने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के वन ठाकुर,, सुखनंदन साहू, आयुष पिल्ले, जीतेन्द्र मिश्रा, अंजुम शेख, टिकेश्वरी साहू, कन्हैया कंसारी, अतुल शर्मा, सीएल साहू, हरीश दीवान, गोपाल वर्मा, बुद्धेश्वर बघेल, रविंद्र सॉन्गसुरतान, मनोज मुछावड, रूद्रनारायण तिवारी, शिव साहू, विभा सिंह परिहार, विनोद साहनी, इन्द्रजीत वर्मा, अनिल वर्मा, मदन वर्मा, राजेंद्र शर्मा, छम्मन पाल, कृपा माहेश्वरी, विजय गिलहरे, भुवन अवसरिया, अशोक साहू, प्रफुल्ल मांझी, दिनेश आडिल ,विनोद ताम्रकार, समर अब्बासी, अंजलि परिहार, जागृति साहू, अंजूलता गिलहरे, सरस्वती राघव, मौसमी शर्मा, कल्याणी वर्मा, अलंकार परिहार ,युवराज सिन्हा, मेघराज साहू, राधेश्याम बंजारे, चेतन साहू ,भोला वर्मा, संतोष सोनवानी, मोतीमाला साहू, सहित पदाधिकारियों ने कहा कि वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र वित्त निर्देश 8/2015 छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 72/एल 2014-71-00331/ वि/नि/चार नया रायपुर, दिनांक 24 मार्च, 2015 में शासकीय सेवा में रहते हुए किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर, अधिकतम 50,000/- (पचास हजार) की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है।



टीचर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को भेजा मांगपत्र

मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांकरू एफ4-1/2025 / नियम / चार भोपाल, दिनांक 03 अप्रैल, 2025 के द्वारा शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को, मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार) अनुग्रह राशि स्वीकृत किया गया है, अतः छत्तीसगढ़ मे भी शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार) अनुग्रह राशि स्वीकृत किया जावे।

# जपं बागबाहरा की स्थायी समितियों का संपूर्ण निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न



**बागबाहरा,8** अप्रैल (देशबन्धु)। महासमुंद जिले की जनपद पंचायत बागबाहरा में आज स्थायी समितियों के सभापतियों का संपूर्ण निर्वाचन निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर के नेतृत्व में उनके पैनल के सदस्यों को जनपद पंचायत बागबाहरा की अहम भूमिकाऐं स्थायी समिति के सभापति एवं सदस्यों के रूप में सौंपी गई ।

बागबाहरा जनपद पंचायत के सभागार में संपन्न हुए इस निर्वाचन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बागबाहरा के अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू रहे, जिनके दिशा निर्देश में निर्वाचन का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

इस निर्विरोध निर्वाचन में कुल 10 स्थायी समितियों के सभापतियों सहित चार जनपद सदस्यों को भी स्थायी समितियों के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में कहीं भी विरोध या आपत्ति दर्ज नहीं की गई, जिससे जनपद में राजनीतिक सौहार्द और एकता का संदेश गया।

निर्विरोध निर्वाचित स्थायी समिति सभापतियों की सूची- कृषि स्थायी समिति श्रीमती गरिमा केशव चंद्राकर, शिक्षा स्थायी समिति श्री तरुण व्यवहार (जनपद उपाध्यक्ष), संचार एवं संक्रांति स्थायी समिति श्रीमती दिव्या उपेंद्र दीवान, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति श्रीमती थनेश्वरी प्रहलाद साहू, स्वास्थ्य स्थायी समिति श्रीमती लता कुमारी जनक रामकुमार, वन स्थायी समिति श्री तुलाराम ठाकुर, स्वच्छता स्थायी समिति श्रीमती भगवती ठाकुर, उद्यानिकी स्थायी समिति श्रीमती गीता दीवान, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति श्रीमती मधुलिका गणेश चंद्राकर, लोक निर्माण स्थायी समिति श्रीमती भूमिका सिन्हा।

स्थायी समिति के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य- श्री बलराम ध्रुव, जनपद सदस्य, श्री भूपेंद्र दीवान, जनपद सदस्य, श्रीमती मानबाई मंगलू, जनपद सदस्य, श्रीमती चंद्रकला साहू, जनपद सदस्य

निर्वाचन के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री केशव नायक राम चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एम. एल. मरावी, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्री महेंद्र चंद्राकर, सहित जनपद सदस्यगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने निर्विरोध निर्वाचन को लोकतंत्र की सशक्त परंपरा और सामूहिक समझदारी का प्रतीक बताया।

संपूर्ण निर्वाचन का निर्विरोध सम्पन्न होना जनपद बागबाहरा के लिए गर्व की बात मानी जा रही है, जिसने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सरल, सौहार्दपूर्ण और आदर्श स्वरूप में संपन्न किया।

# छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के अमरनाथ सिंह निष्कासित, रवि धनगर होंगे नए सचिव




**भाटापारा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में 8.4.2025 को रायपुर के होटल ब्लूबेरी में विशेष वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे खिलाड़ियों के प्रोत्साहन व आगामी प्रतियोगिता में चयन सुविधाओ के ऊपर चर्चा हुई , बैठक की अध्यक्षता जी. एस .बाबरा छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के वरिष्ठ सदस्य अतुल शुक्ला, खेल अधिकारी शिवराज साहू, खेल विभाग से वरिष्ठ कोच टी एन रेड्डी व संघ के अध्यक्ष महेंद्र आहूजा कोषाध्यक्ष जगपाल सिंह व छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के सचिव व अध्यक्ष उपस्थित थे जिनमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई ।

जिनमे सचिव अमरनाथ सिंह का ए.एफ.आई में जिलो के अध्यक्ष / सचिव की गलत जानकारी , आर्थिक अनियमत्ता, एवम संस्था विरोधी कार्यो में लिप्त होने के कारण सभी जिला संघ के सर्वसम्मति से निष्कासन किया गया, साथ ही सदस्य के सुशील मिश्रा , देवेंद्र राठौर , पी जी जय कृष्णन को कार्यकारिणी से हटाया गया और इनके स्थान पर सचिव पद पर रविशंकर धनगर को नियुक्त किया गया व प्रबन्धन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें महेंद्र आहूजा अध्यक्ष ,रवि शंकर धनगर सचिव सहसचिव विनोद नायर, आदित्य सिंह , ऋतिका यादव , अरुण पाल , सुनील नायर , अनिरुद्ध जी उपाध्यक्ष सुरेश क्रिस्टोफर ,सौरभ लुनिया ,रणविजय प्रताप सिंह , परमेश्वर राम भगत , पपिंदर सिंह , कोषाध्यक्ष जगपाल सिंह धालीवाल होंगे। बैठक में संघ के चेयरमैन जी एस बाबरा ने अपने उदबोधन में समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए एथलेटिक्स के क्षेत्र में कड़ी मेहनत पर जोर देने की बात कही, वही अध्यक्ष महेंद्र आहूजा ने एथलेटिक्स खिलाड़ियों को हरसम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

# तालाब परिसर में बनेगा महतारी घाट जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 8 अप्रैल (देशन्धु)। नगर पंचायत कसडोल के वार्ड नं 7 शहीद भगत सिंह वार्ड हड़हापारा में 8 लाख की लागत से महतारी घाट की मिली स्वीकृति के बाद सोमवार को विधिविधान से भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान वार्ड पार्षद भानु प्रताप साहू ने ठेकेदार को उक्त अवधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने हेतु कहा गया। साथ ही वार्डवासियों से श्री साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार में सब कार्य जल्द पूरे होंगे। आगामी समय तालाब का भी जीर्णोद्धार करवाकर पचरी निर्माण कराया जायेगा। आपको बता दे कि महतारी घाट से बनने से महिलाओं को स्नान के दौरान कपडे रखने में सहूलियत होगा साथ ही बारिश के दौरान पानी की समस्या से भी सुविधा मिलेगा। भूमिपूजन के दौरान अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, पार्षद भानु प्रताप साहू, पूर्व पार्षद विनोद बंजारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, पूर्व पार्षद कमल कैवर्त्य, अनिता कैवर्त्य, कविता साहू, नीलिमा यादव, दीपक साहू, सहित नपा के इंजीनियर, ठेकेदार सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहें।

